mukhyadhara.daily@gmail.com +91 9142412511

हिन्दी दैनिक

RNI : JHAHIN/2014/54374

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

बोकारो, शुक्रवार
19.4.2024
पृष्ठ: 12, मूल्य 2/-
वर्ष : 11, अंक : 77

www.rashtriyamukhyadhara.com

अख़बार भी, आन्दोलन भी



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# चुनाव प्रक्रिया में पवित्रता होनी चाहिए इसका ध्यान रखे आयोग : सुप्रीम कोर्ट

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

## वीवीपीएट मामला: सभी तरह की शिकायतों का संज्ञान लें




वीवीपीएट मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से दो टूक कहा कि चुनाव प्रक्रिया में पवित्रता होनी चाहिए और किसी को नहीं लगना चाहिए कि जो किया जाना चाहिए था, वह नहीं किया गया। इतना ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अपनाए गए कदमों के बारे में विस्तार से बताने को कह दिया। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा, कोर्ट का मानना है कि यह एक चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि इसके लिए जो जरूरी कदम उठाए जाने थे, वे नहीं उठाए गए। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग के वकील मनिंदर सिंह से पूछा कि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ न हो सके, ये सुनिश्चित करने के लिए आपकी ओर से क्या प्रकिया अपनाई जा रही है? याचिकाकर्ताओं की ओर से पार्लियामेंटरी स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट का हवाला दिया गया है, उस पर आप अपना रुख साफ करे। इसके बाद चुनाव आयोग के अधिकारी ने सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम से संबंधित जानकारी देकर कहा, ईवीएम प्रणाली में तीन यूनिट होते हैं, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और तीसरा वीवीपीएटी यूनिट होता हैं। बैलेट यूनिट सिंबल को दबाने के लिए है, कंट्रोल यूनिट डेटा संग्रहीत करता है और वीवीपीएटी यूनिट सत्यापन के लिए होता है।

**मॉक वोटिंग में भाजपा को मिले अतिरिक्त वोट** : सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान वकील प्रशांत भूषण ने केरल के कासरगोड में मॉक वोटिंग के दौरान ईवीएम में गड़बड़ी का ज़िक किया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि मॉक वोटिंग के दौरान 4 ईवीएम और वीवीपीएटी एक अतिरिक्त वोट भाजपा के पक्ष में रिकॉर्ड कर रहे थे। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की ओर से पेश वकील सिंह से कहा कि इन आरोपों की जांच करे। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि प्रोग्राम मेमोरी में कोई छेडछाड हो सकती है? चुनाव आयोग ने कहा कि इसे बदला नहीं जा सकता। यह एक फर्मवेयर है।

## मतदान के दिन फ्लिपकार्ट और बिग बास्केट की नहीं होने देंगे डिलिवरी

**चैन्नई।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट तथा टाटा समूह की इकाई बिगबास्केट के खिलाफ राजनैतिक दलों में भारी गुस्सा है। यहां तक की इन दोनों कंपनियों के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत की गई है। शिकायत में कहा गया है कि 19 अप्रैल को मतदान के दिन दोनों कंपनियों की डिलिवरी हर हाल में रोकना चाहिए। तमिलनाडु राज्य चुनाव आयुक्त बी कोठी निर्मलसामी के समक्ष दायर शिकायत में चेन्नई उच्च न्यायालय के वकील के नरसिम्हन ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा चुनाव के दिन 19 अप्रैल को छुट्टी होने की घोषणा के बावजूद, फ्लिपकार्ट और बिगबास्केट ऑर्डर की गारंटीकृत डिलिवरी का वादा कर रही हैं। वहीं दूसरी तरफ फ्लिपकार्ट के प्रवक्ता ने कहा, ''फ्लिपकार्ट समूह में, हम मतदान दिवस के संबंध में अधिकारियों द्वारा दिए गए सभी निर्देशों और दिशानिर्देशों का पालन कर रहे हैं, और सभी पात्र कर्मचारियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए सवैतनिक अवकाश दे रहे हैं। इसके अलावा, हमने जागरूकता बढ़ाने के लिए कदम उठाए हैं और कर्मचारियों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। वकील नरसिम्हन ने कहा कि सरकारी आदेश के अनुसार चुनावी प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए 19 अप्रैल को 'नेगोशिएबल इंस्ट्रयूमेन्ट एक्ट 1881' की धारा 25 के तहत आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है, उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के श्रम कल्याण और कौशल विकास विभाग ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए दुकानों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और आईटी कंपनियों में काम करने वाले सभी कर्मचारियों के लिए 19 अप्रैल को सवैतनिक अवकाश अनिवार्य कर दिया है।

# आज ईवीएम में बंद हो जाएगा भाग्य का फैसला

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

- सियासी समीकरण ऐसे कि- 8 केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व राज्यपाल की प्रतिष्ठा लगी है दांव पर

कल 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में 102 सीटों पर मतदान होना है। इनमें 11 सीटें ऐसीं हैं जिन पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। पहले चरण के मतदान में 8 केंद्रीय मंत्री, 2 पूर्व मुख्यमंत्री एवं एक पूर्व राज्यपाल की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इन सीटों पर कांटे का मुकाबला होने और बदलते सियासी समीकरणों के कारण प्रत्याशियों की चिंता बढ़ी है। शुक्रवार 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण में 1625 प्रत्याशी चुनावी समर में उतरे हैं। महाराष्ट्र की नागपुर सीट से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी चुनाव लड़ रहे हैं। 19 अप्रैल की शाम गडकरी की किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद हो जाएगा। 2014 में गडकरी ने पहली बार सात बार के सांसद रहे विलास मुत्तेमवार को 2.84 लाख वोटों से हराया था। 2019 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी नाना पटोले को 2.16 लाख वोटों से हराया था।



अरुणाचल पश्चिम सीट से केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू चुनाव मैदान में हैं। रिजिजू 2004 से तीन बार इस सीट से सांसद रह चुके हैं। उनका मुकाबला पूर्व मुख्यमंत्री और अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष नबाम तुकी से हैं। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल असम की डिब्रूगढ़ लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली की जगह भाजपा ने राज्यसभा सदस्य सोनोवाल को डिब्रूगढ़ से मैदान में उतारा है।उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल सीट मुजफ्फनगर में इस बार मुकाबला त्रिकोणीय है। यहां से केंद्रीय मंत्री संजीव बलियान चुनाव लड़ रहे हैं।

### मैदान में पूर्व राज्यपाल

पुडुचेरी की उपराज्यपाल और तेलंगाना के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने वाली तमिलिसाई सौंदर्यराजन चेन्नई दक्षिण लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही हैं।पश्चिम त्रिपुरा सीट पर 19 अप्रैल को पहले चरण में चुनाव है। यहां पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आशीष कुमार साहा के बीच हाई-वोल्टेज टक्कर देखने को मिलेगी।असम की जोरहाट सीट से लोकसभा में पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के बेटे गौरव गोगोई चुनाव लड़ रहे हैं। 2019 में यहां से भाजाप के तपन कुमार गोगोई ने जीत हासिल की थी। मणिपुर के कानून और शिक्षा मंत्री बसंत कुमार सिंह इनर मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार हैं और उनका मुकाबला जेएनयू के प्रोफेसर और कांग्रेस उम्मीदवार बिमल अकोइजाम से है।

## ख़ास ख़बर

### राहुल गांधी चम्मच से दूध पीने वाले बच्चे हैं: आजाद



**श्रीनगर।** डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने दावा किया है कि राहुल गांधी भाजपा शासित राज्य से लोकसभा चुनाव लड़ने से डर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस के उस दावे का भी खंडन किया जिसमें कहा जा रहा है कि राहुल बहादुरी से भाजपा का मुकाबला कर रहे हैं। आजाद ने कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष को चम्मच से दूध पीने वाले बच्चा बताया है। गुलाम नबी आजाद ने कहा कि राहुल गांधी भाजपा शासित राज्यों में चुनाव लड़ने से क्यों हिचकिचा रहे हैं? वह भाजपा से लड़ने का दावा करते हैं। राहुल भाजपा शासित राज्यों से क्यों भागे और अल्पसंख्यक बहुल राज्यों में क्यों शरण ली? आजाद उधमपुर लोकसभा सीट के संगलदान और उखराल इलाकों में रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने केरल जैसे राज्यों में सुरक्षित सीटों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाते हुए जमीन पर भाजपा से लड़ने की कांग्रेस और राहुल गांधी की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाया। नेहरू-गांधी परिवार के करीबी रहे गुलाम नबी आजाद ने कहा कि राहुल गांधी और उमर अब्दुल्ला राजनेता नहीं बल्कि चम्मच से दूध पीने वाले बच्चे हैं। आजाद ने कहा कि राहुल गांधी ने जीवन में कोई व्यक्तिगत बलिदान नहीं दिया है और वे केवल इंदिरा गांधी और शेख अब्दुल्ला जैसी हस्तियों से विरासत में मिली राजनीतिक विरासत का आनंद ले रहे हैं। दोनों ने अपनी ओर से कुछ नहीं किया है। अब्दुल्ला चिनाब घाटी में डीपीएपी के खिलाफ प्रचार कर रहे हैं, बीजेपी के खिलाफ नहीं। उन्हें धर्मनिरपेक्ष वोटों को विभाजित करने का काम सौंपा गया है। उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुछ नहीं किया।

### कैमरून को दिखा मणिपुर में धार्मिक संघर्ष



**लंदन।** मणिपुर हिंसा का मामला ब्रिटेन की संसद में उठाया गया है। मणिपुर हिंसा मामले पर चर्चा कर रहे ब्रिटेन के विदेश मंत्री और पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरून ने कहा है कि मणिपुर के संघर्ष में साफ तौर पर धार्मिक पक्ष है। संघर्ष में चर्च को क्यों नष्ट किया गया? इससे साफ है कि मणिपुर हिंसा में धार्मिक आयाम है। मणिपुर में जातीय हिंसा मामले पर हाउस ऑफ लॉर्ड्स को संबोधित कर रहे विदेश मंत्री एवं पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरून ने कहा कि मणिपुर में संघर्ष में साफ तौर पर धार्मिक पक्ष है। यह बात कैमरून ने विनचेस्टर के लॉर्ड बिशप के सवाल का जवाब देते हुए कही। उन्होंने ब्रिटिश संसद में कहा कि यह सही है कि हमें इस हिंसा के कुछ धार्मिक पहलुओं को कम करके आंकना नहीं चाहिए। हां, यह कभी-कभी सांप्रदायिक, आदिवासी या जातीय हो सकता है लेकिन कई मायनों में इसका धार्मिक हिस्सा तय होता है। कैमरून ने एक अन्य धार्मिक स्वतंत्रता वाले सवाल के जवाब में कहा कि यह ऐसा मामला है जिसे अनेक मौकों पर भारत सरकार के सामने हमने उठाया है। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने मणिपुर हिंसा पर डेविड कैंपानेल की रिपोर्ट का अध्ययन किया है। यह रिपोर्ट बताती है कि इस बात पर ध्यान दिया जाना चाहिए कि यदि (मणिपुर) घाटी के लोगों और पहाड़ियों के आदिवासियों के बीच जातीय या आर्थिक विवादों का हवाला देकर संघर्ष की व्याख्या की जाती है।

## लोकसभा चुनाव : बिहार में पहले चरण के चार लोकसभा क्षेत्रों में पांच हजार बूथ संवेदनशील

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पटना

बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान शुक्रवार को जिन चार सीटों पर होगा, सूबे में सर्वाधिक संवेदनशील बूथ इन्हीं लोकसभा क्षेत्रों में चिह्नित किये गये हैं । इनमें औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत 15 विधानसभा क्षेत्रों के सभी बूथ संवेदनशील घोषित किये गये हैं । इन मतदान केंद्रों की संख्या करीब पांच हजार है । ऐसे में चुनाव आयोग की तरफ से कुछ जरूरी निर्देश भी जारी किए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने संवेदनशील बूथों पर मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक और सामान्य बूथों पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक निर्धारित किया है। तीन विधानसभा क्षेत्रों के कुल 995 बूथों को संवेदनशील माना गया है, जहां पर मतदान शाम चार बजे तक ही होगा। इसमें शेरघाटी विस क्षेत्र के 305 बूथ, बाराचट्टी के 332 बूथ व बोधगया के 358 बूथ संवेदनशील हैं। गया लोस के शेष सभी विस क्षेत्रों गया टाउन, बेलागंज व वजीरगंज में मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। जमुई लोस क्षेत्र की पांच विधानसभा क्षेत्रों के 1659 बूथ संवेदनशील हैं। इसमें सिकंदरा विस क्षेत्र के 313 बूथ, जमुई के 319 झाझा के 352, चकाई के 335 और तारापुर के 340 बूथ संवेदनशील हैं। इस लोकसभा क्षेत्र के सिर्फ एक विधानसभा शेखपुरा के बूथ सामान्य हैं। 1941 बूथों में नक्सल प्रभावित 223 बूथ और क्रिटिकल मतदान केंद्रों की संख्या 502 है। नवादा लोकसभा क्षेत्र के दो विधानसभा क्षेत्रों के 666 बूथों को संवेदनशील माना गया है। इसमें रजौली विधानसभा में 333 बूथ और गोविंदपुर विधानसभा के 328 बूथ हैं। नवादा लोकसभा क्षेत्र के बरबीघा, हिसुआ, नवादा और वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ संवेदनशील हैं। उधर, औरंगाबाद लोकसभा के कुटुम्बा विधानसभा के 296 बूथ, रफीगंज के 367 बूथ, गुरुआ के 337 बूथ, इमामगंज के 344 बूथ और टिकारी के 357 बूथ संवेदनशील हैं। यहां मतदान शाम चार बजे तक ही होगा। केवल औरंगाबाद लोस क्षेत्र के औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा।

# किसानों का रेल रोको आंदोलन शुरु

## अंबाला-लुधियाना रेल खंड बंद, कई ट्रेनें प्रभावित तो कई की गई रद्द

राष्ट्रीय मुख्यधारा। जयपुर

शंभू बॉर्डर पर किसानों ने फिर उग्र आंदोलन शुरू कर दिया है। किसान अपनी मांगों को लेकर रेलों को रोक दिया है जिससे कई ट्रेनें प्रभावित हुई हैं तो कई ट्रेनों का रद्द करना पड़ा है। किसानों का आंदोलन वैसे तो 13 फरवरी से चल रहा है लेकिन युवा किसान नेता नवदीप सिंह जलबेहड़ा सहित तीन किसानों की रिहाई को लेकर एक बार फिर कियान आंदोलन भड़क गया है। बुधवार दोपहर को सैंकड़ों किसानों ने रेलवे ट्रैक जाम कर दिया। किसानों को पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो किसान पुलिस से भिड़ गए और धक्का मुक्की हुई। किसानों ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दिए और रेलवे ट्रैक पर जाकर बैठ गए। जेलों में बंद इन नेताओं की गिरफ्तारी के बाद अभी तक उन्हें जेल से रिहा नहीं किया गया है।



बताया जा रहा है कि किसान संगठनों ने हरियाणा सरकार को 16 अप्रैल तक का अल्टीमेटम दिया था। समय सीमा खत्म होने के बाद किसान नेताओं को रिहा नहीं किया गया तो बुधवार से किसानों ने रेल रोको आंदोलन शुरू कर दिया है। रेलवे ट्रैक पर किसानों के बैठने से अंबाला-लुधियाना रेल खंड बंद हो गया है । अंबाला कैंट से निकलने वाली 36 ट्रेन प्रभावित हुई हैं और 11 ट्रेन रद्द की गईं हैं। 19 ट्रेनों के मार्ग बदले गए हैं। इन्हें चंडीगढ़ के रास्ते चलाया जा रहा है। एक ट्रेन को बीच रास्ते में रद्द करना पड़ा जबकि पांच ट्रेनों को देरी से चलाया । उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि उत्तर रेलवे के अम्बाला मण्डल पर किसान आंदोलन के कारण रेल यातायात प्रभावित हुआ है। कुछ ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है जबकि कुछ ट्रेनों को आंशिक रद्द किया गया है।

### जिस तारीख को लेकर मेरे ऊपर आरोप लगे हैं उस दिन में देश से बाहर था : बृजभूषण

**नई दिल्ली।** कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने आज राउज एवेन्यू अदालत में आज एक अर्जी दाखिल करते हुए कहा कि जिस दिन उनके ऊपर महिला पहलवानों से छेड़छाड़ के आरोप लगे हैं उस दिन वह देश से बाहर थे। कोर्ट में आज बृजभूषण के खिलाफ महिला पहलवानों के मामले में आरोप तय करने पर फैसला होना था पर बृजभूषण ने कुछ बिंदुओं पर जांच कराए जाने की मांग को लेकर अर्जी दाखिल कर कुछ बिंदुओं पर बहस करने की मांग की। इस मामले में अब 26 अप्रैल को फैसला आएगा उसी के बाद आरोप तय होंगे। आज अदालत में बृजभूषण ने अपनी अर्जी में कहा कि जिस तारीख पर एक महिला पहलवान द्वारा कुश्ती महासंघ के दिल्ली कार्यालय में उनपर कथित छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया है, उस तारीख पर वह देश से बाहर थे। बृजभूषण ने इस मामले में सबूत के तौर पर अर्जी के साथ पासपोर्ट की कॉपी भी दी है, जिस पर उस तारीख पर इमीग्रेशन की मोहर लगी हुई है। इसी को लेकर उन्होंने दावा किया है कि वह उस समय दिल्ली में नहीं थे। इसके बाद अदालत ने कहा कि एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम से वापस आने के बाद कुश्ती महासंध के दिल्ली कार्यालय में उसका यौन उत्पीड़न किया गया था पर मगर अभियोजन पक्ष ने उस तारीख पर सीडीआर की कॉपी जमा नहीं की है।

## अगर मैंने भेदभाव किया हो तो मुझे वोट बिलकुल मत देना : नितिन गडकरी

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नागपुर

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की छवि बेदाग है और वे बेहतर काम करने वालों में शुमार हैं। वे विवादित बयान और अनावश्यक पचड़ों से दूर रहते हैं। केवल काम करते हैं और जनहित पर ध्यान देते हैं। जब जनता के बीच वोट मांगने जाते हैं तो आत्मविश्वास से भरे होते हैं। सीधे तौर पर कहते हैं कि यदि मैंने काम नहीं किया है या किसी के साथ कोई भेदभाव किया है तो मुझे बिलकुल भी वोट मत देना। उनका यही विश्वास उनके विरोधियों के लिए चुनौती खड़ी कर देता है। इस बार भी गडकरी कह रहे हैं कि मुझे जो भी पहचान मिली है, वह नागपुर के लोगों की है। पिछले दस वर्षों में यदि मैंने किसी के साथ कोई भेदभाव किया है या दलितों और मुसलमानों के साथ अन्याय किया है तो मुझे वोट देने की कोई जरूरत नहीं है। यदि मैंने निष्ठा से काम किया है तो कृपया मुझे वोट दें। उन्होंने कहा कि पूरे देश के लिए यह बेहद खुशी की बात है कि भगवान राम की जन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण हो गया है। आज हम देशभर में रामनवमी मना रहे हैं। भगवान राम हमारे संस्कृति के प्रतीक है। आज भगवान राम के आशीर्वाद से हमने राम राज्य की स्थापना का संकल्प लिया है। बता दें कि महाराष्ट्र के 48 संसदीय क्षेत्रों में से एक नागपुर में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। इस सीट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी और वर्तमान में नागपुर पश्चिम से विधायक विकास ठाकरे के बीच मुकाबला होगा। गडकरी ने कहा कि यह पूरे देश के लिए बेहद खुशी की बात है कि भगवान राम की जन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण हुआ है।



## स्वदेशी ''निर्भय'' सबसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण, भारत ने रचा इतिहास

- वायुसेना के लड़ाकू सुखोई-30 विमान से हुई मिसाइल के उड़ान पथ की निगरानी
- बहुत कम ऊंचाई पर भी दुश्मन के राडार को धोखा देने में सक्षम है निर्भय मिसाइल

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली




भारत ने गुरुवार को लंबी दूरी की स्वदेशी ''निर्भय'' सबसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण करके एक बार फिर इतिहास रच दिया है। मिसाइल की उड़ान पर भारतीय वायुसेना के लड़ाकू सुखोई-30 विमान से भी नजर रखी गई। यह मिसाइल बहुत कम ऊंचाई पर भी दुश्मन के राडार को धोखा देने में सक्षम है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने इस उपलब्धि पर डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई दी है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 18 अप्रैल को ओडिशा के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर), चांदीपुर से स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। इस दौरान मिसाइल की सभी उप-प्रणालियों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया। मिसाइल के प्रदर्शन और उसके उड़ान पथ की निगरानी के लिए आईटीआर में विभिन्न स्थानों पर राडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम (ईओटीएस) और टेलीमेट्री जैसे कई सेंसर तैनात किए गए थे। मिसाइल की उड़ान पर भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान सुखोई-30 एमकेआई से भी नजर रखी गई। डीआरडीओ के मुताबिक परीक्षण के दौरान मिसाइल ने पॉइंट नेविगेशन का उपयोग करके निर्धारित लक्ष्य तक रास्ते का अनुसरण किया और बहुत कम ऊंचाई वाली समुद्री स्किमिंग उड़ान का प्रदर्शन किया। इस सफल उड़ान परीक्षण ने बेंगलुरू के गैस टर्बाइन अनुसंधान प्रतिष्ठान (जीटीआरई) में विकसित स्वदेशी प्रणोदन प्रणाली के विश्वसनीय प्रदर्शन को भी स्थापित किया है। बेहतर और विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए यह मिसाइल उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से भी लैस है। इस मिसाइल को डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के योगदान के साथ बेंगलुरु स्थित प्रयोगशाला वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई) में विकसित किया गया है।

## दस साल में 7300 ईडी के छापे और सजा सिर्फ 63 को

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

### विपक्षी दलों का आरोप ईडी राजनीतिक लोगों को बना रही निशाना




एनडीए के कार्यकाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ताबड़तोड़ छापेमारी की है। बीते दस साल में 7300 लोगों के यहां ईडी ने तलाशी ली। दस्तावेज खंगाले। इन में से केवल 63 लोगों को ही सजा हो पाई है। विपक्षी दलों का आरोप है कि ईडी राजनीतिक विरोधियों को निशाना बना रही है, लेकिन ईडी और सरकार दोनों का कहना है कि जांच के सिर्फ 3 प्रतिशत मामले ही राजनेताओं से जुड़े हैं। यूपीए के कार्यकाल में मनी लॉन्ड्रिंग के एक भी मामले में सजा नहीं हुई, जबकि 2014-24 के दौरान 63 लोगों को सजा सुनाई गई। हालांकि, हो सकता है कि पिछले 10 सालों में मिली सजाएं, दरअसल यूपीए के कार्यकाल में शुरू की गई जांचों से जुड़ी हों। यूपीए के कार्यकाल में जहां 102 चार्जशीट दाखिल की गईं, वहीं एनडीए के 10 सालों में ये संख्या 1281 तक पहुंच गई। यूपीए के समय कुल मामलों के मुकाबले चार्जशीट दाखिल करने का प्रतिशत 6 प्रतिशत से भी कम था, जबकि एनडीए के तहत ये आंकड़ा करीब 25 प्रतिशत हो गया। जब ईडी किसी मामले की जांच पूरी कर लेती है और उन्हें पैसा साफ करने का पहली नज़र में सबूत मिल जाता है, तो वो कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करती है। इसका मतलब है कि कोर्ट आरोपी के खिलाफ आरोप तय कर सकता है और मुकदमा शुरू हो सकता है। अब ईडी के प्रदर्शन की बात करें, तो तलाशी लेने की संख्या 2005-14 के 84 से बढ़कर 2014-24 में 7,300 हो गई और जब्त की गई संपत्ति का मूल्य 5,086 करोड़ रुपये से बढ़कर 1.2 लाख करोड़ रुपये हो गया। गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या 29 से बढ़कर 755 हो गई। यूपीए के कार्यकाल में जहां संपत्ति जब्त नहीं की गई थी, वहीं ईडी ने पिछले दशक में 15,710 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की। संपत्ति बेचने के बाद अब तक ईडी ने 16,000 करोड़ रुपये से ज्यादा बैंकों और पीड़ितों को लौटा दिए हैं, ये सब हाल के कुछ सालों में ही हुआ है।

**जब्ती लगभग 25 गुना बढ़ी**: मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के मामलों में 2014 से पहले के 9 वर्षों की तुलना में पिछले 10 साल में 86 गुना बढ़ोतरी हुई है। वहीं पिछली समान अवधि की तुलना में गिरफ्तारी और संपत्तियों की जब्ती लगभग 25 गुना बढ़ गई है।

### टाइम मैगजीन की टॉप 100 में आलिया और साक्षी को मिली जगह

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा, बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला, ओलंपियन पहलवान साक्षी मलिक और अभिनेता-निर्देशक देव पटेल उन भारतीयों में शामिल हैं जिन्होंने प्रतिष्ठित टाइम्स द्वारा बुधवार को जारी दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट में जगह बनाई है। आलिया ने अपने इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर सूची में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त किया और टॉम हार्पर को धन्यवाद दिया। 2022 में गंगूबाई काठियावाड़ी की सफलता के बाद, आलिया भट्ट लगातार ऊंचाइयों को छू रही हैं। गंगूबाई काठियावाड़ी भारत में महामारी प्रतिबंधों के हटने के बाद रिलीज़ हुई और बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई।

# स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार के लिए लापरवाह शिक्षकों एवं पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई आवश्यकः आदित्य रंजन

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**



राज्य के विभिन्न जिलों में प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट (एनईपी) के अनुश्रवण की टीम ने गुरुवार को भी निरीक्षण किया।। इसी के साथ राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने प्रोजेक्ट इंपैक्ट कोषांग की वर्चुअल बैठक करते हुए पदाधिकारियों को कई-निर्देश दिए। आदित्य रंजन ने कहा कि स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार के लिए लापरवाह शिक्षकों, पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। यह संदेश जाना अनिवार्य है कि स्कूल के प्राध्यापक, वार्डन या टीचर किसी को भी बच्चों की जान और ज्ञान से खिलवाड़ करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने अनुश्रवण पदाधिकारियों को हर हाल में लक्षित विद्यालयों का निरीक्षण पूरा कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। रंजन ने कहा कि जहां भी कार्रवाई की आवश्यकता है, उसकी अनुशंसा मुख्यालय को अवश्य भेजें। रांची के जगन्नाथपुर स्थित टीवीएस सीएम उत्कृष्ट विद्यालय की पूर्व प्रभारी प्राध्यापिका वाचा सरोंन तिग्गा को स्कूल में अनुशासनहीनता का दोषी पाते हुए उनके विरुद्ध शोकॉज जारी किया गया है। अनुश्रवण दल के पदाधिकारी जब स्कूल में निरीक्षण करने गए तब वाचा सरोंन तिग्गा स्कूल में अनुपस्थित पायी गयी। उनके द्वारा विभिन्न कारणों का उल्लेख करते हुए 15 दिन से अधिक का अवकाश लेने का मामला सामने आया है। जिसके बाद अनुश्रवण के लिए गए प्रशासी पदाधिकारी श्री जयंत मिश्रा द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को वाचा तिग्गा के आकस्मिक अवकाशों की वैद्यता की जांच सक्षम प्राधिकार से कराने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के क्रम में यह भी सामने आया है कि पूर्व प्रभारी प्राध्यापिका वाचा तिग्गा द्वारा अबतक वर्तमान प्रभारी प्राध्यापिका को पूर्ण प्रभार नहीं सौंपा गया है, साथ ही विद्यालय कोष में गड़बड़ी का मामला भी प्रकाश में आया है। इसी स्कूल के सहायक शिक्षक इफ़्तेख़ार आलम (स्नातक प्रशिक्षित) की प्रतिनियुक्ति रद्द करने का आदेश दिया गया है। इफ़्तेख़ार आलम की प्रतिनियुक्ति एसएस 2 हाई स्कूल, ककरिया, लापुंग से टीवीएस सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, जगन्नाथपुर में की गयी थी। मगर अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों ने इफ़्तेख़ार आलम को प्रतिनियुक्ति के नियमों का पालन करने में लापरवाही बरतने का दोषी पाया। जिसके बाद उनकी प्रतिनियुक्ति रद्द करते हुए उन्हें पुनः एसएस 2 उच्च विद्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। राज्यस्तरीय अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण के क्रम में दो जिलों के तीन स्कूलों में लापरवाही और अनुशासनहीनता का मामला प्रकाश में आया है। साहिबगंज के कन्या पोखरिया स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका और टीजीटी शिक्षक के विरुद्ध शोकॉज जारी किया गया है। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, कन्या पोखरिया की प्रभारी प्रधानाध्यापिका श्रीमती सुमना रॉय को शोकॉज जारी किया गया है। उत्कृष्ट विद्यालयों में 80 प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति से संबंधित तय मानकों के पालन के प्रति उदासीनता बरतने का दोषी पाते हुए उन्हें दो दिन के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया गया है। स्कूल के ही टीजीटी शिक्षक ललन कुमार को अनुश्रवण पदाधिकारियों के समक्ष आचरण संहिता एवं कर्तव्यहीनता का दोषी पाया गया। मामले में उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है। जमशेदपुर के भालूबासा स्थित हरिजन उच्च विद्यालय में अनुश्रवण के लिए गए जांच दल के पदाधिकारियों ने स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक को शोकॉज करते हुए स्कूल में बच्चो की कम उपस्थिति, स्कूल परिसर एवं शौचालय की साफ़ सफाई में लापरवाही का कारण पूछा है। जमशेदपुर के ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी मध्य विद्यालय, मानगो के प्रभारी प्राचार्य को भी शोकॉज किया गया है। अनुश्रवण के लिए गयी टीम ने पाया कि स्कूल में कुल 370 बच्चे नामांकित है, जबकि प्रार्थना सभा में केवल 22 बच्चे उपस्थित थे। अनुश्रवण पदाधिकारियों ने इसे अत्यंत गंभीर विषय माना और तत्काल कार्रवाई करते हुए स्कूल के प्रभारी प्राचार्य को शोकॉज जारी किया है। गढ़वा में अनुश्रवण के दौरान निरीक्षण के लिए जिले में गए पदाधिकारियों के संज्ञान में गढ़वा जिला के अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं लेखा पदाधिकारी के द्वारा गत माह में समग्र शिक्षा के तहत संचालित गतिविधियों, कार्यक्रमों, प्रखंड स्तरीय विद्यालयों एवं कार्यालयों के कार्यन्वयनों में अनियमितता एवं त्रुटियों का मामला प्रकाश में आया। अनुश्रवण टीम ने प्रखंड,मविद्यालय स्तर पर उप आवंटित की गयी व्यय राशि की जांच हेतु एडीपीओ, गढ़वा की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। उक्त दल को जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट राज्य शिक्षा परियोजना को भेजने का निर्देश दिया गया है। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक के निर्देशानुसार स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार एवं प्रोजेक्ट इंपैक्ट की समीक्षा के लिए राज्य अनुश्रवण पदाधिकारियों द्वारा अबतक 246 सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण किया जा चुका है। कई विद्यालयों में कार्य संतोषजनक मिला, जबकि कई विद्यालयों में लापरवाही और अनुशासनहीनता का मामला प्रकाश में आने के बाद कार्रवाई की गयी है। अनुश्रवण पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न जिलों के सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण अभी जारी रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मनरेगा घोटाला : ईडी ने दो इंजीनियरों की 22.47 लाख की संपत्ति जब्त की




**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के मनरेगा घोटाले में एक बार फिर से कार्रवाई की है। गुरुवार को ईडी की टीम ने दो एग्जीक्यूटिव इंजीनियरों की 22.47 लाख रुपये मूल्य की चार अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त की गई है। जानकारी के अनुसार ईडी ने झारखंड के खूंटी जिले में 18.06 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले मामले में आरोपित एग्जीक्यूटिव इंजीनियर शशि प्रकाश और जय किशोर चौधरी की 22.47 लाख रुपये मूल्य की चार अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त की हैं। इस मामले में ईडी अब तक स्थाई व अस्थाई रूप से कुल 106.86 करोड़ की संपत्ति जब्त कर चुकी है। इस मामले में झारखंड पुलिस में दर्ज 16 प्राथमिकियों के आधार पर ईडी ने ईसीआइआर दर्ज कर पूरे मामले की जांच शुरू की थी। इस मामले में झारखंड पुलिस ने जो चार्जशीट दाखिल की थी, उसमें पता चला था कि जूनियर इंजीनियर राम विनोद प्रसाद सिन्हा, सहायक इंजीनियर आरके जैन (मृतक), कार्यकारी अभियंता शशि प्रकाश और जय किशोर चौधरी भी मनरेगा के 18.06 करोड़ रुपये के गबन में शामिल थे। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 6 मई 2022 को पीएमएलए अधिनियम में दर्ज प्रविधानों के तहत सभी इंजीनियरों से संबंधित परिसरों और खूंटी की तत्कालीन उपायुक्त आइएएस पूजा सिंघल से संबंधित परिसरों की तलाशी ली थी। इस छापेमारी में ईडी को तब 19.58 करोड़ रुपये नकदी मिले थे, जिसे ईडी ने जब्त किया था। फिलहाल मामले में पूजा सिंघल न्यायिक हिरासत में है। उनका इलाज रिम्स में चल रहा है।

### रिश्वत मामले में रेलीगढ़ा परियोजना रामगढ़ के यूडीसी क्लर्क को तीन साल की सजा




**रांची।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को रिश्वत लेने के आरोपित रामगढ़ के रेलीगढ़ा परियोजना कार्यालय के यूडीसी क्लर्क रामराज नोनिया को दोषी पाकर तीन साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सीबीआई टीम ने 5 मार्च 2020 को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रामराज नोनिया को गिरफ्तार किया था। नोनिया ने सीसीएल कर्मी सिंगराई मुंडा से प्रशिक्षण अवधि और इन्क्रिमेंट के एरियर बनाने एवं भुगतान कराने के एवज में रिश्वत मांगी थी। इस मामले में सीबीआई ने सिंगराई मुंडा की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की थी। मामले में सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से आठ गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

### चाइल्ड ट्रैफिकिंग मामले में सीआईडी डीजी हाई कोर्ट में हुए हाजिर

**रांची।** साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपित कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील पर सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। कोर्ट के आदेश के आलोक में सीआईडी डीजी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि गुमशुदा दोनों बच्चों का बायोमेट्रिक्स यानी फिंगरप्रिंट्स, आंखों के रेटिना उपलब्ध कराना संभव नहीं है, यह काफी जटिल प्रक्रिया है। जिस समय ये दोनों बच्चे गायब हुए थे उस समय उनकी उम्र काफी कम थी। ऐसे में आधार कार्ड के बायोमेट्रिक के आधार पर उनको खोजना संभव नहीं है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सविता कुमारी ने पैरवी की। इससे पहले मामले के अनुसंधानकर्ता भी कोर्ट में उपस्थित थे। पुलिस अधिकारियों ने कोर्ट को बताया कि गुमशुदा दोनों बच्चों की तलाश जारी है। अगली सुनवाई 12 जून निर्धारित की गई है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने कुलदेव साह एवं पप्पू शाह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उल्लेखनीय है कि कुलदेव साह व वीरेन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में अपने बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। उनका बच्चा वर्ष 2018 से लापता है।

### झारखंड में चुनावी ड्यूटी में लगे वाहनों की जीपीएस से होगी निगरानी

**रांची।** राज्य में लोकसभा चुनाव ड्यूटी में लगने वाली गाड़ियों की जीपीएस से मॉनिटरिंग की जायेगी। चुनाव आयोग ने इसके लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। इसके तहत झारखंड में लोकसभा चुनाव के दरम्यान बूथ से लेकर स्ट्रॉन्ग रूम तक जाने वाली ईवीएम और निर्वाचनकर्मियों के मूवमेंट पर नजर रखी जायेगी। राज्य में पहली बार जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम के जरिए निगरानी रखने की तैयारी में जुटे चुनाव आयोग का मानना है कि इससे चुनाव में पारदर्शिता आयेगी। गाड़ियों के मूवमेंट पर नजर रखने के लिए जिला मुख्यालय से लेकर चुनाव आयोग कार्यालय में विशेष टीम बनाई गई है, जहां ऑनलाइन माध्यम से नजर रखी जायेगी। चुनाव ड्यूटी में लगनेवाली निजी गाड़ियों के किराए में होने वाली गड़बड़ी पर रोकथाम के लिए आयोग ने वाहन मैनेजमेंट सिस्टम नाम से ऐप लाया है, जिसके माध्यम से चुनाव ड्यूटी में लगने वाली गाड़ियों के समय, तारीख, किलोमीटर, सेवा अवधि और भुगतान जैसी तमाम चीजें चुनाव आयोग के डैशबोर्ड पर डिस्प्ले करती रहेंगी। इसके प्रयोग में होने से गाड़ी मालिक के किराया भुगतान संबंधी शिकायत काफी हद तक दूर होने की संभावना है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि गाड़ी मालिक की आमतौर पर भुगतान को लेकर शिकायत रहती थी, जिसे इसके माध्यम से दूर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी में लगी गाड़ी खासकर ईवीएम को लेकर बूथ और स्ट्रॉन्ग रूम तक जाने वाली गाड़ी जीपीएस युक्त होंगे, जिसके हर गतिविधियों पर आयोग की नजर होगी। इसपर करीब एक करोड़ खर्च होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इसमें कई तरह के फीचर हैं जो हमें मॉनिटर करने में काफी सहायक होगा। इस बार 85 साल से ऊपर के मतदाता और दिव्यांग वोटर के लिए भी गाड़ी की व्यवस्था करनी है। इसलिए चुनाव के दरम्यान इस बार गाड़ियों की संख्या काफी अधिक होगी। वाहन मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए गाड़ियों के प्रबंधन को काफी सरल कर दिया गया है। उदाहरण के तौर पर पुलिस की गाड़ियों को संबंधित जिले में ही पैसों का भुगतान कर दिया जाएगा। सिर्फ तेल जिस जिले में उन्हें ड्यूटी पर लगाई जाएगी उस जिले में उन्हें मिलेगा।इसी तरह अन्य सरकारी एवं निजी गाड़ियों के लिए भी प्रबंध को सरल किया गया है।

### झामुमो नेता अंतू तिर्की व तीन अन्य पांच दिन के ईडी रिमांड पर

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े 8.86 एकड़ जमीन के फर्जीवाड़ा केस में गिरफ्तार झामुमो नेता अंतू तिर्की सहित चार आरोपितों की ईडी कोर्ट में पेशी हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने गुरुवार को चारों आरोपितों अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, मोहम्मद इरशाद और प्रियरंजन सहाय को पांच दिन के ईडी के रिमांड पर भेज दिया। इससे पूर्व बुधवार को ईडी ने चारों को ईडी के विशेष न्यायाधीश के आवासीय कार्यालय में पेश किया था। उन्होंने चारों को जेल भेज दिया था। ईडी ने गुरुवार को अदालत से सात दिन के रिमांड की मांग की। सुनवाई के बाद अदालत ने पांच दिन की डिमांड की अनुमति दी है। उल्लेखनीय है कि ईडी मंगलवार को अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को छापेमारी और लंबी पूछताछ के बाद देरशाम ईडी ऑफिस लेकर पहुंची थी, जहां उन्हें देररात गिरफ्तार कर लिया गया था।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को 10 साल कैद

**रांची।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी मिथुन बेदिया को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने गुरुवार को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। पीड़िता ने अनगड़ा थाना में सात अप्रैल 2022 को आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिक में कहा गया है कि शादी का झांसा देकर पिछले तीन साल से शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब शादी करने को कहा तो वह बाद में मुकर गया। प्राथमिकी दर्ज होने के दूसरे दिन आठ अप्रैल 2022 को अनगड़ा पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# झारखंड की 4 लोकसभा सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**




राज्य की चार लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके साथ ही झारखंड में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित तीन एवं अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित एक लोकसभा सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। 25 अप्रैल तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 29 अप्रैल है। नामांकन दाखिल कर चुके लोग अगर नाम वापस लेना चाहें, तो इस तारीख तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। झारखंड में 4 लोकसभा सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। उस समय पूरे देश में चौथे चरण का मतदान चल रहा होगा। राज्य की 4 लोकसभा सीटों पर वोट होना है, जिसमें सिंहभूम (एसटी), खूंटी (एसटी), लोहरदगा (एसटी) और पलामू (एससी) लोकसभा शामिल हैं। सिंहभूम (एसटी) लोकसभा सीट से भाजपा ने मधु कोड़ा की पत्नी और पूर्व कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा को चुनाव मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले इंडी गठबंधन से झामुमो ने जोबा मांझी को अपना उम्मीदवार बनाया है। इन दोनों के बीच में चित्रसेन सिंकू भी चुनाव लड़ रहे हैं। खूंटी (एसटी) सीट से भाजपा ने एक बार फिर अर्जुन मुंडा को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने पिछले बार के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा को ही मैदान में अर्जुन मुंडा के मुकाबले उतारा है। मुंडा ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बहुत कम अंतर से कालीचरण मुंडा को पराजित किया था। लोहरदगा (एसटी) सीट पर भाजपा ने समीर उरांव को अपना उम्मीदवार बनाया है, तो कांग्रेस पार्टी ने सुखदेव भगत को टिकट दिया है। वहीं, पलामू (एससी) संसदीय सीट पर भाजपा ने लगातार दो बार से चुनाव जीत रहे पूर्व आईपीएस ऑफिसर वीडी राम को टिकट दिया है। विपक्षी गठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने ममता भुइयां को टिकट दिया है। सिंहभूम (एसटी) लोकसभा सीट पर पिछली बार गीता कोड़ा ने कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी। इस बार वह भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहीं हैं। बाकी तीन लोकसभा सीटों खूंटी (एसटी), लोहरदगा (एसटी) और पलामू (एससी) पर भाजपा के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी। चार लोकसभा क्षेत्र में कुल 63,99,582 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें 32,12,549 पुरुष, 31,86,991 महिला और 42 थर्ड जेंडर वोटर हैं। सबसे ज्यादा 33 थर्ड जेंडर वोटर सिंहभूम (एसटी) लोकसभा क्षेत्र में हैं। इन चार लोकसभा क्षेत्रों में कुल 23 विधानसभा क्षेत्र के मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। पलामू (एससी) लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 22,27,365 मतदाता हैं। मतदाताओं के मामले में सिंहभूम (एसटी) सीट दूसरे नंबर पर है। यहां मतदाताओं की संख्या 14,32,934 है। इसके बाद लोहरदगा (एसटी) का नंबर आता है, जहां कुल 14,27,022 वोटर हैं। इन चार लोकसभा क्षेत्रों में सबसे कम मतदाता खूंटी (एसटी) में हैं। यहां मतदाताओं की संख्या 13,12,261 है।

## ब्राउन शुगर खरीद -बिक्री मामले में तीन गिरफ्तार, दो लाख का ब्राउन शुगर बरामद



**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**

रांची के खेलगांव थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर खरीद -बिक्री करने के मामले में सुमन कुमार, ऋषिकेश कुमार पाहन और अभिषेक रंजन को गिरफ्तार है। इनके पास से 16.27 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। बरामद ब्राउन शुगर की कीमत दो लाख बताई गई है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि खेलगांव थाना क्षेत्र के राम दयाल मुण्डा कला केन्द्र खेलगांव के पास ब्राउन सुगर की खरीद-बिक्री होने वाली है। सूचना के बाद सदर डीएसपी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम जैसे ही उक्त स्थान के पास पहुंची तो पुलिस को आता देख चार लड़के भागने लगे। टीम ने तीन युवकों को संदिग्ध हालत में पकड़ा । जांच के दौरान इनके पास से बाउन शुगर बरामद किया गया। एक फरार युवक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## झारखंड में पारा 43 डिग्री पार, बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्कूलों का बदला समय

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**



राज्य में लगातार तापमान बढ़ता जा रहा है। सूर्य देवता आग उगल रहे हैं। कई जिलों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। कई जिलों का पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। रांची मौसम केंद्र के अनुसार आने वाले दिनों में पारा और चढ़ेगा। कई जिलों में दो से तीन डिग्री सेल्सियस के तापमान में वृद्धि की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने 19 से 21 अप्रैल तक कोल्हान प्रमंडल में लू का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र के अनुसार संथाल परगना में 20 से 21 अप्रैल तक हीट वेब चलेगी। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में दर्ज किया गया है। सरायकेला में अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस बोकारो थर्मल में दर्ज किया गया। राजधानी रांची में अधिकतम 36.8 और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बढ़ते तापमान को देखते हुए कई निजी स्कूलों ने समय सारिणी में बदलाव शुरू कर दिया गया है। कई स्कूलों ने सुबह स्कूल पहुंचने और दोपहर छुट्टी के समय में बदलाव किया है। वहीं, कई स्कूल अगले सप्ताह से टाइमिंग में जल्द ही बदलाव करेंगे। डीएवी आलोक, डीएवी पब्लिक स्कूल, डीएवी बरियातू, जेवीएम श्यामली, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रॉयल्स बड पब्लिक स्कूल और कैराली स्कूल ने पहले ही सुबह के शेड्यूल में बदलाव कर दिया है। डीएवी बरियातू में सुबह 8 बजे से कक्षाओं का संचालन होता था। अब 7.30 कर दिया गया है। डीएवी आलोक में 8.10 की बजाए सुबह 7 बजे से कक्षाएं चल रही हैं।

इसी तरह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 7.40 की बजाय 7 बजे से, जेवीएम श्यामली में 8 बजे की बजाय 7 बजे से और ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में 8 की जगह अब सुबह 6 बजे से कक्षाओं का संचालन हो रहा है।

## बाबूलाल मरांडी ने पार्टी उम्मीदवार सीता सोरेन पर हमले की आशंका जतायी

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**




भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुमका लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार सीता सोरेन पर हमले की आशंका जतायी है। उनके मुताबिक, संभव है कि सिंहभूम की सांसद और पार्टी उम्मीदवार गीता कोड़ा पर पिछले दिनों हुए हमले की तरह सीता सोरेन पर भी झामुमो कार्यकर्ता जानलेवा हमला कर सकते हैं। गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर अपनी आशंका जाहिर करते हुए मरांडी ने कहा कि सीता सोरेन ने लगभग डेढ़ दशक तक झामुमो विधायक के रूप में पार्टी की सेवा की। यदि उन्होंने अपने साथ हो रहे अपमानजनक व्यवहार और साजिश के विरोध में पार्टी छोड़ी तो क्या झामुमो उन पर जानलेवा हमला करा देगा। मीडिया में दुमका से झामुमो उम्मीदवार और विधायक नलिन सोरेन के उस बयान को लेकर छपी खबर पर उन्होंने चिंता जाहिर की है जिसमें नलिन ने झामुमो के विरोध में बोलने पर सीता सोरेन के साथ भी गीता जैसा हाल होने की चेतावनी दी है। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि नलिन सोरेन जैसे वरिष्ठ नेता का यह वक्तव्य झामुमो के उस अंदरूनी खूनी मानसिकता को भी उजागर करता है, जिसमें हेमंत सोरेन का विरोध करने वालों पर जानलेवा हमला भी कराया जा सकता है। बाबूलाल मरांडी ने झारखंड पुलिस और चुनाव आयोग से आग्रह करते हुए कहा है कि वजह जो भी हो, झामुमो द्वारा भाजपा की महिला उम्मीदवारों पर हमले की धमकी देना उनकी कायरता और चुनाव के पूर्व ही पराजय को दर्शाता है। चुनाव आयोग और पुलिस से आग्रह है कि गीता कोड़ा जैसा जानलेवा प्रकरण सीता सोरेन के साथ भी ना हो, इसके लिए उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। राज्य के डीजीपी इस पर संज्ञान लें। पिछले दिनों सरायकेला जिले के मोहनपुर गांव में सांसद गीता कोड़ा के साथ ग्रामीणों की झड़प हो गयी थी। उन्हें एक घंटे से अधिक समय तक बंधक बना कर रखा था। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप से उन्हें सुरक्षित निकाला गया था। इस मामले में भाजपा की ओर से प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी थी।

# 'द ग्रेट फैमिली गेट टूगेदर शो है ये', इंडी गठबंधन की रैली पर भाजपा ने साधा निशाना

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**




भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने इंडी गठबंधन की 21 अप्रैल की रैली पर निशाना साधते हुए इसे द ग्रेट फैमिली गेट टुगेदर शो करार दिया। उन्होंने कहा कि इस मंच पर अखिलेश यादव का परिवार, लालू यादव का परिवार, स्टालिन का परिवार, ममता बनर्जी का परिवार, हेमंत सोरेन का परिवार तथा गांधी परिवार नजर आएगा। गुरुवार को प्रदेश मीडिया सेंटर हरमू में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रतुल शाह देव ने कहा कि यह सिर्फ और सिर्फ परिवार को बढ़ाने वाले दलों का समूह है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा पूरे देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी मुहिम चलाए जाने के डर से एक मंच पर आया है। इलेक्टोरल बॉन्ड पर भाजपा प्रवक्ता ने विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि विपक्ष चीजों को छुपा कर बोलता है। कुल 3000 कंपनियों ने इलेक्ट्रोरल बॉन्ड खरीदा था। इसमें सिर्फ 26 कंपनियों पर ईडी, सीबीआई या आईटी की इंक्वायरी चल रही है। इनमें से 16 कंपनी ने दबिश के बाद इलेक्ट्रोरल बॉन्ड खरीदा था। इन 16 कंपनियों के खरीदे गए इलेक्टोरल बॉन्ड का सिर्फ 37 प्रतिशत हिस्सा भाजपा को मिला, जबकि 63 प्रतिशत हिस्सा विरोधियों को मिला।

प्रतुल शाह देव ने कहा कि अगर सीक्वेंस को जोड़ें तो ऐसा लगता है कि जिनके यहां इन एजेंसियों के छापे पड़ते हैं, उनके यहां विपक्षी जाकर सत्ता में आने के बाद मामले को समाप्त करने के नाम पर वसूली कर रहे हैं। तभी ऐसी दबिश वाली कंपनियों ने इलेक्ट्रोरल बॉन्ड का 2/3 हिस्सा कांग्रेस और इंडी एलायंस के दलों को दे दिया। उन्होंने कहा कि जनता ऐसी विघटनकारी और विनाशकारी शक्तियों को बाहर करेगी और 400 सीटों के आंकड़े को भाजपा और सहयोगी दलों को पार कराएगी।

## जमीन घोटाला मामले में ईडी ने आरोपितों के पास से बरामद किये एक करोड़ 25 लाख

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची में पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) के प्रावधानों के तहत पिछले दिनों की गयी छापेमारी में एक करोड़ 25 लाख कैश बरामद किये थे। इसे ईडी ने जब्त कर लिया है। साथ ही ईडी ने अलग-अलग बैंक खातों में जमा तीन करोड़ 56 लाख भी जब्त करते हुए बैंक अकाउंट को फ्रिज कर दिया है। ईडी ने गुरुवार अधिकारिक रुप से बताया कि जमीन घोटाले मामले में 16 फरवरी को हुई छापेमारी के दौरान करीब 1.25 करोड़ रुपए बरामद हुए हैं।

पीएमएलए के तहत कार्रवाई करते हुए राजस्व कर्मी भानु प्रताप प्रसाद से जुड़े मामले में झामुमो नेता अंतु तिर्की, प्रियरंजन सहाय, बिपिन सिंह और इरशाद अख्तर को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही इस घपले में शामिल अफसर अली को भी गिरफ्तार करते हुए 22 अप्रैल तक रिमांड पर लिया है।

इस मामले में मो. सद्दाम हुसैन पहले से ही ईडी की कस्टडी में हैं। ईडी ने जांच में पाया है कि गिरफ्तार किए गये सभी छह लोगों ने सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर जमीन से जुड़े रिकॉर्ड में छेड़छाड़ कर नहीं बेचे जाने वाली जमीन की भी खरीद-बिक्री की है। इस साजिश में रांची और कोलकाता स्थिति राजस्व विभाग के कर्मी भी शामिल रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की टीम जमशेदपुर रवाना



**बोकारो।** बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की बालक की टीम 24वी झारखंड राज्य जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने जमशेदपुर रवाना । इस प्रतियोगिता में 19 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले रहे है। यह प्रतियोगिता 19 से 21 अप्रैल तक जमशेदपुर के केरली पब्लिक स्कूल, कदमा में खेली जाएगी।

जमशेदपुर बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित 24वी झारखंड राज्य बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बोकारो जिला की 08 सदस्यों की टीम अपना कौशल दिखाएगी।

**बालक** :- श्रेयांस मिश्रा, आयुष ख़्वाश, प्रतीक केशरी, आरुष सिंहा, संजीत, आदित्या , हर्षित सुंदरम एवं प्रीतम प्रकाश

**कोच**- किंकर कृष्णा ।

टीम के चयन में निखिल ओझा, बिनोद कुमार, हारून अंसारी ने अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के प्रकाश सिंह , अध्यक्ष मनीष सिंह, सचिव संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार, चयन समिति के अध्यक्ष निखिल ओझा, विजय कुमार मिंज, सुधीर कुमार, राम लखन मिस्त्री, मनोज दुबे, रण विजय ओझा, नीरज एवम अन्य सदस्यों ने ढेरों शुभकामनाएं दी।

### पारसनाथ महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग द्वारा कि गई संगोष्ठी



**डुमरी।** पारसनाथ महाविद्यालय इसरी-बाजार में समाजशास्त्र विभाग द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महिला नेतृत्व की प्रासंगिकता पर आधारित पर विभागाध्यक्ष प्रो पिन्टू कुमार पांडेय के द्वारा महिला नेतृत्व से देश की दशा एवं दिशा में हो रहे परिवर्तनों पर चर्चा की गई। प्रो उमा पाण्डेय द्वारा महिलाओं का समाज में नेतृत्व पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रो गौतम कुमार सिंह,प्रो अकेला यादव प्रो दिव्या रानी प्रो रीतलाल प्रसाद वर्मा, डॉ शशिभूषण एवं गायत्री कुमारी पेमिया कुमारी,बबली कुमारी,अनिता कुमारी,उमेश कुमार,मनोज कुमार मरांडी आदि उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव : कोडरमा में रीतलाल वर्मा ने डाली थी भाजपा की मजबूत नींव, पांच बार चुने गए थे सांसद



**कोडरमा।** कोडरमा संसदीय क्षेत्र से पांच बार सांसद चुने गए स्व. रीतलाल प्रसाद वर्मा ने इलाके में भाजपा की मजबूत नींव रखी थी। कॉलेज से ही राजनीति में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने वाले कोडरमा के पूर्व भाजपा सांसद स्व. वर्मा राजनीतिक जीवन में चुनाव मैदान में सफलता का सफर तय करते गए। वे वकालत छोड़ राजनीति में आए और यहां अपनी एक अलग पहचान बनाई। 1969 में जनसंघ का जिलाध्यक्ष बनने के बाद 1972 में जनसंघ के टिकट पर जमुआ विधानसभा से पहली बार विधायक बने थे और कांग्रेस के मजबूत संगठन को ध्वस्त करने में सफल रहे थे। उन्होंने जमुआ विस क्षेत्र पर तत्कालीन श्रम मंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता सदानंद प्रसाद को मात दी। गरीब गुरबों के अधिकार दिलाने और साफ-सुथरी शासन-प्रशासन का निर्माण करना ही स्वर्गीय वर्मा का मुख्य उद्देश्य था। यही कारण है कि वर्ष 1974 में लोकनायक जय प्रकाश नारायण के आह्वान पर उन्होंने एकीकृत बिहार विधानसभा से विधायक पद से त्याग पत्र दे दिया और जेपी के आंदोलन में शामिल हो गए। 1977 में कोडरमा संसदीय क्षेत्र का गठन हुआ। तब पहली बार लोक दल से रीतलाल प्रसाद वर्मा सांसद बने और इस क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों को संसद में उठाने का कार्य किया। जमुआ प्रखंड के भंडारो गांव में 1 फरवरी, 1938 को किसान परिवार में जन्मे स्व. रीतलाल प्रसाद वर्मा ने एलएलबी और डीआईपी की शिक्षा लेने के बाद राजनीति को कैरियर बनाया। गिरिडीह-कोडरमा रेलवे लाइन, मरकच्चो के बरियारडीह आयुध कारखाना के लिए वे संसद में बात रखते रहे। अलग वनांचल राज्य के लिए संसद के भीतर एवं बाहर आवाज को बुलंद करते रहे। वे 1977 के बाद जनता पार्टी से 1980, भाजपा से 1889, 1996 और 1998 में कोडरमा से सांसद चुने गए थे।

**पहली बार रिकार्ड मतों से जीते**- रीतलाल प्रसाद वर्मा ने अपना पहला संसदीय चुनाव वर्ष 1977 में रिकार्ड मतों से जीता। उस समय कुल मतदाताओं की संख्या 602764 थी जिसमें 261508 वोट डाले गए। कुल वैध मतों की संख्या 251525 थी जिसमे रीतलाल प्रसाद वर्मा को 169387 मत मिले थे जो कुल मतों का 67.34 प्रतिशत था। यह रिकॉर्ड अबतक नहीं टूटा है। 1977 के चुनाव में कांग्रेस के चपलेन्दु भट्टाचार्य को 53359, भाकपा के रामनारायण प्रसाद यादव को 21377 और निर्दलीय जोहन मरांडी को 7412 मत मिले थे।

### राम महोत्सव में निकली भव्य शोभायात्रा,झॉंकी देख लोग अभिभूत

**चन्दौली** । रामनवमी के अवसर पर नगर में विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में राम महोत्सव पर भव्य शोभायात्रा बुधवार की सुबह रामभक्तों ने सुबह पैदल हाथ में रामध्वज लेकर जय श्री राम, जय श्री राम के उद्घोष के साथ प्रभात फेरी निकाली । तत्पश्चात पूर्वाह्न साढ़े नौ बजे बाइक रैली नगर पंचायत में प्रभात फेरी निकाली गयी । सायंकाल रामनवमी की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार के लाग व झॉंकी जिसमें भक्तगण ढोल नगाड़ों की धुन पर लोग नाचते गाते जय श्री राम, जय श्रीराम के जयकारे करते हुए चल रहे थे। जिससे पूरा नगर राममय हो गया। भव्य शोभा यात्रा दुधारी पुलिया से शुरू हुआ जो कामाख्या मंदिर, मुख्य बाजार ,रामलीला मैदान ,भतीजा रोड होते हुए देर शाम में वार्ड नंबर आठ सुभाष नगर स्थित भीम बाबा के मंदिर पर पहुँचकर समाप्त हुआ ।शोभायात्रा में बालिकाओं ने झाँकी आकर्षक का केंद्र बनीं रहीं। शोभायात्रा में झोपडी में राम सीता , राधा कृष्ण, हनुमान सहित अन्य झाँकियाँ देख भक्त गण अभिभूत हुए। शोभायात्रा भीमबाबा मंदिर प्रांगण में पहुंचकर प्रभु श्री राम जी का महाआरती किया गया। पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया । रात में सांस्कृतिक,संगीत का कार्यक्रम हुआ। जिसमें भक्तगण जागरण में श्रीराम जी के गाने सुनकर लोग झूम उठें ।शोभायात्रा के दौरान मुख्य रूप से नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि विशाल मध्देशिया उर्फ टून्नू ,धीरेन्द्र सिंह शक्ति,परमेश्वर मोदनवाल,नरेन्द्र प्रसाद चौरसिया,राजेश जायसवाल उर्फ बाढ़ू, कामाख्या केशरी ,डा. राम अशीष कुशवाहा ,गणेश गुप्ता , बच्चा बाबू अग्रहरी ,रोहित जायसवाल, शामू जायसवाल,आदर्श केशरी, अनिल चौरसिया,मोहित केशरी बाबू , पिन्टू अग्रहरी, सोनू अग्रहरी,दिलीप अग्रहरी उर्फ गुड्डू सहित अन्य लोग शामिल रहे ।सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी सत्यनारायण मिश्रा चक्रमण करते रहे और जगह-जगह उपनिरीक्षको सहित पुलिसकर्मीयो को लगाया और पुलिस फोर्स के साथ चक्रमण करते रहे।

# लोहरदगा (अ.ज.जा.) संसदीय सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू, 25 अप्रैल तक भरे जायेंगे नामांकन पत्र

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गुमला



लोहरदगा (अ.ज.जा.) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत लोकसभा आम चुनाव 2024 के बारे में गुरुवार को गुमला समाहरणालय स्थित सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि गुरुवार से लेकर उम्मीदवारों के पास अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए 25 अप्रैल तक का समय होगा। 25 अप्रैल तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक ( सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़ कर ) नाम निर्देशन किए जाएंगे। नाम निर्देशन पत्र संविक्षा की तिथि 26 अप्रैल 2024 को होगी और उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 29 अप्रैल है। प्रतीक आवंटन की तिथि 29 अप्रैल को निर्धारित है एवं मतदान दिवस का आयोजन 13 मई को किया जाएगा, तथा इस बार मतदान का समय पूर्वाह्न 7 बजे से लेकर अपराह्न 5 बजे तक के लिए निर्धारित है। इसके साथ ही मतगणना 4 जून को की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 18 से 25 अप्रैल तक जिला प्रशासन कार्यालय के आसपास 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू रहेगी. इस दौरान एक उम्मीदवारों को केवल तीन वाहनों को उपायुक्त कार्यालय परिसर के अंदर पार्क करने की अनुमति होगी और नामांकन पत्र दाखिल करते समय उम्मीदवार सहित केवल पांच लोगों को कार्यालय में प्रवेश करने की अनुमति होगी। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा नाम निर्देशन के साथ अभियार्थियों द्वारा समर्पित किए जाने वाले दस्तावेजों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अभियार्थी नामांकन के लिए फॉर्म समाहरणलय स्थित नजारत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं एवं अभियार्थियों के द्वारा नाम निर्देशन शुल्क (12,500 रुपए) जमा की जाएगी। मौके पर पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने बताया कि नॉमिनेशन प्रक्रिया के दौरान सभी नियमों का पालन हो एवं किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा इसपर ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा जिले में सुरक्षा व्यवस्था को भी दुरुस्त रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में आगामी चुनाव शांति एवं सौहार्द्य पूर्ण तरीके से सफलता पूर्वक संपन्न हो सके इसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। इस दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त गुमला, अपर समाहर्ता, एसडीओ सदर, एसडीओ चैनपुर, एसडीओ बसिया, डीआरडीए निदेशक, डीसीएलआर, जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक,जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी तथा विभिन्न मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

### ओबरा मे रामनवमी पर निकली शोभा यात्रा

औरंगाबाद

ओबरा प्रखंड मुख्यालय मे रामनवमी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई,शोभा यात्रा मे शामिल श्रद्धालु ने रामजी की निकली सवारी रामजी की लीला है न्यारी के गीतों पर थिरकते नजर आए,आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए, हरसो उल्लास एवम शांति तरीके से जुलूस निकाली गई,स्वर्णकार मोहल्ला एवम सत्यम छठ पूजा समिति के तत्वाधान मे जुलूस यात्रा मे बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओ ने भाग लिया,देवी मंदिर के भी भक्तगण ने जुलूस मे शामिल हुए,भगवान राम सीता हनुमान और विभिन्न देवताओं की झांकियां को दर्शक देख मंत्र मुग्ध हो गए,जुलूस मे प्रशासन बड़ी संख्या मे चौक चौराहे समेत जुलूस मे शामिल दिखे,जुलूस मे शामिल दाउदनगर के एसडीओ मनोज कुमार ,एसडीपीओ कुमार ऋषि राज, थाना इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ,बीडीओ मोहम्मद युनुस सलीम, सीओ हरिहरनाथ पाठक समेत पदाधिकारी भी जुलूस मे जायजा लेते दिखे गए।

### रामनवमी महासमिति ने सभी अखाड़ों को तलवार एवं पगड़ी देकर किया स्वागत



राष्ट्रीय मुख्यधारा। बड़कागांव

रामनवमी महासमिति के द्वारा नवमी में आए हुए जुलूसों को अध्यक्ष,सचिव एवं पदाधिकारी को 2 तलवार पगड़ी एवं श्री राम का पट्टा देकर स्वागत किया गया। वहीं पर छोटे-छोटे बच्चियों एवं बच्चों के द्वारा लाठी का प्रतिभा दिखाई गई। उन बच्चियों और बच्चों को भी महासमिति द्वारा मेडल देकर स्वागत किया गया। मौके पर उपस्थित रामनवमी महासमिति अध्यक्ष विवेक वर्मा, सचिव दामोदर मेहता ,कोषाध्यक्ष दिनेश सिन्हा ,उपाध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, विशाल ठाकुर , उप कोषाध्यक्ष सरोज मेहता, संगठन मंत्री सहेश कुमार ,उप संगठन मंत्री सुरेश राणा ,संयोजक शिव शंकर कुमार, उपसंयोजक बैजनाथ महतो ,मीडिया प्रभारी रितेश ठाकुर,संजय भुइयां, संरक्षक पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, मुखिया संघ अध्यक्ष अध्यक्ष रंजीत कुमार संजय सिंह, संजय तिवारी, शशि मेहता, रामधनी महतो, उपमुखिया सत्यदेव कुमार, सरोज सोनी, विष्णु रजक, लालमणि महतो ,सुरेंद्र महतो, दीपक महतो, लखन विश्वकर्मा ,वीरेंद्र प्रसाद, सावर अग्रवाल, रमेश अग्रवाल ,बैजनाथ महतो, नरेंद्र कुमार, सुबोध जयसवाल, रवि जायसवाल,झमन प्रसाद,एवं सभी अखाड़ों के अध्यक्ष सचिव के अलावा कई प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

### जैक मैट्रिक और इंटर का रिजल्ट 19 को जारी करेगा

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

लोकसभा चुनाव के पहले फेज की वोटिंग 19 अप्रैल को होनी है। लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने के लिए चुनाव आयोग जोरशोर से जुटा है। दूसरी तरफ झारखंड एकेडमिक काउंसिल जैक शुक्रवार को मैट्रिक और इंटर का रिजल्ट जारी करेगा। परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं को इस घड़ी का बेसब्री से इंतजार रहता है। जैक के सभागार में शुक्रवार को 11.30 बजे रिजल्ट जारी होगा। झारखंड में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 6 फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित हुई थी। मैट्रिक की परीक्षा में कुल 4,21,678 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। वहीं इंटर की परीक्षाओं में 3,44,822 परीक्षार्थियों शामिल थे। दोनों लेबल की परीक्षाओं के नतीजे छात्र और छात्राओं के आगे के भविष्य की राह खोलते हैं। रिजल्ट जारी करने को लेकर काउंसिल की तरफ से तैयारी पूरी की जा चुकी है।

## पलाण्डू में मेला एवं भव्य जुलूस झांकी के साथ रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण संपन्न

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बड़कागांव



प्रखंड अंतर्गत पलाण्डू में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला एवं भव्य जुलूस का आयोजन किया गया जिसमें तलसवार एवं आंगों पंचायत के दर्जनों गांव पतरा, कोयलंग, परेवातरी, लमकी टांड़, सोहदी, बरतुआ, आंगो, अम्बाटोल, चेलगदाग ने भाग लिया। सभी गांव के लोगों ने अपनी अंदर छुपी प्रतिभा लाठी, तलवार एवं अन्य अस्त्र शस्त्र का करतब को दिखाने का काम किया एवं दर्जनों गांव के लोगों ने अपनी अपनी झांकी के साथ इस मेले में प्रवेश किया और विभिन्न प्रकार की झांकी दिखाई गई। झांकी के द्वारा आध्यात्मिक एवं पारिवारिक झांकी सबसे अच्छी प्रदर्शन करने वाले गांवों को पुरस्कृत करने का भी काम मेला समिति द्वारा किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार कुशवाहा रामनवमी पूजा समिति परेवातरी की जीवंत झांकी भस्मासुर का वध को मिला, दुसरा पुरस्कार सतबहीय को, तीसरा पुरस्कार आंगो को दिया एवं अन्य अस्त्र शस्त्र कला प्रदर्शन करने वालों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से मेला समिति के अध्यक्ष सह पुर्व मुखिया शुक्ला तुरी, मंच संचालक अजय कुमार, मेला के मुख्य अथिति के रूप में तलसवार पंचायत मुखिया गीता देवी, विशिष्ट अतिथि आंगो पंचायत मुखिया निलम मिंज, पंचायत समिति सदस्य तलसवार पंचायत प्रतिनिधि मिथिलेश साव, उपाध्यक्ष ईश्वर कुमार महतो, सचिव नारायण प्रसाद, सहसचिव महावीर रविदास, कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, सह कोषाध्यक्ष छोटेलाल महतो, संयोजक छटु गंझु, सहसंयोजक विमल करमाली, संरक्षक एतवा तुरी सह संरक्षक सुबेदार करमाली, सहसंचालक प्रदीप महतो, मीडिया प्रभारी सुनील राज, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी,अजय दास, वार्ड सदस्य काजो कुमारी, गणेश कुमार दास, ईश्वर महतो ,जंगल गंझू, संतोष महतो ,उषा देवी, विजय महतो, रामदास तुरी एवं तलासवार पंचायत आंगो पंचायत के लोगों ने उपस्थित थे !

## खूंटी संसदीय सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू, 25 अप्रैल तक भरे जायेंगे नामांकन पत्र

राष्ट्रीय मुख्यधारा। खूंटी



अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित 11 खूंटी संसदीय सीट के लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई। 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक उम्मीदार अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी। 27 और 28 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण 29 अप्रैल को प्रत्यशी अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। नामांकन के लिए उम्मीदवार को 12500 सुरक्षित राशि जमा करनी पड़ेगी। नामांकन के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के उम्मीदवार को एक प्रस्तावक और स्वतंत्र उम्मीदवार के लिए दस प्रस्तावकों का होना जरूरी है। यह जानकारी जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने समाहरणालय सभागार में गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। मौके पर पुलिस अधीक्षक अमन कुमार भी मौजूद थे। एपायुक्त ने बताया कि नामांकन पत्र भरने में प्रत्याशियों की सुविधा के लिए प्रशाासन द्वारा हेल्प डेस्क बनाया गया है। नामांकन के सबंध में डीसी और एसपी ने बताया कि समाहरणालय से दो सौ मीटर की दूरी तक किसी उम्मीदवार के साथ तीन गाड़ियों को ही जाने की अनुमति होगी। नामांकन के लिए उम्मीदवार के साथ जा सकते हैं। डीसी ने बताया कि खूंटी संसदीरू क्षेत्र में पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 13 लाख नौ हजार 677 है। इनमें छह लाख 66 हजार 584 महिला वोटर और छह लाख 43 हजार 87 पुरुष मतदाता हैं। बताया गया कि छह विघानसभा क्षेत्रों में फैले खूटी संसदीय सीट में 13 मई को मतदान होगा। इसके लिए 1705 मतदान कंद्र बनाये गये हैं। इनमें खूंटी जिले के तोरपा विधानसभा क्षेत्र में 252 और खूंटी विधानसभा क्षेत्र में 297 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। खरसावां में 282, तमाड़ में 303, सिमडेगा में 270 और कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में 301 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। बताया गया कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए खूंटी जिले में 549 मतदान केंद्र बनाये गये हैं और 72 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 110 माइक्रो ऑब्जर्बर, और 659 पीठासीन पदाधिकारी अरैी इतनी ही संख्या में प्रथम, द्वितीय और तृतीय मतदान अधिकारी प्रतिनियुक्त किये गये हैं। जिला निर्वाची पदधिकारी ने बताया कि इस बार खूंटी जिले में युवा बूथ भी बनाये गये हैं, जहां सभी मतदान अधिकारी और कर्मचारी 30 वर्ग के होंगे। उन्होंने बताया कि जिले में 115 महिला बूथ बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि तोरपा में एक यूनिक मतदान केंद्र बनाया गया है, जहां 90 फीसदी मतदाता आदिवासी हैं। उस मतदान केंद्र को जनजातीय परंपरा और संस्कृति को दर्शानेवाली पेंटिंग आदि कराई गई है। डीसी ने बताया कि खूंटी जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं की संख्या 85 है, जिनमें 52 बुजुर्ग मतदाताओं ने होम वाटिंग की इच्छा जताई है। होम वोटिंग 12 मई को होगी। डीसी ने बताया कि अड़की प्रखंड के बदानी में पहली बार मतदान केंद्र बनाया गया है। पहले गांव के लोगों को दूसरी जगह मतदान के लिए जाना पड़ता था। जिला निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि मुस्लिम बहुल 26 मतदान केंद्रों को पर्दानशीं बूथ के रूप में पहचान की गई है। यहां सभी महिला मतदान कर्मी और अधिकारी ही तैनात होंगे। इन मतदान केंद्रों में पर्दा करनेवाली महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है।

### जुलूस में माइक के लिए भिड़ गए दो दल, विधायक अंबा के सुरक्षाकर्मी हुए घायल

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रामगढ़

रामगढ़ जिले के बरकाकाना में बुधवार की रात रामनवमी जुलूस के दौरान माइक को लेकर दो दल आपस में भिड़ गए। झड़प इतनी बढ़ गई की पूजा करने आई बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के अंगरक्षक भी घायल हो गए। इसके बाद यह पूरा मामला हाई प्रोफाइल हो गया। विधायक अंबा प्रसाद ने इसे कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के साथ जोड़ा है। उन्होंने कहा है कि जब वे खुदका, अपने अंगरक्षकों का और अपने कार्यकर्ताओं का ध्यान नहीं रखेंगी, तो इस क्षेत्र की जनता का ध्यान कैसे रखेंगी । यह पूरा मामला दल से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि पूजा स्थल पर जब वह पहुंची तो थोड़ी देर रुक कर लोगों को शुभकामना देकर दूसरे कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाना चाह रही थी। लेकिन हर बार उन्हें 10 मिनट रुकने की बात बोलकर घंटों समय बिता दिया गया। इसके बाद वहां से उन्हें बिना शुभकामनाएं दिए ही जाने के लिए बोला गया। इसके पास कुछ कार्यकर्ताओं ने माइक छीन कर विधायक को देने की कोशिश की। इसी दौरान आजसू के कार्यकर्ता विधायक के समर्थकों के साथ मारपीट करने लगे। बीच बाजार करने गए विधायक के अंगरक्षकों को भी पीटा गया।

**थाने पहुंची विधायक, दर्ज कराई शिकायत, एसडीपीओ कर रहे जांच**- पूजा स्थल से निकलने के बाद विधायक अंबा प्रसाद सीधे बरकाकाना थाना पहुंची। वहां पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम ने इस पूरे मामले को देखा और जांच शुरू कर दी। विधायक ने यहां घायल कार्यकर्ताओं और अंगरक्षकों को लगी चोट को दिखाया। साथ ही मारपीट करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले में पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम ने बताया कि दो पक्षों के बीच माइक को लेकर झड़प हुई है। वह इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। दोषियों पर कार्रवाई होगी।

**राम भक्त के रूप में घूम रहे हैं रावण**- आजसू कार्यकर्ताओं द्वारा की गई हरकत पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि राम भक्त के रूप में यहां रावण सेना सड़क पर घूम रही है। जिन्हें ना तो मर्यादा का ध्यान है और ना ही संस्कृति के बारे में कुछ जानते हैं।

## रामनवमी महोत्सव धूम धाम से मनाया गया

राष्ट्रीय मुख्यधारा। धनबाद

जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत मंझीलाडीह स्थित श्री श्री 108 हनुमान मंदिर मंझीलाडीह(टुंडी) में रामनवमी महापर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया ।सर्वप्रथम श्री दुर्गा महाअष्टमी के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति हनुमान मंदिर के संस्थापक सह मुख्य यजमान श्री हरिहर प्रसाद लाला ने हनुमान मंदिर के पुजारी श्री सच्चिदानंद पांडे के द्वारा श्रीरामचरितमानस पाठ से पूजा प्रारंभ कराया।मंदिर स्थापना के 25 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में महाअष्टमी को रातभर भजन मंडली नारदियी हरि कीर्तन भगुडीह एवं मंझीलाडीह की टीम के द्वारा बहुत ही सुंदर प्रस्तुति की गई, जिसमें सभी दर्शको ने हरि कीर्तन का भरपूर लाभ उठाया। बताते चलें कि हनुमान मंदिर के संस्थापक श्री हरिहर प्रसाद लाला के द्वारा 25 मार्च1999 को अपने सहयोगी श्री शैलेंद्र मिश्र, देवानंद रजवार,प्रभु सिंह, लालजी सिंह एवं अन्य गणमान्य लोगों के साथ हनुमान मंदिर की नीव रखी थी ।श्री रामनवमी के मौके पर जुलूस के साथ विभिन्न प्रकार की झांकियों का भी प्रदर्शन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से वरीय अधिवक्ता हेमंत कुमार सिन्हा, चंदन कुमार सिन्हा, जय कृष्ण शरण, प्रेम कृष्ण सिन्हा, रामदेव सिंह, अमित सिन्हा, तारा शरण, हेमलाल कुम्हार, बांके बिहारी ,केशव , साहिल, सुमीत सिन्हा,जयदित्य शरण, अनोखी के अलावा सैकड़ों की संख्या में मंझीलाडीह एवम आस पास के ग्रामीण जुलूस में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।

## यात्री बस की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पलामू



सतबरवा थाना क्षेत्र के पोंची बाबा चौक के समीप सड़क हादसे में जान गवा बैठे दोनों मोपेड सवार युवकों की पहचान गुरुवार को कर ली गई। एक मृतक की पत्नी और बहन ने दोनों शवों की पहचान की। थाना प्रभारी अंचीत कुमार के अनुसार मृतकों में चैनपुर थाना क्षेत्र के टेमराई गांव के बेने समद (22 ) और महेश टोपनो (25) शामिल हैं। रांची-डालटनगंज मुख्य मार्ग पर पोंची बाबा चौक के समीप बुधवार की शाम अर्श यात्री बस की चपेट में आकर दोनों मोपेड सवार युवकों की मौत घटनास्थल पर हो गई थी। थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया था। एएसआई राजीव रंजन (वन) ने बताया कि टीवीएस मोपेड संख्या (जेएच 03 एए 4163) पर सवार होकर दोनों युवक मेदिनीनगर की ओर से लातेहार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही अर्श बस की चपेट में आ गए। करीब 25 मीटर तक बस के बगल के साइड हिस्से में फंसकर घिसटाते चले गए थे। एएसआई राजीव और पुलिस के जवानों ने मानवता का परिचय देते हुए शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए तुंबागड़ा नवजीवन अस्पताल के मोर्चरी में रखवा दिया था। इधर, एएसआई बसंत दुबे ने बताया कि गुरुवार को एमआरएमसीएच में दोनों शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। सतबरवा थाना पहुंची बेने समद की बहन सुरमी समद और पत्नी मार्था गुड़िया ने शव की पहचान की। टीवीएस मोपेड की भी पहचान की। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस की काफी तारीफ की थी। पुलिस ने मोपेड और बस को कब्जे में ले लिया है। मृतक की बहन सुरमी समद ने बताया कि उसका भाई लोहरदगा के कुलहासा अपने ससुराल जाने के लिए एक दोस्त के साथ निकला था। उसकी मौत से रामनवमी की खुशी मातम में बदल गई। पत्नी मार्था ने बिलखते हुई जानकारी दी कि उसके पति बेने की बात मोबाइल पर हुई थी। उन्होंने बताया था कि लातेहार पहुंच रहे हैं, जल्द ही लोहरदगा पहुंच जाएंगे। उन्होंने बताया कि सतबरवा थाना से जानकारी मिली की उसके पति की दुर्घटना में मौत हो गई है। उसका एक छोटा सा मासूम बच्चा है।

# बड़ी रकम लेकर कांग्रेस ने कर दी धनबाद लोकसभा क्षेत्र में टिकट की सौदेबाजी

## बोकारो कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं पूर्व महासचिव ने लगाया आरोप, समर्थकों संग दिया इस्तीफा

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो



धनबाद लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस का टिकट बेरमो विधायक जयमंगल सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को दिए जाने के बाद चर्चा का बाजार गर्म हो गया है। कुछ लोग इसे सही फैसला बता रहे हैं, तो कई दबी जुबान से इस पर नाराजगी भी जाहिर कर रहे हैं। लेकिन, कुछ लोगों ने इसे लेकर बगावत कर दी और खिलाफत में अपना मोर्चा भी खोल दिया। पार्टी के बोकारो जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम दुबे एवं पूर्व महासचिव सह वर्तमान आजीवन सदस्य अनिल सिंह ने टिकट के बंटवारे में बड़ी रकम लेकर सौदेबाजी करने का आरोप लगाया है। गुरुवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान श्री सिंह ने इस आरोप के साथ ही श्री दुबे और पार्टी के सैकड़ों कर्मठ एवं ईमानदार कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया।

**अनिल सिंह ने कहा** – मैं कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रभारी से एवं प्रभारी महोदय से यह जानना चाहता हूं कि ऐसी कौन सी मजबूरी हो गई है कि प्रदेश अध्यक्ष अपने गृह जिला एंव लोकसभा क्षेत्र से एक घरेलू महिला, जिसे राजनीति का ककहरा नहीं आता है, उसे आपने कितने में टिकट बेचा है? धनबाद लोक सभा क्षेत्र की जनता पूछती है। उस महागठबंधन प्रत्याशी ने आज तक किस आन्दोलन में भाग लिया था? इलेक्ट्रोस्टील एवं बोकारो इस्पात संयंत्र में विस्थापितों के उपर लाठी चलती रही, उनके परिवार के लोग मौन होकर देखते रहें। संवेदना के नाम पर बेरमो विधायक का एक भी बयान नहीं आना यहां के विस्थापितों के साथ बहुत बड़ा धोखा है।

**कार्यकर्ता जानना चाहते हैं तय की गई रकम-** श्री सिंह व श्री दुबे ने कहा कि एक ही घर में एक विधायक दूसरा बोर्ड निगम और तीसरा एम.पी. का टिकट देने का क्या कारण है? जब उसी परिवार को टिकट देना था, तो युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी के लिए आन्दोलन कर अपनी हड्डियां तोड़वाई एंव खून भी दिया, तो उसमें क्या बुराई थी? उसे झारखण्ड के पूरे युवा पसंद करते हैं। कितने में बिका टिकट, धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता यह जानना चाहती है। उन्होंने कहा कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र से रहे पूर्व सांसद ददई दुबे, आलोक दुबे एवं वर्तमान झरिया विधायक नीरज पूर्णिमा सिंह, बोकारो विधान सभा क्षेत्र से एक लाख वोट लेकर श्वेता सिंह या धनबाद लोकसभा क्षेत्र से ऐसा कोई महागठबंधन कोई प्रत्याशी नहीं था जो कांग्रेस सीट जीतकर पार्टी के झोली में डाल सके? क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्त्ता और नेता यह जानना चाहते हैं कि कितने में टिकट की सौदेबाजी की गई।

**विधानसभा टिकट का दाम बताएं, मुंहमांगी कीमत देंगे** – अनिल सिंह ने कहा कि झारखण्ड प्रभारी और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से बोकारो विधान सभा के टिकट का वह दाम पूछना चाहते हैं। वे अपनी पार्टी के टिकट का दाम बताएं। आने वाले छह महीने बाद विधानसभा में वह उनदोनों को मुंहमांगी कीमत देकर टिकट खरीदने को तैयार हैं। प्रेसवार्ता में मिन्टू दुबे, कैलाश गुप्ता, मिलन कुमार, मनोज कुमार सिंह, जयदेव कुमार, हर्ष जायसवाल, रामाकान्त दुबे, करण सिंह, राम कुमार, विजय कुमार, कमलेश कुमार, रमेश कुमार गोप, राज, परवेज आदि मौजूद रहे।

## राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की टीम जमशेदपुर रवाना



राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की बालक टीम 24वीं झारखंड राज्य जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गुरुवार को जमशेदपुर रवाना हो गई। इस प्रतियोगिता में 19 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले रहे है। प्रतियोगिता 19 से 21 अप्रैल तक जमशेदपुर के केरली पब्लिक स्कूल, कदमा में खेली जाएगी। संघ के सचिव संजीव कुमार के अनुसार, जमशेदपुर बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित 24वी झारखंड राज्य बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बोकारो जिला आठ सदस्यों की टीम अपना कौशल दिखाएगी। बालक टीम में श्रेयांस मिश्रा, आयुष खवास, प्रतीक केशरी, आरुष सिंहा, संजीत, आदित्या, हर्षित सुंदरम एवं प्रीतम प्रकाश शामिल हैं। जबकि प्रशिक्षक (कोच) के रूम में किंकर कृष्णा मौजूद हैं। टीम के चयन में निखिल ओझा, बिनोद कुमार, हारूण अंसारी ने अहम भूमिका निभाई।

प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के प्रकाश सिंह, अध्यक्ष मनीष सिंह, सचिव संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार, चयन समिति के अध्यक्ष निखिल ओझा, विजय कुमार मिंज, सुधीर कुमार, राम लखन मिस्त्री, मनोज दुबे, रण विजय ओझा, एवम अन्य सदस्यों ने अपनी शुभकामनाएं दीं।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीराम के जीवन का हरेक पल मार्गदर्शक : स्वामी शशांकानंद



**बोकारो**। नगर के सेक्टर-1 स्थित श्रीरामकृष्ण विवेकानंद आश्रम में गुरुवार को श्री रामचरित मानस पर व्याख्यान आयोजित किया गया। अपने संबोधन में स्वामी शशांकानंद महाराज ने कहा कि प्रभु श्री राम के जीवन का एक-एक पल हमारे लिये अध्ययन करने योग्य है। जीवन के हर काल में रामचरित मानस हमारे जीवन का मार्गदर्शन करता है। प्रभु श्री राम जी ने हमे जीवन मे सच्चाई ईमानदारी मेहनत के साथ जीना सिखाया है। हमारे आराध्य प्रभु श्री राम सुख और दुख में धैर्य का परिचय देते हैं। प्रभु श्री का जीवन एक छोटे बच्चे से लेकर वृद्ध व्यक्ति तक के लिए आदर्श है। इस अवसर पर सचिव प्रणव मित्र, गोपाल चंद मुंशी, शैवाल गुप्ता सहित कई भक्तजन उपस्थित रहे।

### तुपकाडीह में दुर्गोत्सव का समापन



**बोकारो**। तुपकाडीह में दस-दिवसीय वासंती दुर्गा पूजा उत्सव का समापन गुरुवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ हो गया। काफी संख्या में मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां भगवती से आशीर्वाद लेने के बाद नम आंखों से उन्हें विदाई दी। महिला श्रद्धालुओं ने इस दौरान सिंदूर लगाकर सुहागन रहने का आशीर्वाद मां गौरी से मांगा। कमेटी के अध्यक्ष अनिल दिगार ने पूजा व रामनवमी जुलूस शांतिपूर्वक सम्पन्न होने पर आमजनों का आभार जताया।

### मुखिया ने 500 लोगों को अंगवस्त्र से किया सम्मानित



**तालगड़िया (बोकारो)**। चंदनकियारी प्रखंड के महाल में महानवमी के अवसर पर मुखिया शीतल कुमार सिंह ने करीब पांच सौ लोगों को अंगवस्त्र ओढाकर सम्मानित किया। इस दौरान दर्जनों मुस्लिम समुदाय के दर्जनों लोगों ने अपनी भागीदारी के जरिए कौमी एकता की मिसाल पेश की। मुखिया ने कहा कि आपसी सौहार्द ही मानव जीवन का धर्म है। इससे भाईचारे को बढ़ावा मिलता है।

### डीवीसी आवासों में रहनेवाले लोगों का होगा सत्यापन, समिति गठित

**बोकारो थर्मल**। बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के डीजीएम बीजी होलकर ने गुरुवार को आवासीय कॉलोनी में डीवीसी के आवासों में अधिकृत एवं अनाधिकृत रुप से रहनेवाले लोगों की जांच के लिए डीवीसी अधिकारियों एवं यूनियन प्रतिनिधियों की एक समिति का गठन किया। समिति ऐसे सभी आवासों की जांच कर एक माह के अंदर अपनी रिपोर्ट सौंपने का कार्य करेगी। गुरुवार को डीजीएम द्वारा आदेश में वर्णित है कि विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त शिकायतों के आलोक में डीवीसी अधिकारियों तथा विभिन्न यूनियन प्रतिनिधियों की एक जांच समिति गठित की जाती है, जो डीवीसी बोकारो थर्मल के आवासों में अधिकृत एवं अनाधिकृत रुप से रहने वाले लोगों से पूछताछ कर वस्तुस्थिति की जांच करेगी। जांच के दौरान आवासों में रहने वाले सही व्यक्तियों की पहचान तथा आवास परिसर में निर्मित अवैध निर्माण की भी जांच कमेटी करेगी। डीजीएम द्वारा गठित समिति में एचआर के सहायक प्रबंधक सह सचिव आवास आवंटन समिति एसएए अशरफ, सहायक प्रबंधक सिविल कल्याणी कुमारी, भू-संपदाधिकारी अविनाश कुमार सिन्हा, डीवीसी श्रमिक यूनियन के सचिव बीके सिंह, कर्मचारी संघ के सचिव सदन कुमार सिंह, स्टाफ एसोसिएशन के सचिव राम नारायण राय, कामगार संघ के सचिव रविचंद्र कुमार, मजदूर संघ के सचिव राजदेव सिंह, हिंद मजदूर किसान यूनियन के सचिव राम लाल पासवान शामिल हैं। डीजीएम के पत्र में भू-संपदा विभाग के ओएस एनुल हक अंसारी गठित समिति को आवासों से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध करने व रिपोर्ट तैयार करने में मदद करेंगें.समिति सप्ताह में दो दिन बुधवार तथा शुक्रवार को आवासों का भौतिक निरीक्षण कर अपनी विस्तृत रिर्पोट अधिकतम एक माह के भीतर डीजीएम को प्रस्तुत करेगी।

### कल बोकारो थर्मल दौरे पर आयेंगे डीवीसी चेयरमैन

**बोकारो थर्मल**। डीवीसी चेयरमैन भाप्रसे एस सुरेश कुमार 20 अप्रैल को एक दिवसीय दौरे पर बोकारो थर्मल आयेंगे। डीवीसी चेयरमैन इसके एक दिन पूर्व 19 अप्रैल को चंद्रपुरा पहुंचेगे। बोकारो थर्मल के नूरी नगर स्थित डीवीसी के ऐश पौंड का चेयरमैन विजिट करेंगे। बाद में बोकारो में बिजली कंज्यूमर की एक मीटिंग में भी वे शामिल होंगे। चेयरमैन के आगमन को लेकर पावर प्लांट सहित कॉलोनी के मेन रोड की साफ सफाई का कार्य सिविल के कामगारों द्वारा करवाया जा रहा है।

### राष्ट्रीय मनवाधिकार के सदस्यों ने धूम धाम से मनाया रामनवमी

**धनबाद**। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम् भ्रष्टाचार निवारण, भारत के धनबाद ईकाई के सदस्यों के द्वारा धूमधाम से मनाई गई रामनवमी। हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम् भ्रष्टाचार निवारण, भारत के धनबाद ईकाई के सदस्यों के द्वारा रामनवमी कार्यकर्म बहुत ही सुंदर एवम् भव्य तरीका से अखाड़ों के खिलाड़ियों एवम् श्रद्धालुयो के बीच ठंडा पानी, शर्बत एवम् प्रसाद के रुप में बुंदिया का वितरण कर साथ में फर्स्ट ऐड का भी व्यवस्था कर सभी सदस्यों के द्वारा शांति पूर्वक मनाया गया।इस कार्यक्रम में संघठन से जुड़े सभी धर्म के सद्स्य अपना अपना बढ़ चढ़ कर भागीदारी दी।समाज में एक भाईचारे के संदेश देने का कार्य किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी कार्यकर्त्ता एवम् पधाधिकारी अपनी अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव झारखण्ड के श्री राजेश गुप्ता ने कहा कि ये कार्यक्रम हमलोगो के द्वारा प्रति वर्ष किया जाता है। इस तरह का कार्यक्रम करने से समाज में एक अच्छा संदेश पहुंचता हैं कि संघठन में हम सब हिंदू, मुस्लिम, सिख,ईसाई एक मंच में मौजूद होकर एक साथ भाईचारा के साथ कार्यक्रम को सफल किया जाता हैं।श्री गुप्ता जी ने मंच में सभी को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम् भ्रष्टाचार निवारण, भारत के टीम हर समय शोषित,पीड़ित लोगों के लिए खड़े है जब भी किन्ही को दिक्कत या जरुरत पढ़े वो जरूर से जरूर संहठन से सम्पर्क करें उनकी सहायता की जाएगी।

## आदित्यपुर : 1965 से जय हनुमान अखाड़ा रामनवमी मना रहा है



राष्ट्रीय मुख्यधारा। सरायकेला

लाइसेंसी स्वर्गीय भोलानाथ गुप्ता और महंत हरिहर बाबा ने रखी थी नींव सांसद गीता कोड़ा पहुंचीं अखाड़ा के उद्घाटन में पगड़ी और तलवार भेंट कर किया अभिनंदन आदित्यपुर का सबसे पुराना रामनवमी अखाड़ों में जय हनुमान अखाड़ा गुमटी बस्ती का शुमार है. यहां 1965 से यानी 59 वर्षों से रामनवमी की भव्य पूजा और जुलूस का आयोजन हो रहा है. इसकी स्थापना लाइसेंसी स्वर्गीय भोलानाथ गुप्ता और महंत हरिहर बाबा ने रखी थी. अखाड़ा के पहले लाइसेंसी स्वर्गीय भोलानाथ गुप्ता और महंत हरिहर बाबा ने बस्तीवासियों के साथ मिलकर झंडा जुलुस की शुरुआत की जो अब तक कायम है.

## श्री रामचन्द्र कृपालु भज़ुमन हरण भवभय दारुणं...

### संस्कार भारती, बोकारो द्वारा संकटमोचन हनुमान मंदिर में भजन संध्या आयोजित

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो




कला और साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की बोकारो जिला इकाई द्वारा रामनवमी के अवसर पर बुधवार की देर शाम सेक्टर 4 जी मोड़, धर्मस्थान स्थित नवनिर्मित संकटमोचन हनुमान मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्कार भारती, बोकारो जिला अध्यक्ष व गायक अमरजी सिन्हा ने 'श्रीरामचन्द्र कृपालु भजुमन...', 'जग में सुन्दर हैं दो नाम, चाहे कृष्ण कहो या राम...', गायक व संस्कार भारती, बोकारो जिला इकाई के संगीत प्रमुख अरुण पाठक ने 'राम का गुणगान करिए... ', 'तेरा राम जी करेंगे बेड़ा पार...', :हे बजरंगबली हनुमान, हे महावीर करो कल्याण...', मैथिली गीत 'राम लखन सन पाहुन जिनकर सीता सनक जकर बेटी...' व 'पूजा के हेतु शंकर आयल छी हम पुजारी...', गायिका रिया सिन्हा ने 'सजा दो घर को गुलशन सा...', 'तुम उठो सिया श्रृंगार करो, शिव धनुष राम ने तोड़ा है....' व अन्य भजनों की सुमधुर प्रस्तुति से वातावरण में भक्तिरस का संचार कर दिया।

प्रारंभ में कार्यक्रम में कलाकारों का स्वागत करते हुए संस्कार भारती, बोकारो जिला इकाई के मंत्री स्वरूप शेखर पांडेय व सह मंत्री अर्चना चौधरी ने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन करते हुए संगीत प्रमुख अरुण पाठक ने कहा कि भगवान श्री राम भारतीय संस्कृति के नायक हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मदिन रामनवमी पर संस्कार भारती द्वारा भजन संध्या का आयोजन प्रशंसनीय है। आगे भी ऐसे अवसरों पर भजन कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम का संचालन राजेश चौधरी ने किया। इस अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से श्रद्धालुओं के बीच खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया।भजन संध्या में संस्कार भारती झारखंड प्रदेश इकाई के सह चित्रकला प्रमुख सरोज कुमार मिश्रा, बोकारो जिला इकाई के संरक्षक संदीप तिवारी सहित अनुराग कुमार उर्फ भज्जु, मुन्ना जी, राजेश चौधरी, रीना सिन्हा, सौमित चौधरी आदि उपस्थित थे।

## चुनाव का पर्व, देश का गर्व नारे के साथ चिट्ठी बांट वोटरों को जागरूक कर रहे डाककर्मी

### लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिकाधिक मतदान को ले डाक विभाग का अहम कदम

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो




लोकसभा चुनाव 2024 में आधिकारिक मतदाताओं की भागीदारी हो और उनका एक-एक वोट एक विकासोन्मुखी सरकार बनाने में सहायक हो, इसके लिए भारतीय डाक ने भी अनूठा कदम आगे बढ़ाया है। बोकारो में धनबाद मंडल के वरीय डाक अधीक्षक उत्तम कुमार सिंह के मार्गदर्शन में बोकारो के सहायक डाक अधीक्षक अभिजीत रंजन के नेतृत्व में डाककर्मी मतदाता जागरुकता अभियान चलाने में लग गए हैं। प्रधान डाकघर, सेक्टर-2 के डाकपाल सतीश कुमार के नेतृत्व में अभियान जोर-जोर से शुरू हो गया है। डाकिया घर-घर इन दिनों जो चिट्ठी या अन्य डाक पहुंचा रहे हैं, उन पर चुनाव का पर्व, देश का गर्व लिखी मुहर लगाकर उसकी डिलीवरी करते हैं। इसके साथ ही वे वोटरों से अपना वोट अवश्य डालने की अपील भी कर रहे हैं। विपणन पदाधिकारी कौशल कुमार उपाध्याय के अनुसार, डाक विभाग भारत निर्वाचन आयोग के मानदंडों के मुताबिक मतदाता जागरूकता अभियान में जिला प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को कटिबद्ध है। इस दिशा में एक तरफ जहां नारालिखित स्टांप लगाकर पोस्टल डिलीवरी की जा रही है, वहीं दूसरी ओर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों एवं प्रमुख स्थलों पर पोस्टर व बैनरों के माध्यम से भी वोटरों को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक किया जा रहा है। एएसपी अभिजीत ने कहा कि मताधिकार प्रत्येक भारतवासी का सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है। इसके जरिए वे देश का भविष्य गढ़ पाने में सक्षम हो पाते हैं। एक बार पुनः देश में यह शुभ अवसर आया है। ऐसे में प्रत्येक मतदाता को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना ही चाहिए। इस दिशा में भारतीय डाक हरसंभव सहयोग के लिए कटिबद्ध एवं तत्पर है।

## रोटरी बोकारो ने लगाया निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर, 400 से अधिक बच्चों की हुई जांच

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो




रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने सामाजिकता की कड़ी में गुरुवार को इंटरेक्ट क्लब ऑफ संत जेवियर्स स्कूल, बोकारो के साथ मिलकर संत जेवियर्स स्कूल, बोकारो के हिंदी माध्यम स्कूल में वृहद नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर में 400 से अधिक अधिक बच्चों की नेत्र ज्योति की स्क्रीनिंग की गई। सर्वप्रथम इंटरेक्ट क्लब की अध्यक्षा ने सीनियर ऑप्टोमेट्रिस्ट चंदन कुमार एवं अन्य सदस्यों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कैम्प के संयोजक रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता ने इस बात पर ज़ोर दिया कि जीवन के विभिन्न सोपानों में सफल होने के लिए उत्तम नेत्र दृष्टि का होना नितांत आवश्यक है, क्योंकि अच्छी नेत्र दृष्टि के द्वारा हम जीवन की बहुत सी अनुभूतियों को साक्षात दृष्टिगत करते हुए बेहतर निर्णय ले पाने में सक्षम हो पाते है। महेश गुप्ता ने दृष्टि दोष पाए गए बच्चों को अपने सेक्टर 4 स्थित क्लिनिक बेटर विज़न में आकर वृहद नेत्र परीक्षण एवं उपचार के लिए आमन्त्रित किया और सभी दृष्टि दोष से ग्रसित छात्रों एवं छात्राओं को मुफ़्त चश्में देने का आश्वासन दिया। श्री गुप्ता ने सभी बच्चों को इस मानवीय कृत्य के लिए हृदय की गहराइयों से साधुवाद दिया। संत जेवियर्स स्कूल के प्रधानाचार्य अरूण मिंज ने सभी रोटेरियन और नेत्र विशेषज्ञ चंदन कुमार को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद दिया और साथ ही साथ इंटरेक्ट क्लब के सभी पदाधिकारियों को इसी प्रकार के अनेक नेक सामाजिक कार्यों को जीवन में आगे भी करते रहने हेतु प्रेरित किया। अंत में इंटरेक्ट क्लब की अध्यक्षा ने सभी उपस्थित लोगों, डॉक्टरों एवं रोटेरियनों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के संयोजन एवं सम्पादन में रोटेरियन चंद्रिमा रे की विशेष भूमिका रही।

## जुलूस में भक्तो को सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा जगह- जगह पर कराया गया जलपान





राष्ट्रीय मुख्यधारा। औरंगाबाद

रामनवमी के मौके पर ओबरा मुख्यालय में निकली जुलूस मे स्थानीय पंचायत समिति सदस्य रंजीत भगत एवम सतीश भगत के द्वारा रामभक्तो को जलपान एवम शरबत उपलब्ध कराया गया, एवम रामनवमी के मौके पर एक दूसरे को बधाई देकर, रामनवमी की शुभ कामना दी। सतीश भगत ने कहा की यह पर्व खुशियों का त्योहार है,और हम आप सबों के सेवा में तत्पर रहते है, सबों के सहयोग से रामनवमी पर्व संपन्न हुआ, जिसके लिए प्रशासन को भी बधाई देते हुए, उनके उज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

रामनवमी का जुलूस प्रशासन द्वारा निर्धारित नियम व शर्तो के अनुसार के अनुसार संपन्न हुआ,जय श्री राम के नारे ओबरा समेत विभिन्न क्षेत्रों में गुंजता रहा। रंजीत भगत ने कहा की मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्म दिवस पर रामनवमी मनाने की परंपरा है,झांकी लोगो के लिए आकर्षक का केंद्र बना रहा।

## बिष्णुगढ़ के झांकियों में आक्रशक का केंद्र बना अयोध्या में स्थापित रामलला के प्रतिमा



राष्ट्रीय मुख्यधारा। हजारीबाग

हजारीबाग जिले से विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत सभी अखाड़ों के झांकियों को अनोखे ढंग से सजाकर पूरे आक्रशकता के साथ गाजे बाजे एवं लाठी झंडों से सुसज्जित होकर झांकियां निकाली गई । बताया जाता है कि बिष्णुगढ़ के अखाड़े में अयोध्या के रामलला की मूर्ति का पूर्ण छायाचित्र पर आधारित झांकियों को सजाया गया था तथा इन झांकियों में देखने के बाद आकषर्कता का केंद्र लग रहा था बिष्णुगढ़ प्रखंड में मुख्य रूप से विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु विष्णुगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार थाना प्रभारी राम नारायण सिंह विष्णुगढ़ अखाड़े के अध्यक्ष विनोद सिंह के अलावा बढ़-चढ़कर लोगों ने भाग लिया और हरसोउल्लास के साथ रामनवमी का त्यौहार को मिल जुल कर मनाया कहीं किसी तरह का अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

# खूंटी लोकसभा सीट पर देशभर की नजर, दो मुंडाओं में होगा तगड़ा घमासान, 13 मई को है मतदान

**खूंटी, एजेंसी।** झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में खूंटी सीट खास है। अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित खूंटी सीट पर एक बार फिर दो मुंडाओं के बीच दिलचस्प मुकाबला तय है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के यहां से चुनाव लड़ने की वजह से देशभर की नजर इस सीट पर है। 2019 के पहले तक यहां से भाजपा के वयोवृद्ध नेता और लोकसभा के पूर्व उपसभापति कड़िया मुंडा चुनाव जीतते रहे थे। वहीं, 2019 में अर्जुन मुंडा यहां से जीते, उन्होंने कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को हराया था, लेकिन जीत का अंतर काफी कम था।




इस बार फिर अर्जुन मुंडा और कालीचरण मुंडा चुनावी मैदान में आमने-सामने हैं। ऐसे में यहां का चुनाव काफी दिलचस्प होगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में अर्जुन मुंडा ने कालीचरण मुंडा को कड़े मुकाबले में 1445 वोटों के अंतर से मात दी थी। पिछले चुनाव में भाजपा के अर्जुन मुंडा को 3,82,638 मत मिले थे। वहीं, कालीचरण मुंडा ने 3,81,193 मत हासिल किए थे।बता दें कि खूंटी क्षेत्र में 13 मई को मतदान है। गुरुवार 18 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ ही यहां नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में अर्जुन मुंडा सबसे बड़ा आदिवासी चेहरा हैं।इस साल फरवरी महीने के आरंभ में पंजाब और हरियाणा की शंभू बार्डर पर किसान आंदोलन शुरू हुआ तो कृषि मंत्री के नाते किसान संगठनों से वार्ता के मोर्चे पर अर्जुन मुंडा आगे रहे। इससे उनकी छवि को राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ा आयाम मिला। अब अर्जुन मुंडा के सामने खुद को साबित करने की चुनौती है।खूंटी संसदीय सीट पर हुए 15 चुनावों में भाजपा के कड़िया मुंडा यहां से आठ बार चुनाव जीत चुके हैं, जबकि कांग्रेस को तीन बार सफलता मिली है।

शुरुआती दौर में यहां से जयपाल सिंह मुंडा ने भी लगातार तीन बार जीत हासिल की थी। वह 1952, 1957 और फिर 1962 में जीते थे, लेकिन कड़िया मुंडा ने इस लोकसभा सीट को भाजपा के अभेद्य किले के रूप में बदल दिया।खूंटी लोकसभा सीट के इतिहास को देखते हुए ये कहा जा सकता है कि यह बीजेपी का एक अभेद्य किला है। हालांकि 2019 में अर्जुन मुंडा और कांग्रेस के कालीचरण मुंडा के बीच जिस तरह की टक्कर थी वह निश्चित तौर पर भाजपा के लिए सबक है। खूंटी में कांग्रेस को पहली सफलता 1967 में मिली थी, जब झारखंड पार्टी के शीर्ष नेता मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा कांग्रेस में शामिल होकर पार्टी के प्रत्याशी बने थे। कांग्रेस प्रत्याशी जयपाल सिंह मुंडा को मिली जीत में उनकी व्यक्तिगत छवि प्रभावी रही थी। हालांकि पूर्व चुनाव की अपेक्षा उनकी जीत का अंतर काफी कम हो गया था।

इसके बाद 1984 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या से उपजी सहानुभूति लहर में सवार होकर कांग्रेस प्रत्याशी साइमन तिग्गा यहां से लोकसभा पहुंचे।कांग्रेस को तीसरी सफलता 2004 के लोकसभा चुनाव में मिली, जब कांग्रेस की सुशीला केरकेट्टा ने यहां भाजपा के कड़िया मुंडा को हराया। कड़िया मुंडा ने पहली बार 1977 में बीएलडी के टिकट पर जीत हासिल की थी।भाजपा प्रत्याशी के तौर पर कड़िया मुंडा ने 1989, 1991, 1996, 1998 और 1999 में लगातार जीत हासिल की। 2004 में कांग्रेस की सुशीला केरकेट्टा ने कड़िया मुंडा के विजय रथ को रोक दिया था।

हालांकि, कड़िया मुंडा ने इसके बाद फिर 2009 और 2014 में खूंटी संसदीय क्षेत्र में भाजपा का परचम लहराया। 2019 में भाजपा ने कड़िया मुंडा के स्थान पर अर्जुन मुंडा को मैदान में उतारा और उन्होंने भी कड़िया मुंडा के राजनीतिक किले को बरकरार रखा।

## रेलवे स्टेशन से अवैध विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**जमशेदपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को लेकर टाटानगर स्टेशन पर आरपीएफ की औचक जांच शुरू है। आरपीएफ एएसआई एसके पांडेय व जवानों ने 10 बोतल अवैध विदेशी शराब ( रॉयल स्टैग ब्रांड ) बरामद किया है। इस दौरान बागबेड़ा निवासी युवक धीरज कुमार को प्लेटफॉर्म पर खदेड़कर पकड़ लिया। घटना मंगलवार रात पौने नौ बजे टाटानगर छपरा एक्सप्रेस के समय प्लेटफॉर्म नंबर दो की है। बरामद शराब का बाजार मूल्य साढ़े सात हजार रुपये है।

आरपीएफ पोस्ट में रेलवे प्रावधान के खिलाफ नशीला पदार्थ लेकर यात्रा करने की शिकायत दर्ज की गई है। दूसरी ओर, स्टेशन से 10 बोतल अवैध विदेशी शराब बरामद होने से सहायक आयुक्त उत्पाद को अवगत कराने के साथ आरपीएफ ने पूछताछ के बाद आरोपी को उत्पाद विभाग के हवाले कर दिया, जहां उसे उसे जेल भेजा गया है। चुनाव में नगद रुपये, हथियार एवं नशीला पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए आरपीएफ लगाताया खोजी कुत्ता और मेटल डिटेक्टर से जांच अभियान चला रही है। प्लेटफॉर्म पर जांच देखकर धीरज कुमार अचानक भागने लगा। इससे आरपीएफ जवानों ने उसे पकड़ लिया।गिरफ्तार युवक अवैध विदेशी शराब की बोतलें बिहार लेकर जा रहा था। आरपीएफ की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे फोन पर टाटानगर-छपरा ट्रेन से जसीडीह स्टेशन तक विदेशी शराब पहुंचाने का आदेश मिला था।

# हरमू नदी के जीर्णोद्धार पर जुडको ने 85 करोड़ फूंक दिए, अब नाला बनाकर निगम को हैंडओवर करने की तैयारी

**रांची , एजेंसी।** रांची के जलस्रोतों की दयनीय स्थिति पर झारखंड हाईकोर्ट लगातार आदेश दे रहा है। इसके बावजूद जलस्रोतों की साफ-सफाई और संरक्षण के लिए ठोस पहल नहीं की जा रही है। कोर्ट की सख्ती के बाद हरमू नदी पर एक बार फिर अफसरों की नजर गई है। जिस हरमू नदी के जीर्णोद्धार पर जुडको ने 85 करोड़ रुपए फूंक दिए, अब उसे नाला बनाकर निगम को हैंडओवर करने की तैयारी चल रही है।

निगम को नदी हैंडओवर करने के लिए एक कमेटी बनाई गई है। इसमें जुडको के पदाधिकारी सहित निगम के पदाधिकारियों को भी रखा गया है। जल्द ही कमेटी के सदस्य नदी के जीर्णोद्धार में हुए कार्यों और वास्तविक स्थिति का आकलन करेंगे। इसके बाद हैंडओवर लेने की प्रक्रिया शुरू होगी। हालांकि, जुडको ने अब तक निर्माण कंपनी से नदी को हैंडओवर नहीं लिया है।



पिछले छह माह के दौरान कंपनी ने निगम को पांच बार पत्र लिख कर हैंडओवर लेने का आग्रह किया, फिर भी अफसरों ने कोई सुध नहीं ली। इधर, हालात ऐसे हैं कि नदी को हैंडओवर लेने के बाद भी निगम नदी को साफ नहीं कर सकता, सिर्फ कचरा हटाएगा। क्योंकि, शहर में हरमू नदी की लंबाई 10.50 किमी है। फिलहाल 100 से अधिक मुहल्लों से निकलने वाला ड्रेनेज सीधे नदी में गिर रहा है।

नगर विकास विभाग और जुडको के अधिकारियों ने हरमू नदी को संवारने पर सोचना बंद कर दिया है। अब शहर के तीन जोन में प्रस्तावित सीवरेज-ड्रेनेज प्रोजेक्ट बनने के बाद ही हरमू नदी साफ होगी। इसलिए तीन हजार करोड़ से अधिक के सीवरेज-ड्रेनेज प्रोजेक्ट पर काम करने की तैयारी हो रही है। सीवरेज-ड्रेनेज बनने के बाद सभी गंदे पानी को एसटीपी में साफ करके नदी में छोड़ा जाएगा।हरमू नदी के जीर्णोद्धार के लिए जुडको ने मुंबई की कंपनी ईगल इंफ्रा को जीर्णोद्धार का ठेका दिया। काम की शुरुआत में ही कंपनी ने साफ कर दिया था कि नदी के किनारे आठ एसटीपी बनाने से सभी नालों का पानी साफ नहीं हो सकता। एसटीपी की संख्या और क्षमता बढ़ाने की जरूरत है।

लेकिन, अतिरिक्त एसटीपी बनाने की योजना कागजों पर ही सिमट कर रह गई। वहीं, जीर्णोद्धार के बाद जुडको ने कंपनी को बकाया पैसे नहीं दिए तो कंपनी ने ऑपरेशन-मेंटनेंस की अवधि समाप्त होने के बाद नदी की सफाई का काम भी छोड़ दिया।

# गुमला में हादसा..एक की मौत..चार घायल, आंजन धाम से लौट रहा था परिवार

**गुमला, एजेंसी।** रामनवमी की शाम गुमला के आंजम धाम में हादसा हो गया। इस हादसे में एक की मौत हो गई जबकि एक वर्षीय बच्चा सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी लोग एक ही स्कूटी पर सवार थे। हादसा ब्रेक वायर टूटने की वजह से हुआ। आंजन धाम पहाड़ी से उतरते वक्त स्कूटी पुल के नीचे जा गिरी। जब तक सभी तक लोग मदद के लिए पहुंच पाते तब तक एक की मौत हो गई थी।

हादसे में मरने वाले का नाम अर्जुन ठाकुर है। इसकी उम्र 30 साल है। स्कूटी यही चला रहा था। वहीं हादसे में घायल लोगों के नाम निशा देवी (मृतक की पत्नी), सुरभि कुमारी (मृतक की बहन), दो वर्षीय बेटा आर्यन ठाकुर और एक वर्षीय बेटा अभिनव ठाकुर शामिल है। सभी सदर प्रखंड के टोटो ठाकुर मोहल्ला के रहने वाले हैं।




घटना के संबंध में बताया जाता है कि रामनवमी को लेकर सभी लोग एक ही स्कूटी में सवार होकर आंजन धाम माता अंजनी का दर्शन करने गए थे। दर्शन के बाद सभी देर शाम करीब छह बजे वापस अपने घर लौट रहे थे। तभी अंजन धाम से नीचे उतरने के दौरान स्कूटी का ब्रेक तार टूट गया। फिर ब्रेक नहीं लगने से स्कूटी अनियंत्रित होकर एक पुल के नीचे खाई में जा गिरी।

खाई में गिरते ही चीख पुकार मच गई। तभी दर्शन के लिए आए अन्य लोग भाग कर मौके पर पहुंचे। मगर पुल के नीचे गहराई होने के कारण उन तक नहीं पहुंच पा रहे थे। बावजूद कई लोगों ने हिम्मत कर पुल के नीचे उतरकर उनकी मदद की। मदद पहुंचने तक अर्जुन ठाकुर की मौत हो चुकी थी।

घटना के बाद सभी को बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर रूप से घायल पत्नी व बहन को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं दोनों मासूम बच्चों का डॉक्टरों की निगरानी में सदर अस्पताल में ही इलाज चल रहा है।

घायलों के साथ अर्जुन को भी सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के दूसरे दिन गुरुवार को अर्जुन के शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी हुई थी। वहीं परिजनों का रो-रो कर हाल बुरा था। पत्नी व बहन को अर्जुन की मौत होने की जानकारी नहीं थी।

## अपराध अनुसंधान विभाग-पार्ट टाइम जॉब का ऑफर देकर 2.88 लाख रुपए ठगने वाले तीन गिरफ्तार

रांची, एजेंसी। अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की साइबर क्राइम थाना रांची की पुलिस ने पार्ट टाइम जॉब का ऑफर देकर 2.88 लाख रुपए की ठगी करने वाले तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें कदमा (जमशेदपुर) का रहने वाला शेखर कुमार, बंटी मुखी और सुब्रोतो बिश्वास शामिल हैं।

गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से बरामद दस्तावेजों की जांच में पता चला कि इन लोगों ने कई फर्जी कंपनी के नाम पर दिल्ली, उत्तर प्रदेश, कोलकाता, ओडिशा में बैंक खाते खोल रखे थे। इन बैंक खातों से हुए ट्रांजेक्शन के आईपी एड्रेस का सर्वर हांगकांग और चाइना का मिला। इनके एक एकाउंट में सिर्फ एक दिन में 1.84 करोड़ रुपए का क्रेडिट हुआ। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल से मिली जानकारी में पता चला कि इन खातों के विरुद्ध महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात, हरियाणा में 100 से अधिक शिकायतें दर्ज हैं।साइबर अपराधियों ने वादिनी को गूगल मैप का लिंक भेजकर होटल की रेटिंग करने का पार्ट टाइम जॉब का ऑफर दिया। उन्हें टेलीग्राम प्रोफाइल पर रजिस्टर कर वीडियो लाइक करने का काम दिया गया। उक्त टेलीग्राम प्रोफाइल के माध्यम से दिए गए टास्क को करने के लिए इन्हें कई बैंकों के खातों में पैसे डालने के लिए बोला गया। साइबर अपराधियों ने वादिनी से 2.88 लाख रुपए ले लिए।साइबर क्राइम थाना रांची में 15 मार्च को ठगी की शिकार महिला की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

## कांग्रेस विधायक के साथ धक्का-मुक्की, बॉडीगार्ड से भी मारपीट; पीएम मोदी के नारे लगाते हुए लोगों ने जमकर काटा बवाल

**बरकाकाना(रामगढ़), एजेंसी।** नयानगर बरकाकाना रामनवमी कमेटी के द्वारा दुर्गा मंडप के प्रांगण में रामनवमी मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। इसमें विभिन्न अखाड़ों के लोग झांकी के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न अखाड़ों के द्वारा एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाया जा रहा था। इस कार्यक्रम में दूर दराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद कार्यक्रम स्थल में पहुंची। विधायक को घंटों इंतजार के बाद भी लोगों को संबोधन करने का मौका नहीं मिला। इस पर विधायक नाराज हो गईं।

इस दौरान विधायक के साथ बदतमीजी होने लगी। साथ ही धक्का-मुक्की कर मोदी के नारे लगाए जाने लगे। इस दौरान निजी बॉडीगार्ड के साथ मारपीट कर दी गई। इसमें बॉडीगार्ड घायल हो गया।

विधायक अंबा प्रसाद नाराज होकर अपने बॉडीगार्ड से कमेटी से माइक छिनने को कहा। उसके बाद विधायक का विरोध शुरू हो गया। मामले की जानकारी होते ही ओपी प्रभारी अख्तर अली वहां पहुंचकर विधायक को भीड़ से अलग कर थाना ले आए।



विधायक ने घटना से नाराज होकर थाना प्रभारी पर भड़कते हुए कही की यहां कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट दिख रहा है। प्रशासन के सामने जनप्रतिनिधि के साथ धक्का-मुक्की की गया।

घटना को लेकर देर रात तक लोगों पर प्राथमिकी करने के लिए थाने में बैठी रही। घटना को लेकर थाना प्रभारी कुछ भी बोलने से बचते रहे। वहीं, विधायक अंबा प्रसाद से मामले को लेकर बात नहीं हो पाई है। रात 10 बजे तक विधायक अंबा प्रसाद थाने के अंदर बैठी हुई हैं।

मामले की जानकारी मिलते ही पतरातू एसडीपीओ व अंचलाधिकारी बरकाकाना ओपी पहुंचकर विधायक अंबा प्रसाद से घटना की जानकारी ले रहे हैं। विधायक ने दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग पर अड़ी हैं।

## रेलवे के चार स्टॉल संचालक पर होगा जुर्माना

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटानगर स्टेशन के चार स्टॉल संचालक पर यात्रियों से अधिक पैसे लेने के कारण जल्द जुर्माना होगा। सोमवार को खानपान निरीक्षक ने सभी के खिलाफ चक्रधरपुर मंडल वाणिज्य मुख्यालय में भेजा है। बताया जाता है कि तय राशि से अधिक पैसा लेने की शिकायत पर रोक लगाने की योजना से टाटानगर स्टेशन पर 10 दिनों से औचक जांच अभियान चल रहा है। इस दौरान वाणिज्य व खानपान निरीक्षक ने बोतलबंद पानी और खाद्यय पैकेट पर अंकित मूल्य से ज्यादा रकम वसूलने का मामला पकड़ा है। इससे पूर्व दो वाटर वेंडिंग मशीन संचालक पर एआरएम अभिषेक सिंघल ने पांच-पांच हजार जुर्माना किया है।

## जेएमएम के अंदर क्या पक रही खिचड़ी अपने ही प्रचार कार्यक्रम से नदारत जोबा मांझी, दौड़-भागकर चंपई अकेले कर रहे फील्डिंग

**जमशेदपुर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने सरायकेला विधानसभा का 13 से लेकर 16 अप्रैल तक कुल चार दिनों तक मैराथन दौरा किया। इस दौरान सभी प्रखंडों में कार्यकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित किया। 13 एवं 14 को आदित्यपुर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया, 15 अप्रैल को राजनगर में तथा 16 अप्रैल को सरायकेला में कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद किया। चौदह अप्रैल को आदित्यपुर में इंडी महागठबंधन की बैठक भी आयोजित की गई।




प्रत्येक स्थान पर पार्टी प्रत्याशी जोबा मांझी की जीत सुनिश्चित करने को कहा, लेकिन एक भी कार्यक्रम में झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी का शामिल न होना कई सवालों का जन्म दे रहा है। इधर भाजपा प्रत्याशी लगातार पार्टी के कार्यक्रमों के साथ-साथ अपना जनसंपर्क अभियान भी चला रही है।

उधर जोबा के कार्यक्रमों में न शामिल होने को लेकर कई कार्यकर्ता दबी जुबान से कहने लगे हैं कि पार्टी प्रत्याशी का न आना किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं है। यह बात उन्हें हजम नहीं हो रही है कि क्या चार दिनों तक झामुमो के सिंहभूम सीट के प्रत्याशी जोबा मांझी को समय ही नहीं मिला या उन्हें फिर आने के लिए कहा ही नहीं गया।

कार्यकर्ताओं को अंदरूनी राजनीति समझ में ही नहीं आ रही। चंपई की चुनावी पाठशाला के बावजूद कार्यकर्ताओं के बीच जोबा मांझी के न आने की बात कोई नहीं पचा रहा है। यह चर्चा अब आम हो गई है। कार्यकर्ता संवाद में प्रत्याशी का इंतजार करते भी देखे गए, मगर वह नहीं आई।

इसका फायदा विरोधी भी उठाने लगे हैं। इस संबंध में जब सरायकेला-खरसावां के झामुमो जिलाध्यक्ष सुबेंदु महतो से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह उन्हें नहीं मालूम कि पार्टी प्रत्याशी जोबा मांझी क्यों नहीं आई। शायद वह व्यस्त रही होगी। मालूम हो कि हो समाज झामुमो (छुरूरू) प्रत्याशी का विरोध लगातार कर रहा है।

गम्हरिया के मोहनपुर की घटना को हो समाज ने गंभीरता से लिया है। समाज के प्रबुद्ध लोग इसे गंभीरता से ले रहे हैं। हो समाज और संताल समाज के बीच इसे लेकर जंग छिड़ी हुई है।लगातार हो समाज की बैठकों में इस घटना का जिक्र किया जा रहा है और इसे हो समाज को नीचा दिखाने का प्रयास बताया जा रहा है। भाजपा भी इस चीज को भांप चुकी है। वह हो समाज को अपने पक्ष में लाने की पूरी कोशिश कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मरीजों की सेवा का प्रशिक्षण ले रही नर्सिंग छात्राएं

**जमशेदपुर, एजेंसी।** एमजीएम कॉलेज और सदर अस्पताल की नर्सिंग छात्राओं को पढ़ाई के साथ मरीजों की सेवा व चिकित्सीय कार्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे भिलाईपहाड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 27 अप्रैल से 4 मई तक तीन दर्जन नर्सिंग छात्राओं को प्रशिक्षण देने की योजना है। परिवार कल्याण मंत्रालय से यह आदेश आया है। सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी ने बताया कि जिला स्वास्थ्य विभाग की नर्सिंग छात्राएं जुगसलाई सामुदायिक स्वास्थ्य में प्रशिक्षण ले चुकी है जबकि बेलाजुड़ी पीएससी में नर्सिंग छात्राओं का प्रशिक्षण अभी शुरू है। मानगो के स्वास्थ्य केंद्र में 7 मई तक प्रशिक्षण चलेगा

### गर्मी को लेकर ग्रामीण स्टेशनों पर प्याऊ खोलने की तैयारी

**जमशेदपुर, एजेंसी।** चक्रधरपुर मंडल के कोल्हान स्थित ग्रामीण स्टेशनों पर प्याऊ खोलेगा ताकि यात्रियों को गर्मी में ठंडा पानी मिल सके। प्याऊ खोलने के लिए रेलवे वाणिज्य विभाग जमशेदपुर, आदित्यपुर, गम्हरिया, चाईबासा व चक्रधरपुर में सक्रिय विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से संपर्क कर रही है। इधर दक्षिण पूर्व जोन से रेलवे स्कूल के एनसीसी और स्काउट एंड गाइड से जुड़े छात्रों को यात्रियों की प्यास बुझाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे जल्द ही दो दर्जन छात्र टाटानगर स्टेशन पर जनरल कोच के यात्रियों को ठंडा पानी मुहैया कराएंगे।

### टाटा कमिंसकर्मियों को 20 लाख इंजन बनने पर मिलेगा गिफ्ट

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटा कमिंस के कर्मचारियों को यूनियन की पहल पर प्रबंधन ने रामनवमी का तोहफा दिया है। टाटा कमिंस प्रबंधन ने 20 लाख इंजन निर्माण करने की उपलब्धि पर टाटा कमिंस कर्मचारी यूनियन की मांग को मान लिया है। प्रबंधन ने बुधवार को यूनियन अध्यक्ष दीप्तेंदू चक्रवर्ती समेत सभी पदाधिकारियों को बुलाकर गिफ्ट देने पर सहमति जता दी। टाटा कमिंस की स्थापना 4 जुलाई 1994 को हुई थी। इन 30 वर्ष में कंपनी ने पिछले माह 20 लाख इंजन निर्माण करने का रिकॉर्ड स्थापित किया है। यूनियन ने प्रबंधन से इस उपलब्धि में कर्मचारियों का अहम योगदान बताते हुए गिफ्ट देने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि 15 लाख इंजन बनने पर प्रबंधन ने वर्ष 2019 में कोई गिफ्ट नहीं दिया था। जबकि इसके पहले 2 लाख इंजन बनने पर हाफ स्वेटर, 5 लाख इंजन बनने पर ट्रॉली बैग, 10 लाख इंजन बनने पर इंडक्शन हीटर गिफ्ट में मिला था। लेकिन 2019 में 15 लाख इंजन बनने पर कोई गिफ्ट नहीं मिलने पर कर्मचारियों में मायूसी थी। लेकिन इस बार यूनियन लगातार गिफ्ट को लेकर प्रबंधन पर दबाव बना रही थी। परिणामस्वरूप प्रबंधन ने इसकी घोषणा कर दी। अब दोनों पक्ष आपस में बात कर गिफ्ट का आइटम और उसका मूल्य तय करेंगे। इसकी सूचना मिलते ही कर्मचारियों में काफी हर्ष है।

### मेन रोड में शोभायात्रा के दौरान 6 घंटे में 200 से ज्यादा मोबाइल और पर्स की चोरी

**रांची, एजेंसी।** रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान मेन रोड में शहीद चौक से अलबर्ट एक्का चौक होते हुए ओवरब्रिज तक चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात थे, इसके बावजूद पुलिस जवानों पर पॉकेटमार भारी पड़े। 6 घंटे में जुलूस में शामिल 200 से ज्यादा लोगों के मोबाइल व पर्स की चोरी हो गई। कोतवाली में 40, डेली मार्केट में 37 और लोआर बाजार में 17 पीड़ित पहुंचे और मोबाइल व पर्स चोरी होने की सूचना दी है। वहीं, जब पीड़ित थाना पहुंचे तो पहले पूरी जानकारी ली गई और फिर दूसरे थाना क्षेत्र की घटना होने की बात कहते हुए कई को वापस भेज दिया गया। संबंधित इलाके के थाने में पहुंचने पर वहां तैनात पदाधिकारी द्वारा मोबाइल के कागजात दिखाने की बात कही गई। पीड़ितों ने मोबाइल-पर्स चोरी होने के बाद थाना पहुंचकर आवेदन देने वालों को रिसीविंग तक नहीं देने की बात कही। थाने में मौजूद पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि फिलहाल शोभायात्रा की वजह से सभी पदाधिकारी ड्यूटी में लगे हैं। थानेदार के आने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। अगले दिन मोबाइल के कागजात लेकर आएंगे तो रिसीविंग मिल जाएगी। साहिबगंज का गिरोह सक्रिय, लोगों ने 5 बच्चे को पकड़ा - शोभायात्रा के दौरान मेन रोड में साहिबगंज का बच्चा चोर सक्रिय रहा। भीड़ में शामिल लोगों ने 5 बच्चे को पकड़ कर पुलिस को सौंपा। 3 बच्चे को कोतवाली और 2 बच्चे को डेली मार्केट थाने में रखा गया है। फिलहाल पकड़े गए बच्चे से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है।

### मेन रोड में पुलिस से उलझा दुकानदार, हाथापाई के बाद सामान जब्त, 2 घंटे बाद फिर सज गईं दुकानें

**रांची , एजेंसी।** राजधानी को जाम मुक्त बनाने पर एक बार फिर झारखंड हाईकोर्ट ने सख्त आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश के बाद नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस फिर रेस हुए हैं। मंगलवार को ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली स्वयं डंडा लेकर सड़क पर उतर गए। इसका असर यह हुआ कि सुबह 11 बजे न्यू मार्केट चौक से किशोरगंज चौक से होते हुए भारत माता चौक तक सड़क के किनारे लगे ठेला-खोमचा गायब हो गए। लेकिन दोपहर बाद हालात जस के तस हो गए। देर शाम तक हरमू रोड में वाहन सवार जाम से जूझते रहे। इधर, मेन रोड में भी अभियान चलाया। मेन रोड में रामनवमी का बाजार सजा था। अल्बर्ट एक्का चौक के पास एक दुकानदार पुलिस से उलझ गया। फिर भी पुलिस ने कई दुकानों के सामान जब्त कर लिये। यह देख दूसरे दुकानदार वहां से गायब हो गए।

## ईड़ी ने 10 साल में डाले 7264 छापे, 755 गिरफ्तारियां, अधिकांश विपक्षी दलों के नेता

मनी लॉन्ड्रिंग कानून देश में आतंकवादी गतिविधियों, ड्रग्स और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहमति से बनाया हुआ कानून है। भारत में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय को मनी लांड्रिग कानून के तहत कार्रवाई करने के अधिकार प्रवर्तन निदेशालय ईड़ी को दिए गए। 2005 से 2014 के 10 वर्षों में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय ने 1797 मामलों की जांच शुरू की थी। इसमें 84 छापे डाले गए 29 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। 102 मामलों की जांच की गई थी। 2005 से 2014 के बीच में 5086 करोड रुपए की संपत्ति अटैच की गई थी। 43 लाख रुपए की जपती बनाई गई थी। पीएमएलए कानून 2002 में बनाया गया था। जब अटल जी की सरकार केन्द्र में थी। अंतर्राष्ट्रीय अपराधों को रोकने के लिए यह कानून बनाया गया था, जो भारत में 2005 से लागू किया गया। 2014 के बाद से इस कानून का उपयोग लगभग बदल गया है, जो कानून अंतरराष्ट्रीय सहमति से आतंकवादी गतिविधियों और ड्रग्स के कारोबार तथा मनी लांड्रिंग के गंभीर अपराधों को रोकने के लिए बनाया गया था। उस कानून का उपयोग पिछले 10 वर्षों से भ्रष्टाचार के आरोप मैं शिकायतों की जांच के लिए किया जाने लगा। अप्रैल 2014 से लेकर मार्च 2024 के बीच में ईड़ी ने 5155 मामलों को जांच के दायरे में लिया। 7264 स्थानो पर छापेमारी की 755 लोगों को गिरफ्तार किया। इसमें अधिकांश राजनीतिक दलों के नेता, कारोबारी और कुछ सरकारी अधिकारी शामिल हैं। जिनके ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, उनकी जांच ईड़ी के अधिकारी कर रहे हैं। पिछले 20 सालों में अभी तक 36 मामलों में ही न्यायालय से 63 लोगों को सजा मिली है। ईड़ी ने पिछले 10 वर्षों में 24 मामलों में रेड कॉर्नर नोटिस जारी किए हैं। छापे में 1,21,618 करोड रुपए की संपत्ति को अटैच किया है। 2310 करोड रुपए की नगदी को जप्त किया है। यूपीए सरकार के कार्यकाल में पीएमएलए कानून के तहत 1797 मामलों की जांच में 102 चार्ज सीट न्यायालय में दाखिल की गई वहीं एनडीए के 10 सालों के कार्यकाल में 5155 मामलों में मनी लेंडिंग की जांच शुरू हुई। एनडीए के कार्यकाल में 1281 मामलों में जांच शुरू की। अभी तक मात्र 6 फ़ीसदी मामलों की ही चार्ज शीट न्यायालय में पेश हो पाई है। 2014 के बाद से विपक्षी दलों के नेताओं और उनसे जुड़े मामलों को लेकर ईडी द्वारा जांच की जा रही है।

# लोकतंत्र के यज्ञ की प्रथम आहुति से पहले...

**राकेश अचल**

अठारहवीं लोकसभा के लिए 19 अप्रैल 2024 को मतदान का पहला चरण है । आप इसे डूबते,मरते,सिसकते लोकतंत्र के पुनर्जीवन के लिए होने जा रहे महामृत्युंजय यज्ञ की प्रथम आहुति भी कह सकते हैं। दरअसल ये शब्द इसलिए इस्तेमाल कर रहा हूँ ताकि घोर सनातनियों की समझ में भी ये बात आ जाये कि यज्ञ में आहुति आँखें बंद कर नहीं दी जाती,इसके लिए आँखें खोलकर रखना पड़तीं हैं। आँखें बंद कर किया जाने वाला कोई भी काम मनोरथ को पूरा नहीं करता।

पिछले 77 साल में ये दूसरा मौक़ा है जब लोकसभा के चुनाव बेहद विषम परिस्थितियों में हो रहे हैं। 1977 में भी कमोवेश ऐसी ही स्थितियां थीं ,लेकिन आज जैसी गंभीर स्थितयां नहीं थीं। तब सत्ताधीशों के मन में तानाशाही का बीज अंकुरित हुआ था । 2024 में ये वटवृक्ष बन गया है। अंकुरित बीज को जनता ने एक झटके में उखाड़ फेंका था लेकिन तानाशाही के वटवृक्ष को उखाड़ने में उसकी दो कोशिशें नाकाम हो चुकी हैं। ये तीसरा और शायद आखरी अवसर है जब जनता तानाशाही को निर्मूल कर लोकतंत्र को निर्जीव होने से बचा सकती है।

देश में जिन जगहों पर 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है, वहां चुनाव प्रचार बुधवार थम चुका है किन्तु भीतर ही भीतर मतदाता का अनमोल मत हड़पने की साजिशें जारी हैं। प्रथम चरण में देश के 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर जनता तय करेगी की उसे तानाशाही चाहिए या लोकतंत्र। आजकल चुनाव में प्रचार थमता नहीं ह। प्रचार थमने की औपचारिकता होती ह। नेता देश कि किसी भी कोने में खड़े होकर भाषण दे सकते हैं और उसका असर उन क्षेत्रों में भी होता है जहाँ औपचारिक रूप से चुनाव प्रचार रोक दिया जाता है। केंचुआ अभी इस बीमारी का तोड़ नहीं खोज पाया है।

आप मानें या न मानें किन्तु अठारहवीं लोकसभा का चुनाव किसी समुद्र मंथन से कम नहीं है । सत्ता सुंदरी को हासिल करने के लिए एक तरफ तानाशाही और प्रतिक्रियावादी शक्तियां हैं और दूसरी और लोकतान्त्रिक और समतावादी शक्तियां। सत्ता हासिल करने के लिए सत्तारूढ़ दल की नजर इस बार उत्तर के मुकाबले दक्षिण पर ज्यादा है। दक्षिण भारत के तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर 19 अप्रैल को मैदान है। भाजपा इस लोकसभा चुनाव में एनडीए के लिए 400 सीट और पार्टी के लिए 350 सीट जीतने के लिए संघर्षरत है । इसीलिए भाजपा ने दक्षिण के राज्यों में विशेषकर तमिलनाडु में एड़ी- चोटी का जोर लगा दिया है।



तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई खुद कोयंबटूर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।अन्नामलाई भाजपा के लिए कितनी मलाई ला पाएंगे ये ४ जून को पता चलेगा। पहले चरण के लिए होने वाले मतदान में केंद्रीय मंत्री एल मुरगन ,कांग्रेस के पूर्व वित्तमंत्री पी चिदंबरम के बेटे कीर्ति चिदंबरम,एआईएमआईएम के जेवियर दास ,तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल टी सौंदर्यराजन और यूपीए सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे ए राजा का भविष्य तय होना है। देश को सबसे ज्यादा संसद देने वाले उत्तर प्रदेश में केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान जीत के लिए मैदान में हैं इस सीट पर समाजवादी पार्टी ने हरेंद्र मलिक तो बसपा ने दारा प्रजापति को चुनावी मैदान में उतारा है। नगीना सीट से भीम आर्मी चीफ और आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद भी चुनावी मैदान में है। पूर्व के सबसे महत्वपूर्ण राज्य असम के डिब्रूगढ़ सीट से केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल चुनावी मैदान में है। इससे पहले इस सीट से केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री रामेश्वर तेली सांसद थे। उनका टिकट काटकर सोनोवाल को दिया गया है.

पांच साल पहले खंड-खंड किये गए जम्मू और कश्मीर की उधमपुर सीट से दो बार चुनाव जीतकर मोदी मंत्रिमंडल में जगह बनाने वाले सांसद जितेंद्र सिंह तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। राजस्थान की अलवर सीट से केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव।, बीकानेर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल के सामने कांग्रेस के पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल चुनावी मैदान में हैं। मन मारकर राजनीति कर रहे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी महाराष्ट्र की नागपुर सीट से हैट्रिक लगाने के चुनावी मैदान में है। 2014 और 2019 में उन्होंने दो लाख से अधिक वोटों से जीत दर्ज की थी साल 2019 में उन्होंने मौजूदा महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले को 2.16 लाख वोटों से हराया था। गडकरी भाजपा का उदार चेहरा हैं और प्रधानमंत्री मोदी जी के बाद सबसे जयादा लोग उन्हें पसंद करते हैं। वे पार्टी के राष्ट्रिय अध्यक्ष भी रह चुके हैं। देश के सुप्रीम कोर्ट को लगातार धमकाने वाले केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू अरुणाचल प्रदेश की अरुणाचल पश्चिमी सीट से मैदान में हैं। 2004 से सांसद बन रहे किरेन रिजिजू तीन बार इस सीट से चुनाव जीत चुके है। उनका मुकाबला पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नवाब तुकी से है। यानि आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व सीएम और एक पूर्व राज्यपाल सहित 1625 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला पहले चरण के मतदान से होना है । यूपी की 8 और उत्तराखंड की सभी 5 सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण में तमिलनाडु की सभी 39, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की 8, उत्तराखंड की सभी पांच, अरुणाचल प्रदेश की दो, बिहार की चार, छत्तीसगढ़ की एक, असम की चार, मध्य प्रदेश की 6, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो, मेघालय की दो, मिजोरम और त्रिपुरा की एक-एक और पश्चिम बंगाल की तीन सीटों पर मतदान होगा। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर, अंडमान निकोबार, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की एक-एक सीट पर भी मतदान होगा। पहले चरण के लिए मतदान से पहले तमाम सत्ताप्रतिष्ठान के पिठ्ठु चैनल्स भांति-भाँतिके सर्वेक्षणों के जरिये मतदाताओं का ध्यान भंग करने का प्रयास करेंगे ,इसलिए जरूरी है कि मतदाता इन सबसे अपने निर्णय को प्रभावित न होने दे। मतदाता को तय करना होगा कि उसे पांच क्या दस साल में केंद्र की सत्ता से क्या मिला और क्या नहीं ? उसने क्या खोया और क्या पाया ? मतदाता को लोकतंत्र बचाना है या एक चेहरा ? देश का मतदाता प्रबुद्ध है। उसने तानाशाही की पहली कोशिश को भी नाकाम किया था। भविष्य में भी देश और दुनिया उससे यही उम्मीद करती है। मतदाता के मन में कौन है ये ब्रम्हा भी नहीं जान सकते। इति मित्थम।


# क्या कांग्रेस को लड़ने के लिए उम्मीदवार नहीं मिले

**आर.के. सिन्हा**

लोकसभा चुनाव का सारे देश में माहौल बन चुका है और इस दौरान एक बात पर राजनीति की गहरी समझ रखने वाले ज्ञानियों को गौर करना होगा कि कांग्रेस लगभग 330 सीटों पर ही क्यों चुनाव लड़ रही है। 543 सदस्यों वाली लोकसभा में सरकार बनाने का ख्वाब देखनी वाली कांग्रेस के इतने कम सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़ी करने की क्या वजह है? क्या उसे कायदे के उम्मीदवार नहीं मिले ? कांग्रेस ने 1999 के लोकसभा चुनाव में 529 उम्मीदवार उतारे थे। उसके बाद 1998 में 477,1999 में 453, 2004 में 417, 2009 में 440, 2014 में 464 और 2029 में 421 उम्मीद उतारे। इस बार कांग्रेस के उम्मीदवारों की तादाद में पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में भारी गिरावट होने जा रही है। कांग्रेस के नेता लाख तर्क दें कि उनकी पार्टी क्यों कम सीटों पर उम्मीदवारों को उतार रही है, पर सच यही है कि सन 2014 के बाद देश में नरेन्द्र मोदी के उदय के साथ ही कांग्रेस का संध्याकाल शुरू हो गया था। बीते दसेक सालों के दौरान, कांग्रेस उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र वगैरह में तेजी से सिकुड़ी है। इन राज्यों में लोकसभा की कुल मिलाकर 40 फीसद के आसपास सीटें हैं। जिस राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को कांग्रेस अपना शिखर नेता मानती है वे भी अपनी पार्टी का भाग्य नहीं बदल पा रहे हैं। 1989 से कांग्रेस उत्तर प्रदेश की सत्ता से बाहर है। वहां उसके अंतिम मुख्यमंत्री वीर बाहदुर सिंह थे। यह वही उत्तर प्रदेश है जो कि कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था और नेहरू परिवार का निवास भी I आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश 17 सीटों पर लड़ रही है। अगर अब भी कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेहरू-गांधी परिवार की गुलामी नहीं छोड़ी तो उनकी पार्टी जल्दी ही इतिहास के पन्नों में ही रह जाएगी। राहुल और प्रियंका गांधी को जमीनी हकीकत से कोई लेना-देना नहीं है। इनके आशीर्वाद से जेएनयू के टुकड़े –टुकड़े गैंग के नेता कन्हैया कुमार की कांग्रेस में एंट्री हुई थी। अब उसे कांग्रेस ने राजधानी की नॉर्थ ईस्ट सीट से अपना उम्मीदवार बना दिया है। यह वही कन्हैया कुमार हैं जो कहते रहे हैं कि भारतीय सेना के जवानों ने कश्मीर में बलात्कार जैसे घिनौने कृत्य किए हैं। राहुल औप प्रियंका गांधी ने कभी बताया नहीं कि कन्हैया कुमार किसलिए और किस आधार पर सरहदों की रक्षा करने वाली भारतीय सेना पर आरोप लगाते रहे हैं? आप अगर देश विरोधी तत्वों का साथ दोगे तो फिर आपको चुनावों में जनता जवाब तो देगी ही। कन्हैया कुमार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस कार्य समिति में जगह देकर संदेश दे दिया था कि उन्हें उन तत्वों से कोई परहेज नहीं हैं जो भारतीय सेना पर कश्मीर में बलात्कार करने के आरोप लगाते रहे हैं। बेशक, देश कन्हैया कुमार को कभी माफ नहीं करेगा क्योंकि उसने सेना पर मिथ्या आरोप लगाए। कन्हैया कुमार ने पिछला लोकसभा चुनाव बेगूसराय से लड़ा था और वे बुरी तरह से हारे थे। वे तब भाकपा में थे। उनके लिए टुकड़े-टुकड़े गैंग के सदस्यों ने बेगूसराय में डेरा डाला हुआ था। ये सब सोशल मीडिया पर इस तरह का माहौल बना रहे थे कि मानो भारतीय सेना को बलात्कारी कहने वाला कन्हैया कुमार भाजपा के गिरिराज सिंह को हरा ही देगा। कन्हैया कुमार को कांग्रेस कार्य समिति में जगह मिलना अप्रत्याशित है। यहकांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी और शक्तिशाली समिति है। कांग्रेस के अपने नियम और संविधान हैं, इसे लागू करने का अंतिम निर्णय कांग्रेस कार्य समिति ही करती है। कहने वाले तो कहते हैं कि इसके पास इतनी शक्तियां होती है कि वह पार्टी अध्यक्ष की नियुक्ति भी कर सकती है और पद से चलता भी कर सकती है। जाहिर है, कांग्रेस की इन तमाम हरकतों को देश की जनता देख रही है। साल 2019 में जब जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाया गया तो कांग्रेस ने इसका संसद में जमकर विरोध किया था। हालांकि, आगे चलकर कांग्रेस का रुख एकदम बदला हुआ नजर आया। जब सुप्रीम कोर्ट ने आर्टिकल 370 हटाए जाने के केंद्र के फैसले को सही ठहराया तो कांग्रेस ने इसकी बहाली को लेकर कोई बात नहीं की। पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिंदबरम और वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद प्रेस वार्ता की। इस दौरान, पी. चिंदबरम ने कहा, 'हमने कभी भी अनुच्छेद 370 को फिर से बहाल करने की बात नहीं की। हमने उसे हटाने के तरीके का विरोध किया था।' चिदंबरम ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट का 370 पर जो फैसला आया है, उसने कई महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान किया है लेकिन कई सवाल बाकी हैं। 370 हटाने का जो तरीका था, हम उसके खिलाफ थे। हमने सीडब्ल्यूसी में प्रस्ताव भी पास किया था।'' मतलब जब कांग्रेस को जनता के मूड की भनक लगी तो उसने अपना लाइन चेंज कर ली। खैर, राहुल गांधी की चाहत है कि वे नरेंद्र मोदी का स्थान ले लें I प्रियंका की भी इच्छा है कि वह दूसरी इंदिरा गांधी बने। पर ये दोनों भारत को अभी तक समझ ही नहीं पाए हैं। इसी कारण से आज कांग्रेस की स्थिति बेहद शर्मनाक हो गई है। अगर यह दोनों पार्टी में बरकरार रहते हैं तो कांग्रेस के अंतिम संस्कार की राख भी ढूढंने से नहीं मिलेगी। लगता है कि दोनों ने कांग्रेस की कपाल क्रिया करने का पूरी तरह मन बना लिया है। दोनों अपने मकसद की तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं। कांग्रेस में केन्द्रीय नेतृत्व लगातार कमजोर हो रहा है। वह पार्टी को कहीं विजय नहीं दिलवा पा रहा है। केन्द्रीय नेतृत्व तब ताकतवर होता है जब उसकी जनता के बीच में कोई साख होती है। लेकिन हैरानी होती है कि कांग्रेस में केन्द्रीय नेतृत्व यानी सोनिया गांधी और उनके बच्चों के खिलाफ विद्रोह क्यों नहीं होता है। जिस पार्टी से पंडित नेहरु, लाल बहादुर शास्त्री, सरदार पटेल का संबंध रहा है, वह पार्टी अंतिम सांसें ले रही है। यह दुखद स्थिति है। कांग्रेस की हार के लिए गांधी परिवार के साथ-साथ पार्टी के कुछ दूसरे नेताओं को भी जिम्मेदारी लेनी होगी। कांग्रेस में बहुत सारे तथाकथित नेता हैं जिनका जनता से कोई संबंध तक नहीं है। ये लुटियन दिल्ली के बड़े विशाल सरकारी बंगलों में रहकर कागजी राजनीति करते हैं। इनमें से अधिकतर बड़े मालदार कमाऊ वकील हैं। वकालत से थोड़ा बहुत वक्त मिल जाता है, तो ये टाइम पास करने के लिये और खबरों में बने रहने के लिये सियासत भी करने लगते हैं। ये मानते हैं कि खबरिया चैनलों की डिबेट में आने मात्र से ही वे पार्टी की महान सेवा कर रहे हैं। दरअसल कांग्रेस के लोकसभा से लेकर विधान सभा चुनावों में खराब होते प्रदर्शन के कारण उसे क्षेत्रिय दलों के आगे नतमस्तक होना पड़ रहा है। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में कांग्रेस क्षेत्रिय दलों से कुछ सीटें हासिल करके लोकसभा का चुनाव लड़ रही है। इस बार के लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी और उनके पुत्र राहुल गांधी का वोट जिस नई दिल्ली लोकसभा सीट में है वहां पर उनका कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं होगा। आम आदमी पार्टी (आप) से सीटों के तालमेल के बाद कांग्रेस ने नई दिल्ली की सीट आप को दे दी। अब समझा जा सकता है कि कांग्रेस किस तरह से देश में हाशिये पर जा रही हैं।

## साहित्य/लोक साहित्य

### ब्रह्मेश्वर नाथ मिश्र की कविता





प्रस्तुत है मेरी रचना राधा कृष्ण का झूला गीत कजरी के रूप में:-----

आरे रामा लागल कदम पर
झुलनवाँ,
झुलेलें गिरधारी ए रामा।
झुलेलें गिरधारी ए रामा झुलेलें
गिरधारी ए रामा,
कि आरे रामा संगवा झुलेली
राधा प्यारी,
झुलेलें गिरधारी ए रामा।
कि आरे रामा लागल कदम पर...
कि आरे रामा कबहूँ झूलत मदन
मुरारी रामा हो रामा,
कि आरे रामा कबहुँ झुलेली
राधा प्यारी,
झुलेलें गिरधारी ए रामा।

कि आरे रामा लागल कदम पर...
कि आरे रामा उमड़ि घुमड़ि के
आइल बदरिया रामा हो रामा,
कि आरे रामा रिमझिम परेला
फुहारी,
झुलेलें गिरधारी ए रामा।
कि आरे रामा लागल कदम पर...
कि आरे रामा परत फुहार मदन
रस बरसे रामा हो रामा,
कि आरे रामा मोहन के भींगे
पीताम्बर,
राधा के भींगे सारी ए रामा।
कि आरे रामा लागल कदम पर...




**मेष राशिः** आज आप पिता का कोई जरूरी काम पूरा कराएंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में और मधुरता बढ़ेगी। आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे, लेकिन आपको अपने मन को नियंत्रित करना होगा। किसी के साथ बहसबाजी में ना पड़े। वैवाहिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए किसी भी तरह की गलतफ़हमी ना पालें। आज आप किसी नए कार्य की योजना बनाएंगे।

**वृष राशिः** आज नवरात्र के नौवें दिन भगवान श्रीराम की कृपा आप पर बनी रहेगी। आज आप सभी कार्यों में बहुत हद तक सफल रहेंगे। इस राशि की महिलाओं को आज के दिन कोई खुशखबरी मिलेगी। आज आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी बेहतर होगा। आपको माता:पिता का सहयोग मिलेगा, जिससे आप जीवन में आगे बढने में सक्षम होंगे। कई दिनों से ऑफिस का रुका कार्य पूरा हो जाने से राहत महसूस करेंगे।

**मिथुन राशिः** आज प्रॉपर्टी लेने का मन बनाएंगे। कोई रूका हुआ काम पूरा होने से आपको खुशी मिलेगी। शाम तक आपको कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा, जिससे घर का माहौल खुशियों से भर जायेगा।आसपास के लोग आपके व्यक्तित्व से प्रसन्न होंगे। आज आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में नई-नई खुशियां आएंगी।

**कर्क राशिः** घर के सहयोग से आप हर चीज़ को अच्छे से संभालने में सफल होंगे। आज आप किसी बात को लेकर विचारों में खोए रहेंगे। आज नए लोगों से आपकी मुलाकात होगी, जो आगे चलकर आपके व्यापार में धन लाभ कराएंगे। घर पर किसी पार्टी के आयोजन का प्लान बनाएंगे। आज नवरात्रि के नौवें दिन घर में किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन करने का मन बनाएंगे।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपको कुछ जरूरी कार्यों में दोस्तों की मदद मिलेगी। कई दिनों से अटका हुआ पैसा आज आपको वापस मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर परिणाम लेकर आया है। पहले दी हुई किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति में स्थिरता बनी रहेगी। परिवार में सुखद वातावरण का माहौल रहेगा। आज आपकी रूचि किसी धार्मिक कार्य रहेगी।

**कन्या राशिः** आपको अपनी कार्य कुशलता में बढ़ोतरी करने की जरूरत है। आज लोगों के बीच आपके काम की तारीफ होगी। वहीं आर्थिक लाभ पाने के लिए आज आपको थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आप किसी नए कार्य को लेकर योजना बनाएंगे। आज वाहन चलाते समय सावधानी जरूर बरतें। किसी मामले पर आपको बातचीत करते समय अपनी वाणी पर संयम बरतनी चाहिए।

**तुला राशिः** आज बच्चों के किसी काम में आपके पैसे खर्च होंगे। आपके व्यवहार से कुछ लोग आज काफी प्रभावित होंगे। लोगों से आपको काम में मदद मिलेगी। आपसी विश्वास के सहारे आपके रिश्तों में मजबूती आयेगी। आपकी कोई खास इच्छा जो काफी समय से अधूरी थी वो आज पूरी होगी। ऑफिस में अधिकारियों से मिला सहयोग आपके उत्साह में इजाफ़ा करेगा। काम के मामले में आपको अनुभवी लोगों से संपर्क बढ़ाने की जरूरत है। घर के बड़ों का आशीर्वाद लें, पूरे दिन मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक राशिः** अगर आप किसी से अपने दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक रिश्ते आज और बेहतर होंगे। कलात्मक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। किसी नए प्रोजेक्ट को शुरू करने से पहले मित्रों से सलाह करेंगे। आज पूरे दिन आपका मन पूजा पाठ में लगा रहेगा।

**धनु राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपके परफॉरमेंस से लोग प्रभावित होंगे। व्यवसाय में आपको फायदा हो सकता है। ऑफिस में किसी जरुरी काम को पूरा करने के लिए किसी सहकर्मी की मदद मिलेगी और आपको कार्य में सफलता भी हासिल होगी। आज किसी से भी बेवजह उलझने से बचे। आज अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है। शाम को परिवार के सदस्यों के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर बातचीत करेंगे।

**मकर राशिः** आज आप अपने जीवनासाथी से बिजनेस की कोई बात शेयर करेंगे। पारिवारिक काम को पूरा करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आज आपके सहपाठी किसी प्रश्न को समझने के लिए आपसे मदद लेंगे। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। सेहत के लिहाज से आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है।

**कुंभ राशिः** आज आप कोई नया बिजनेस शुरू करने के बारे में सोचेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद होंगे। आज आपके सभी कार्य सिद्ध होंगे और आपका दिन शानदार रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के रिश्तें में मिठास बढ़ेगी। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिहाज से सफल रहेगा।

**मीन राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। किसी काम में की गई मेहनत आज रंग लाएगी। करियर के लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा। ऑफिस में अधूरे पड़े कार्य आज पूरे हो जाएंगे, काम में सीनियर्स का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। वहीं अगर बिजनेस करते हैं तो आज धन लाभ होने की संभावना है।

## शब्द सामर्थ्य -031


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 030 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## सूडोकु नवताल- 7040

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7039 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु पुष्पेश** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित। पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।

संपादक : **पूर्णेन्दु पुष्पेश**®; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; समाचार संपादक : **राजेश कुमार**। बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।** **रांची –** 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड। **गिरिडीह –** बाभनटोली, गिरिडीह, झारखंड।

फोन– 9142412511/9334444424/9102251947/9431366404; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com

®समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ◦ यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### समर स्पेशल बनकर चलेगी हापा-नाहरलागुन विशेष गाड़ी, छपरा के यात्रियों को मिलेगा लाभ

**छपरा।** रेलवे प्रशासन ने ग्रीष्म काल में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए गाड़ी संख्या 09525/09526 हापा-नाहरलागुन-हापा ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी चलाने का निर्णय लिया है। एक तरफ से इसका संचालन 24 अप्रैल से 29 जून तक हर बुधवार को किया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ से 20 अप्रैल से 29 जून तक नाहरलागुन से हर शनिवार को इसका संचालन होगा। इस ट्रेन के रूट की बात करे तो छपरा के रास्ते बलिया होते हुए वाराणसी रूट से जाएगी। इससे आसपास के यात्रियों को लाभ मिलेगा। रेलवे के जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि 24 अप्रैल बुधवार को यह ट्रेन हापा 00.40 बजे खुलेगी। इसके बाद राजकोट, वांकानेर, सुरेन्द्रनगर, अहमदाबाद, नडियाद, आनन्द होते हुए 13.55 बजे बलिया पहुंचेगी। इसके बाद 15.45 बजे छपरा पहुंच कर हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, नौगछिया और किशनगंज के रास्ते 16.00 बजे नाहरलागुन पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 20 अप्रैल को नाहरलागुन से 10.00 बजे खुलगी। इसके बाद हारमती, रंगापारा नार्थ, न्यू मिसामारी, उदालगुड़ी के रास्ते 22.27 बजे किशनगंज पहुंचेगी। वहीं दूसरे दिन कटिहार से 01.35 बजे खुलकर नौगछिया, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, शाहपुर पटोरी, हाजीपुर होते हुए 09.35 बजे छपरा पहुंचेगी। यात्रा के चौथे दिन यह ट्रेन 00.30 बजे हापा पहुंचेगी। बता दे कि इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 15, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 02, एसएलआर/डी के 02 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जाएंगे।

### 'कोरोना अब घातक नहीं, नहीं पहुंचाएगा नुकसान', गार्डिनर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार ने कहा- पॉजिटिव हैं

**पटना।** पटना में कोरोना के लक्षण (सर्दी-खांसी) वाले मरीजों की परेशानी बढ़ने लगी है। वहीं इसको लेकर गार्डिनर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार बताते हैं कि कोरोना जैसी बीमारी से अब घबराना नहीं है, क्योंकि कोरोना अब घातक नहीं है। हालांकि कोरोना जाएगा भी कहीं नहीं, यही रहेगा। हालांकि पहले की तरह यह नुकसान नहीं पहुंचाएगा। ऐसे में कोई शख्स जांच में कोरोना पॉजिटिव मिलता है, तो उससे घबराने की जरूरत नहीं। दरअसल, मौसम के बदलते ही लोगों को सर्दी-खांसी होने लगी है। ऐसे में अगर कोई समस्या हो तो, RT PCR की जांच करा सकते हैं। जांच की भी सुविधा अस्पताल में उपलब्ध है। इसलिए कोरोना जैसे बीमारी के नाम से डरने की कोई बात नहीं है। आपको बता दें कि कोरोना ने लाखों जिंगदियां छीन ली थी।

### पटना में युवक की हत्या, परिजन बोले- गांजा पिलाकर दोस्तों ने किया मर्डर, गांव वालो ने कहा- नशा करता था

**पटना।** पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के बाटा मुसहरी से संधिग अवस्था में पड़े एक मृत युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फ़ैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्ट के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। परिजनों का कहना है कि दोस्तों ने गांजा पिलाकर हत्या कर दी। मृतक युवक की पहचान परसा थाना क्षेत्र के झाई चक गांव निवासी बिट्टू कुमार के रूप में की गई है। मौत की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक नशे का सेवन के लिए सुई भी लेता था। नशे का ज्यादा सेवन कर लेने से मौत हुई होगी। घटना की सूचना पर एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर बारीकी से जांच कर कुछ नमूने को इकठ्ठा कर ले गयी है। मृतक की मां रिंकी देवी ने हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि बीते कुछ दिन पहले ही मेरा लड़का बिट्टू कुमार बिहटा स्थित बाटा मुसहरी में सुसराल से अपने नानी के घर पर आया था। बीते रात को गांव के ही कुछ युवक लोग गांजे पीने के बहाने बुलाकर घर से ले गए थे। अल्हे सुबह सूचना मिली की मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। उसके चेहरे पर चाकू से मारने का निशाना था।इसके साथ ही कई जगहों पर जख्म के निशाना बना हुआ था। प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी दीक्षा भवरे ने कहा कि एक युवक का शव बरामद किया गया है।पोस्टमार्ट के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक के परिजनों के तरफ से लिखित आवेदन आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल सभी मामलों पर जांच की जा रही है।

### फुटबॉल खिलाड़ी का तख्त श्री हरमंदिर साहिब से मोबाइल चोरी, गुरुद्वारा घूमने के लिए आई हुई थी टीम

**पटना।** सिक्किम से चलकर रायपुर अंडर 20 फुटबॉल चैंपियनशिप खेलने जा रहे फुटबॉल खिलाड़ी का मोबाइल पटना साहिब से चोरी हो गई। वे घूमने के लिए तख्त श्री हरमंदिर गुरुद्वारा पहुंचे थे। घटना की लिखित शिकायत फुटबॉल खिलाड़ी अजय तमांग ने पटना सिटी के चौक थाने में की है। घटना के बाद खिलाड़ी के मोबाइल चोरी का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। सिक्किम से रायपुर जा रहे अंडर 20 फुटबॉल चैंपियनशिप के खिलाड़ी कुछ देर के लिए पटना साहिब में रुके। गुरुवार की सुबह उनकी ट्रेन पटना में रूकी थी। रायपुर के लिए गुरुवार की रात में उनकी ट्रेन थी। इस बीच दिन भर का समय उनके पास शेष रह गया था। इस समय के सदुपयोग के लिए खिलाड़ियों ने पटना साहब तख्त श्री हरमंदिर घूमने का विचार बनाया। गुरुद्वारा घूमने के दौरान दो खिलाड़ी आराम करने की नीयत से तख्त श्री हरमंदिर के एक जगह पर लेट कर आराम करने लगे। इस बीच खिलाड़ियों की आंख लग गई। इस दौरान एक मोबाइल उच्चक्के ने खिलाड़ियों से नजर बचाकर मोबाइल चोरी कर लिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। घटना के बाद खिलाड़ी अजय तमांग ने चौक थाने में लिखित शिकायत की है। थाना प्रभारी ने इस मामले में उचित कार्रवाई करने और मोबाइल जल्द से जल्द बरामद करने का आश्वासन दिया है। खिलाड़ियों ने बताया कि 22 अप्रैल से रायपुर में अंदर 20 फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है। इसी सिलसिले में वे सभी फुटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने रायपुर जा रहे थे।

### पिता ने नाबालिग बेटी के साथ किया रेप, मां बोली- पहले भी गंदा काम करने की कर चुका है कोशिश

**पटना।** पटना के नौबतपुर में एक पिता ने बुधवार की देर रात अपने घर में सो रही नाबालिक बेटी के साथ दुष्कर्म किया। बेटी के शोर शराबे, हल्ला करने के बाद घर के परिवार के लोग जाग गए। परिवार के लोगों ने इसकी शिकायत नौबतपुर थाने में की। घटना प्रकाश में आने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस गिरफ्तार पिता से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने पीड़ित बेटी को मेडिकल के साथ-साथ न्यायालय में 164 का बयान दर्ज करने के लिए भी प्रयास में जुट गई है। नौबतपुर के एक गांव में 40 वर्षीय दो बेटी के पिता मेहनत मजदूरी करके अपने और अपने परिवार चलाता था। दो बेटियों में एक बेटी की उम्र लगभग 14 वर्ष जबकि दूसरी बेटी की उम्र लगभग 12 वर्ष बताई जा रही है। बुधवार की रात परिवार के सभी लोग घर में सो रहे थे। इसी दौरान पिता अपनी नाबालिग बेटी(14) के पास पहुंची और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद बेटी के हल्ला मचाने से परिवार के लोग जाग गए। बेटी ने अपने साथ हुई घटना की पूरी जानकारी अपनी मां को दी। मां ने इसकी लिखित शिकायत नौबतपुर थाने में की है। पुलिस ने मामला दर्ज होते ही आरोपित पिता को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी बेटी की मां के द्वारा यह बताया गया है कि कई बार उसके पिता ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ गलत करने का प्रयास किया था। वहीं बांका में भी सोमवार को एक ऐसी घटनाएं सामने आईं थी, जिसमें पिता ने ऐसा पाप किया जिसकी कोई माफी नहीं। पिता 3 साल से दो बेटियों से दुष्कर्म कर रहा था। बेटियां गर्भवती हुईं। एक ने संतान को जन्म दिया तो दुष्कर्मी पिता ने बच्चे को बेच दिया। आरोपी पिता गिरफ्तार कर लिया गया है। दो नाबालिग बेटियों के साथ तीन साल तक दुष्कर्म कर एक शख्स ने पिता-पुत्री के रिश्ते को शर्मसार कर दिया। हद तो यह कि जब छोटी बेटी गर्भवती हुई तो आरोपी पिता ने आशा कार्यकर्ता के साथ मिलकर जन्मी बच्ची को बेच दिया।




# अंबेडकर की मूर्ति लगाने के विवाद में युवक की हत्या

## लाइट काटकर मर्डर, पहले ईंट-पत्थर चलाए फिर 4 राउंड फायरिंग

**एजेंसी, पटना।**

पटना के दानापुर में दलित युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि अंबेडकर की मूर्ति को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। उसको लेकर ही रामनवमी के दिन ट्रांसफॉर्मर की लाइट काटकर फायरिंग की गई। इस घटना में एक शख्स की मौत हो गई। मकसूदपुर गांव में 14 अप्रैल को डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की जयंती मनाई जा रही थी। उस दौरान कुछ लोग बार-बार ट्रांसफॉर्मर से लाइट काट रहे थे। जयंती मना रहे लोगों ने इसका विरोध किया। आपसी बहस के बाद मामला शांत हो गया। रामनवमी की दोपहर में फिर से दोनों पक्षों में मारपीट हुई। फिर देर शाम में दोनों पक्षों के बीच ईंट पत्थर के साथ लाठी डंडे चले। रात करीब 11 बजे एक पक्ष ने ट्रांसफार्मर से बिजली काटकर तीन से चार राउंड फायरिंग की। इस फायरिंग में विक्रम नाम के युवक को एक गोली जा लगी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के भाई विजय कुमार ने बताया कि गांव में हम लोग डॉ. भीम राव अंबेडकर का मंदिर बना रहे थे। वहीं 14 अप्रैल को जयंती के दिन मंदिर बनाने का




विरोध कर बिजली काट दी गई थी। जिसका हम लोगों ने विरोध किया था। कल देर शाम अचानक से उन लोगों ने मारपीट शुरू कर दी और रात में बिजली काटकर फायरिंग की गई। इस दौरान एक गोली मेरे भाई को जा लगी। जिससे उसकी मौत हो गई। विक्रम गुजरात में काम करता था। 5 अप्रैल को छुट्टी लेकर घर आया हुआ था। शाहपुर थानाध्यक्ष मनीष आनंद ने बताया कि बीती रात दियारा के मकसूदपुर गांव में गोली चलने की सूचना मिली। इसमें एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई। जबकि एक युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया। उसे पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि अंबेडकर की मूर्ति की स्थापना को लेकर सड़क किनारे चबूतरा बनाया जा रहा था। जिसका गांव के यादव पक्ष के द्वारा विरोध किया जा रहा था। इसको लेकर गोलीबारी की गई है। मामले में सिटी एसपी वेस्ट अभिनव धीमान ने कहा की सरकारी स्कूल के बगल में सड़क किनारे सरकारी जमीन पर डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की मूर्ति लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया की आपस में पथराव शुरू हो गया। जिसमें एक युवक के सिर में गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज पटना के पीएमसीएच में चल रहा है। इसी बीच हुई गोलीबारी में एक युवक को गोली जा लगी। जिसे दानापुर अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस मामले में करवाई करते हुए देर रात छापेमारी करते हुए पांच लोगो को हिरासत में पूछताछ की जा रही है। इस घटना में अवधेश राय का डायरेक्ट इनवॉलमेंट है। कुछ अन्य नाम भी सामने आया है जिसके लिए छापेमारी की जा रही है।

# मोबाइल चोरी करने पहुंचे चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**एजेंसी, पटना।**

पटना सिटी के मालसलामी थाना की पुलिस ने रामनवमी के अवसर पर पश्चिम बंगाल से पटना मोबाइल चोरी करने पहुंचे गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि अन्य सदस्य पुलिस की नजर बचाकर भागने में सफल हो गए। गिरफ्तार दोनों सदस्य मोबाइल चोरी कर पश्चिम बंगाल भागने की फिराक में थे। पुलिस ने गिरफ्तार युवकों के पास से 13 महंगे मोबाइल जब्त किए हैं। पुलिस का यह मानना है कि मोबाइल चोर गिरोह के सदस्यों का जाल बिहार से पश्चिम बंगाल तक फैला है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार करने में जुट गई है। 17 अप्रैल को रामनवमी पूजा के अवसर पर पटना के महावीर मंदिर के आसपास चोरों के गिरोह ने पूजा में शामिल होने आए लोगों से कई मोबाइल चोरी कर लिए। पटना से मोबाइल चोरी करने के बाद मोबाइल चोर गिरोह के सदस्य पश्चिम बंगाल भागने की फिराक में थे। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर मालसलामी थाने की पुलिस ने पटना सिटी से दो चोर को गिरफ्तार कर लिया है। मालसलामी थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार चोर धर्मवीर विश्वकर्मा



♦ वारदात के लिए पश्चिम बंगाल से आए थे पटना, दर्जनों मोबाइल जब्त

(22) एवं मुरली सिंह (20) के हैं। उन्होंने बताया कि यह दोनों पश्चिम बंगाल, पुरुलिया के रहने वाले हैं। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि पश्चिम बंगाल का गिरोह बिहार में किसके बुलाने पर आया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बिहार के चोर गिरोह के सदस्यों के तार पश्चिम बंगाल के गिरोह से कहां तक जुटा है। थाना प्रभारी ने बताया कि पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र से भी कई मोबाइल चोरी करने की बात को चोरों ने स्वीकार किया है।

# पिस्टल दिखाकर 30 हजार और मोबाइल की लूट

**एजेंसी, पटना।**

पटना के फतुहा औद्योगिक इलाके के बाबा बाल नाथ के सामने से मोटरसाइकिल सवार दो लुटेरों ने पिस्तौल के बल पर चार मजदूरों से 30 हजार रुपये और मोबाइल लूट लिए। घटना बुधवार रात करीब 11 बजे की बताई जाती है। ये सभी मजदूर फतुहा के मकसूदपुर स्थित स्प्रिंग फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं। बीती रात सभी अपने घर वापस जाने के लिए ट्रेन पकड़ने जा रहे थे तभी रास्ते में बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया।

**पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं पीड़ितः** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के रहने वाले दीपक कुमार ने बताया कि सभी मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। हम सभी मजदूर उसी फैक्ट्री में रहते हैं। हम सभी कल रात अपने घर बंगाल जाने के लिए स्टेशन जा रहे थे। स्टेशन से कुछ



फैक्टी से काम कर पश्चिम बंगाल जा रहे थे मजदूर

ही दूरी पहले बाबा बाल नाथ मंदिर के समीप एक अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाशों में से एक ने पिस्तौल दिखाकर हमारे बैग और सभी के मोबाइल लूटकर भाग गए। इस मामले में फतुहा थाना अध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर कार्रवाई की जा रही है। आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। जल्द बदमाशों को पकड़ लिया जाएगा।

# बीएस कॉलेज में फायर ब्रिगेड टीम की हुई ट्रेनिंग, भूकंप के बाद बचाव को लेकर भी ट्रेनिंग

♦ मॉक ड्रिल से मिलेगी सहायता

**एजेंसी, पटना।**

पटना के दानापुर के बी एस कॉलेज में अग्नि सुरक्षा एवं भूकंप से बचाव का प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य आपदा मोचन बल (SDRF) आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार के सब इंस्पेक्टर रमेश ठाकुर ने इसका नेतृत्व किया। उनकी टीम बिहटा से आई थी। कॉलेज की प्रधानाचार्य प्रो. मधु प्रभा सिंह के कुशल मार्ग दर्शन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षक




रमेश ठाकुर ने बड़े ही सहज एवं व्यावहारिक ढंग से आपदा प्रबंधन, सुरक्षा, बचाव, प्राथमिक चिकित्सा आदि सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उनकी टीम के द्वारा विभिन्न प्रकार के बचाव-मंत्र दिए गए। उन्होंने कहा- अग्नि सुरक्षा का मूल मंत्र है- रुको, लेटो और लुढ़को। भूकंप से बचाव का मूल मंत्र है - झुको, ढको और पकड़ो। अग्नि से बचने के लिए एक महत्त्वपूर्ण तरीका ये है कि भीगे हुए रूमाल से अपने मुंह को ढंक लें। दूसरों को बचाने से पहले ख़ुद को बचाना बेहद ज़रूरी है। CPR करने के सही तरीके का भी डेमो उनकी टीम के द्वारा दिया गया। प्रधानाचार्या प्रो. मधु प्रभा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अगर प्रत्येक विद्यार्थी 5 लोगों को भी अगर ट्रेंड कर दे तो बहुत बड़ी बात होगी। कार्यक्रम का संचालन एन.एस.एस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ.राकेश रंजन ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. मधु पांडेय ने किया। इस मौके पर एनसीसी के ऑफिसर डॉ.चिरंतन कुमार, आईक्यूएसी के प्रभारी डॉ.संजय कुमार के अतिरिक्त महाविद्यालय के प्रो. गोपाल यादव, प्रो. रीता कुमारी, प्रो. शिवचंद्र सिंह, डॉ. आशुतोष कुमार, डॉ.चित्रलेखा, मो. फ़िरोज़ अंसारी, श्री शुभमय चौहान, डॉ. बिमलेश, डॉ. नित्या आदि उपस्थित थे।

# EC पहुंचा तेजस्वी की सभा में गाली देने का मामला

## NDA नेताओं ने की केस दर्ज करने की मांग, तेजस्वी बोले- बेवजह दे रहे तूल

**एजेंसी, पटना।**

जमुई में तेजस्वी यादव की सभा के दौरान चिराग पासवान की मां को गाली देने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गुरुवार को इसे लेकर NDA नेता चुनाव आयोग के ऑफिस पहुंचे। उन्होंने तेजस्वी के खिलाफ चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग की है। एनडीए की महिला नेत्रियों ने भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता उषा विद्यार्थी के नेतृत्व में बिहार निर्वाचन विभाग पहुंचकर तेजस्वी यादव और उनके समर्थकों के खिलाफ एफआईआर करने की मांग की है। उषा विद्यार्थी ने कहा कि चुनाव अभी शुरुआती फेज में है और इस तरह की गंदी-गंदी गालियां माता और बहनों को दी जा रही हैं। आगे चलकर इसकी पुनरावृत्ति ना हो इसलिए भाजपा और तमाम सहयोगी पार्टी आज निर्वाचन



आयोग पहुंची है। ताकि जो लोग भी इस तरह का ओछी हरकत कर रहे हैं या फिर उनके समर्थक हो या खुद तेजस्वी प्रसाद यादव उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। इधर इस मामले में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी समेत एनडीए के कई बड़े नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है। सम्राट ने कहा है कि घटना में शामिल एक-एक को चुन कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, तेजस्वी यादव ने कहा कि मैंने वीडियो देखा है। मंच पर कोई ऐसी बात नहीं हो रही है। तेजस्वी ने कहा कि अगर यह बात मेरे कान तक आई होती तो मैं इसे खुद टॉलरेट नहीं करता। उन्होंने कहा कि इसे बात का बतंगड़ नहीं बनाना चाहिए। दरअसल, बुधवार को जमुई में तेजस्वी की सभा के दौरान पूर्व मंत्री विजय प्रकाश के सामने ही किसी ने चिराग पासवान और उनकी मां को लेकर कुछ अपशब्द कहे थे। इस दौरान विजय प्रकाश हाथ जोड़कर कार्यकर्ता को समझाते हुए भी दिखे। इसका वीडियो भी सामने आया है। इस मामले में चिराग पासवान ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि मेरे सामने अगर कोई राबड़ी देवी और मीसा भारती के बारे में ऐसा बोलता तो मैं बर्दाश्त नहीं करता, लेकिन तेजस्वी ने कुछ नहीं कहा। इस दौरान वे काफी भावुक भी हो गए थे।

# गंगा में कूदे 3 लोगों की नहीं मिली जानकारी

**एजेंसी, पटना।**

पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र के महावीर घाट पर सुसाइड की नीयत से गंगा में छलांग लगाए हुए तीन लोगों का 24 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं मिला है। गंगा नदी में एनडीआरएफ टीम के द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इसके बावजूद भी 24 घंटा से अधिक गुजर जाने के बाद भी कोई परिणाम सामने नहीं आया है।

आलमगंज थाना पदाधिकारी का कहना है कि अभी तक परिजनों के तरफ से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस इसे लेकर मामला संदिग्ध मान रही है बुधवार की सुबह आलमगंज थाना क्षेत्र के महावीर घाट के नजदीक स्थानीय लोगों ने एक बाइक, दो जोड़ा महिलाओं का चप्पल और एक सुसाइड नोट



देखा था। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना आलमगंज थाने को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने महावीर घाट के नजदीक से एक मोटरसाइकिल, महिला का दो जोड़ा चप्पल और एक सुसाइड नोट बरामद किया था। इस मामले को लेकर आलमगंज थाना प्रभारी ने बताया कि सुसाइड नोट में आत्महत्या करने की नीयत से यह पत्र लिखा गया है। उन्होंने बताया कि पत्र लिखने वालों की पहचान नई सड़क, नवाब बहादुर रोड, पटना सिटी का प्रतीत हो रहा है।

# पटना में सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत, डायवर्सन में गिरी बाइक

## शादी समारोह से लौटने के दौरान हुआ हादसा

**एजेंसी, पटना।**

पटना के गौरीचक में बुधवार की देर रात सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक युवक घायल हो गए। घायल युवक को इलाज के लिए पास के नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जबकि दोनों मृतक को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दी गई है। मृतक की पहचान नालंदा निवासी के रूप में हुई है, जो पटना के धनरूआ स्थित एक गांव में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। घटना के बाद मौके पर घंटो अफरा तफरी का माहौल बना रहा। घटना की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। नालंदा निवासी मोटरसाइकिल सवार



तीन युवक आशुतोष कुमार 25 वर्ष, अंकित कुमार 30 वर्ष एवं अखिलेश कुमार अपनी मोटरसाइकिल से बुधवार की देर रात धनरूआ के एक गांव में शादी में शामिल होने जा रहे थे। इसी क्रम में जैसे ही दोनों गौरीचक थाना क्षेत्र के सर्फाबाद डायवर्सन के नजदीक पहुंचे हैं। तेज रफ्तार गाड़ी की वजह से मोटरसाइकिल के साथ तीनों डायवर्सन में गिर पड़े। बताया जा रहा है कि इस हादसे में दो युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

# गर्मी से ब्रेन हेमरेज...3 दिन में IGIMS में 10 भर्ती, AC से तुरंत धूप में ना निकलें, बिहार के 14 जिलों में लू का अलर्ट

**एजेंसी, पटना।**

अप्रैल का आधा महीना बीत चुका है। बिहार में गर्मी बढ़नी शुरू हो चुकी है। मौसम विभाग ने 18 से 21 अप्रैल तक 14 जिलों जमुई, नवादा, औरंगाबाद, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान, गोपालगंज, बक्सर, कैमूर, रोहतास, शेखपुरा, खगड़िया, मुंगेर और बांका में हीट वेव यानी लू का यलो अलर्ट जारी किया है। गर्मी बढ़ने के साथ ही पटना में ब्रेन हेमरेज के मरीज सामने आ रहे हैं। पटना IGIMS में 3 दिनों में 10 लोग भर्ती हुए हैं। बुधवार को दो, मंगलवार को तीन और सोमवार को पांच मरीज भर्ती हुए। फिलहाल IGIMS में ब्रेन हेमरेज के 20 मरीजों का इलाज चल रहा है। डॉक्टर्स का कहना है कि ब्रेन हेमरेज अक्सर ठंड के दिनों में दिखाई देता है, लेकिन अब गर्मी में भी इसके केस सामने आ रहे हैं।




**मरीजों में 40 से 55 की उम्र वाले ज्यादाः** मेडिकल सुपरिंटेंडेंट सह उपनिदेशक डॉ. मनीष मंडल ने बताया कि गर्मी में इतने लोग ब्रेन हेमरेज से पीड़ित हो रहे हैं, इससे चिकित्सक भी हतप्रभ हैं। डॉ. मंडल की मानें तो एसी से तुरंत बाहर आने या फिर गर्मी से तुरंत एसी में जाने, बीपी की दवा छोड़ देने जैसे कारणों से गर्मी में ब्रेन हेमरेज के मामले आ रहे हैं। ऐसे मरीजों को आईसीयू और वेंटिलेटर की जरूरत पड़ रही है। इनमें 40 से 55 साल वालों की संख्या अधिक है। गर्मी में बीपी के मरीज के अलावा अन्य को सावधानी बरतने की जरूरत है। तुरंत एसी से धूप में नहीं जाएं या फिर धूप से तुरंत एसी में नहीं बैठें। बीपी की दवा नहीं छोड़ें, अगर चल रही है तो। चिकित्सक की सलाह के बिना दवा नहीं छोड़ें। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान से आ रही गर्म शुष्क पछुआ हवा अब झुलसाने लगी है। बुधवार को 28 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली। जिसके कारण से गर्मी काफी अधिक महसूस हुआ।

**आज इन जिलों में बारिश की भी संभावनाः** पटना मौसम विभाग का कहना है कि एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन उत्तर-पश्चिम बिहार पर बना है। इस कारण से आज सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले के एक-दो स्थानों में हल्की बारिश का भी पूर्वानुमान है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एसके पटेल ने बताया कि वायुमंडल के निचले स्तर पर आर्द्रता में कमी आई है।

## संक्षिप्त समाचार

### टेंपो से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**अलीगढ़ , एजेंसी।** बुधवार की सुबह इंदिरा नगर के समीप टेंपो से टकराकर बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं उसका साथी हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। गांधी पार्क क्षेत्र के नौरंगाबाद निवासी 18 वर्षीय शिवम कुमार पुत्र राजबहादुर बुधवार की सुबह अपने दोस्त अरुण कुमार पुत्र धर्मवीर सिंह के साथ बाइक से खैर रोड पर जा रहे थे। इंदिरा नगर के पास सामने से आ रहे टेंपो से उनकी बाइक टकरा गई। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा होते ही लोगों की भीड़ लग गई। किसी ने सूचना दी तो पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को मलखान सिंह जिला अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने शिवम को मृत घोषित कर दिया। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद अरुण कुमार को जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। खबर पाकर मृतक और घायल के परिवार वाले भी जिला अस्पताल पहुंच गए थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शिवम के भाई और दोनों बहनों का रोकर बुरा हाल था।

### परिवार सोता रहा, चोर घर से कर ले गए चोरी

**अलीगढ़ , एजेंसी।** कोतवाली हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव मान महौं में सोमवार देर रात चोर घर में घुस गए। घर में रखी नगदी व आभूषणों को चुरा ले गए।पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव निवासी पुष्पेंद्र पुत्र राम प्रकाश ने तहरीर में बताया कि घटना वाली रात को घर में सभी लोग सो रहे थे। घर में घुस कर चोरों करीब 25 हजार रुपये नगद, सोने, चांदी के जेवर व साड़ी चोरी कर ले गए। चोरी के बारे में सुबह जागने पर पता चला। घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। जिसमें तीन चोर वारदात को अंजाम देते हुए नजर आ रहे हैं।

### कुलदीप भदौरिया कानपुर से बसपा प्रत्याशी घोषित, कहा- चौंकाने वाले होंगे मतगणना के नतीजे

**कानपुर , एजेंसी।** आंबेडकर ने बसपा शासन में हुए विकास कार्य व कानून व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि वह सबसे अच्छा शासनकाल रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह बसपा के प्रत्याशी को जिताने के लिए कमर कस लें। मुख्य मंडल प्रभारी प्रवेश कुरील ने कहा कि पूरे देश में 2024 का लोकसभा चुनाव बहुजन समाज पार्टी अकेले अपने दम पर लड़ रही है। मतगणना के नतीजे चौंकाने वाले होंगे। कहा कि बसपा अधिक से अधिक सीटें जीतकर आएगी और मायावती देश की प्रधानमंत्री बनेंगी। सम्मेलन में मंडल प्रभारी अनिल पाल, जिलाध्यक्ष राजकुमार कप्तान आदि मौजूद थे।

### बुजुर्ग की हत्या में बेटे-नाती पर मुकदमा

**अलीगढ़ , एजेंसी।** गांव मदनपुर में ट्रैक्टर चढ़ाकर बुजुर्ग की हत्या किए जाने के मामले में मृतक के एक पुत्र और नाती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ है। मदनपुर निवासी 90 वर्षीय साहब सिंह पुत्र होडल सिंह का नाती रूपेंद्र सिंह काफी समय से खेत का बंटवारा करने के लिए दबाव बना रहा था, लेकिन बुजुर्ग इसके लिए तैयार नहीं थे। मंगलवार की दोपहर खेत जोतने पर बाबा ने विरोध किया तो नाती रूपेंद्र ने ट्रैक्टर चढ़ा दिया जिससे मौके पर ही साहब सिंह की मौत हो गई। मामले में मृतक के पुत्र भानु प्रताप सिंह ने अपने भाई शिव प्रताप सिंह और उसके बेटे रूपेंद्र के खिलाफ हत्या और साजिश करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### जानलेवा हमले में घायल युवक की मौत

**अलीगढ़ , एजेंसी।** गांव वाजिदपुर में मंगलवार को जानलेवा हमले में घायल युवक की जेएन मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं मामले में पुलिस ने एक महिला सहित चार लोगों को पकड़ा है, जिन्हें न्यायालय के आदेश पर बुधवार को जेल भेज दिया गया। गांव निवासी भीकम सिंह के अनुसार मंगलवार को वह अपने बेटे विक्रम के साथ बैठे हुए थे तभी भानु प्रकाश, कौशल व हरिओम पुत्रगण रामवीर सिंह और उनकी मां मुन्नी ने हमला बोलकर लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया।

# अमेठी का सस्पेंस: राहुल गांधी के जवाब से उलझी कांग्रेस

## आखिर क्या हैं इस चुप्पी और लेट-लतीफी के मायने



**अमेठी, एजेंसी।** अमेठी में 26 अप्रैल से नामांकन शुरू होगा। भाजपा की स्मृति जूबिन इरानी चुनाव मैदान में हैं, लेकिन उनके सामने कांग्रेस से कौन होगा यह अभी तक तय नहीं हो सका है। अमेठी से चुनाव लड़ने के सवाल पर बुधवार को गाजियाबाद में राहुल गांधी ने एक बार फिर सीधे तौर पर कुछ नहीं बोला, सिर्फ यह कहा कि मुझे जो भी आदेश मिलेगा मैं उसका पालन करूंगा। हमारी पार्टी में ये सभी (उम्मीदवारों के चयन) निर्णय सीईसी द्वारा लिए जाते हैं। इस जवाब ने एक बार फिर अमेठी की सियासत को उलझा दिया है। संशय व असमंजस के बीच सवालों की फेहरिस्त ने एक बार फिर दुविधा बढ़ा दी है।

### वजह भी खास है

अमेठी को कभी गांधी परिवार का गढ़ माना जाता था। वर्ष 1977 से गांधी परिवार ने यहां पर राजनीतिक पारी शुरू की। संजय गांधी हों या फिर राजीव गांधी, सोनिया या फिर राहुल...सभी ने अपनी राजनीतिक पारी का आगाज अमेठी से किया। वर्ष 2004 से अमेठी से पहली बार संसद पहुंचे राहुल गांधी ने वर्ष 2009 व 2014 में जीत दर्ज की। वर्ष 2019 में वह चुनाव हार गए।

### पहले भी चुप रहे राहुल

फरवरी 2024 में न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस के बड़े नेताओं ने खुलकर बोला कि अमेठी राहुल गांधी का परिवार है। वह यहीं से चुनाव लड़ेंगे, लेकिन राहुल ने उस वक्त भी इस मुद्दे पर खुलकर कुछ भी नहीं बोला था। कई ऐसे मौके आए जब राहुल ने निर्णय पार्टी नेतृत्व पर छोड़ दिया। यह हाल तब है जब बीते दिनों प्रियंका गांधी वाड्रा के पति राबर्ट वाड्रा का एक बयान आया था कि अमेठी के लोग चाहते हैं कि मैं उनका प्रतिनिधित्व करूं। हालांकि इस बयान के बाद सियासत में कई तरह के बदलाव देखने को मिले।

### राहुल पर टिकी आस

यह बात अलग है कि पार्टी के कई बड़े नेता यह संदेश दे चुके हैं कि राहुल गांधी ही यहां से चुनाव लड़ेंगे, लेकिन अभी तक दावेदार का ऐलान न होने से तस्वीर स्पष्ट नहीं है। वहीं, पार्टी के प्रदेश सचिव योगेंद्र मिश्र कहते हैं कि इंतजार करिए, अमेठी से राहुल ही चुनाव लड़ेंगे। जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल कहते हैं कि इंतजार करिए, अभी बताने लायक कुछ ऐसा नहीं है जो बताया जाय। चुनाव के लिए हम तैयार हैं, बस यह जानिए।

### बसपा ने जल्द प्रत्याशी उतारने का दिया संकेत

अमेठी से जल्द ही बसपा प्रत्याशी उतार सकती है। बुधवार को पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में कार्यकर्ताओं को इसके लिए तैयार रहने के लिए कहा गया। गौरीगंज में आयोजित बैठक में मंडल प्रभारी सर्वेन्द्र आंबेडकर और राजकुमार गौतम ने विधानसभा कमेटियों को संगठन के काम की जिम्मेदारी बांटी। कहा कि सभी कार्यकर्ता पोलिंग बूथों पर पार्टी अध्यक्ष का संदेश पहुंचाएं। चुनाव के लिए हमेशा तैयार रहें। प्रत्याशी की घोषणा किसी भी दिन हो सकती है। अमेठी में जोन नंबर एक में कुसुम राज, जोन नंबर दो में किसन सिंह गौतम ,जोन नंबर तीन में लक्ष्मण प्रसाद और जोन नंबर चार में अमर भीम को तैयारी बैठक करने की जिम्मेदारी दी गई। इनके साथ अनिल कुमार, रामनाथ, विक्रमाजीत, कन्हैया लाल मिश्र, विद्याप्रसाद गौतम और रामकरन भी जुटेंगे। गौरीगंज विधानसभा में श्रवण कुमार यादव, मोती लाल, विधानसभा अध्यक्ष शिवराम और विंध्येश्वरी प्रसाद के साथ राम केवल सरोज, विवेक पांडेय, रमेश कश्यप, धर्मराज, अरुण कुमार, जयवर्धन बौद्ध, सुभाष चंद्र और ओम प्रकाश गौतम को जोन की बैठक कराने की जिम्मेदारी दी गई है।

# छुटभइये ही नहीं, बड़े नेता भी नहीं बचा सके जमानत, इज्जत बचाने के लिए पाने होंगे 1.90 लाख वोट



**अयोध्या , एजेंसी।** संसदीय चुनावों में नेताओं के लिए सम्मान रूपी जमानत राशि बचानी भी चुनौतीपूर्ण रही है। जीत का सेहरा बांधने के मकसद से चुनावी रण में कूदे कई नेता अंत तक अपनी जमानत बचाने के लिए भी जूझते दिखे। यह हाल सिर्फ छुटभइयों का ही नहीं, बल्कि कई बड़ी पार्टियों के बड़के नेताओं का भी रहा। उनकी भी यहां जमानत जब्त हो चुकी है।

### सम्मान से जोड़कर देखी जाती है प्रत्याशियों की जमानत राशि

- नामांकन के समय प्रत्याशियों को कुछ रकम भी जमा करनी होती है, जिसे जमानत राशि कहते हैं।
- सामान्य वर्ग के लिए यह राशि 25,000 रुपये व आरक्षित कोटे के प्रत्याशी के लिए 12,500 रुपये निर्धारित है। यह सिर्फ जमानत राशि ही नहीं, बल्कि इसे प्रत्याशियों के सम्मान से भी जोड़कर देखा जाता है। वैध मतों का छठां हिस्सा मिलने पर ही यह राशि प्रत्याशियों को लौटाई जाती है।

### बड़े दल के नेताओं की भी हो चुकी है जमानत जब्त

- जिले में हुए पिछले कई चुनावों में 80 प्रतिशत से अधिक प्रत्याशी अपनी जमानत नहीं बचा सके। सिर्फ निर्दल व छोटे दल के नेता ही इस अग्निपरीक्षा में फेल नहीं हुए, बल्कि कांग्रेस, बसपा जैसे बड़े दल के नेताओं ने भी अपमान रूपी यह घूंट पिया है। इस बार भी चुनावी सरगर्मी बढ़ रही है।
- प्रमुख राजनीतिक दल तो अपना पत्ता खोल चुके हैं। कई निर्दल व छोटे दलों के प्रत्याशी भी निश्चित तौर से ताल ठोंकेंगे। अभी तो फिलहाल सभी स्वयं के जीतने का दावा ही करेंगे, लेकिन कौन जमानत बचा पाता है यह तो परिणाम ही बताएगा।

### छह बार जमानत गंवा चुकी है कांग्रेस

- कांग्रेस यहां से छह बार जमानत राशि गंवा चुकी है। 2019, 2014, 2004, 1999, 1991 में निर्मल खत्री व 1996 में यदुवंश राम त्रिपाठी कुल पड़े मतों का छठां हिस्सा नहीं पा सके।
- वहीं, 2014 में बसपा के जितेंद्र सिंह बब्लू, 1999 में सपा के हीरालाल यादव, कम्युनिस्ट पार्टी के मित्रसेन यादव, 1996 में बसपा के इकबाल खान, 1989 व 1991 में बसपा के आरके चौधरी भी अपनी जमानत राशि नहीं बचा सके।

### हाईकोर्ट का आदेश : गलत वेतन भुगतान पर काटी गई ग्रेच्युटी राशि ब्याज सहित वापस करें



**प्रयागराज , एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गलत वेतन भुगतान के आधार पर काटी गई ग्रेच्युटी राशि को छह प्रतिशत ब्याज के साथ वापस करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी संत कबीर नगर को एक महीने के भीतर रुपये वापस करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय की कोर्ट ने भागीरथी की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया। मामले में याची भागीरथी यूपी के पंचायती राज विभाग, लखनऊ में ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर तैनात थे और 31 जुलाई 2020 को सेवानिवृत्त हुए। सेवा के दौरान गलत वेतन निर्धारण के कारण उन्हें अतिरिक्त राशि का भुगतान कर दिया गया। इस आधार पर जिला पंचायत राज अधिकारी, संत कबीर नगर के आदेश से सेवानिवृत्ति के दौरान याची की ग्रेच्युटी से 5,90,061 रुपये की कटौती की गई। इसके विरोध में याचिका दायर की गई। कोर्ट ने पंजाब राज्य और अन्य बनाम मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आधार पर अतिरिक्त भुगतान की वसूली के आदेश को रद्द कर दिया। साथ ही कहा कि एक माह के भीतर छह प्रतिशत ब्याज प्रतिवर्ष की दर से रुपये वापस किए जाएं।

# पूर्व मंत्री का नाती फरार...शादी से मना करने पर युवती और उसके पिता पर चढ़ा दी थी कार, दहशत में परिवार

**आगरा, एजेंसी।** आगरा में पूर्व मंत्री चौधरी उदयभान सिंह के नाती दिव्यांश चौधरी को पुलिस दो दिन में भी गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इससे पीड़ित परिवार दहशत में है। युवती ड्यूटी पर लखनऊ नहीं जा रही है।

भाई ने पढ़ाई बंद कर दी है। पूरा परिवार घर में कैद हो गया है। आरोप है कि पुलिस की मिलीभगत से आरोपी बच रहा है। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही की जा रही है। हालांकि पुलिस का दावा कि आरोपी फरार हो गया है। गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

ऋषि मार्ग (शाहगंज) पर सोमवार रात को जूता कारोबारी और उनकी बेटी को कार से कुचलने का प्रयास गया किया था। इसका आरोप पूर्व मंत्री के नाती दिव्यांश चौधरी पर है। कॉलोनी के लोगों ने कार्रवाई की मांग के लिए हंगामा किया था। पुलिस ने जानलेवा हमले की धारा में मुकदमा लिखा है। मगर, आरोपी दो दिन बाद भी नहीं पकड़ा जा सका है।

**पुलिस ने नहीं समझी घटना की गंभीरता:** जूता कारोबारी ने आरोप लगाया कि पुलिस पूर्व मंत्री के नाती के दबाव में है। यही वजह है कि पूर्व के मुकदमे में चार्जशीट लगा दी थी। मगर, मामले की गंभीरता को नहीं समझा। आरोपी खुलेआम घूमता रहा। उसने दूसरी वारदात कर दी। अब भी पुलिस लीपापोती कर रही है। बेटी के बयान तक नहीं दर्ज नहीं किए गए हैं। पुलिस कोर्ट तक नहीं लेकर गई है। इससे वह दहशत में हैं। पूर्व मंत्री का नाती कुछ भी कर सकता है।

**जयपुर, फिर लखनऊ में किया परेशान:** पिता का कहना है कि बेटी को पढ़ाया लिखाया, सब बेकार हो गया। बेटी पहले जयपुर में नौकरी करती थी। आरोपी वहां पहुंच गया। परेशान करने लगा। बाद में लखनऊ में नौकरी लगने पर वहां परेशान करने लगा।

शादी का दबाव बनाता था। बेटी ने कई बार मना किया, लेकिन नहीं माना। अब घर के बाहर वारदात की। इससे पूरा परिवार डरा हुआ है। घर से बाहर नहीं जा पा रहे हैं। बेटी कमरे से बाहर नहीं आ रही है। बस रोये जा रही है। उसे डर है कि दिव्यांश पिता को कुचलने का प्रयास कर सकता है तो उसके साथ भी घटना कर देगा। इससे वह तनाव में आ गई है। उसे परिजन संभाल रहे हैं। 13 साल का बेटा कक्षा सात में पढ़ता है। वह भी पढ़ने नहीं जा पा रहा है।

**सीसीटीवी में कैद है घटना:** पिता-पुत्री को कार से कुचलने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित परिवार ने फुटेज पुलिस को दे दिए हैं। इसमें सफेद रंग की कार नजर आ रही है। इसमें दिव्यांश के होने की बात कही गई है। युवती और उसके पिता अपना बचाव कर रहे हैं।

**तो कोर्ट से वारंट ले आएंगे:** लोहामंडी के सहायक पुलिस आयुक्त मयंक तिवारी ने बताया कि दिव्यांश की गिरफ्तारी के लिए टीम ने दबिश दी थी। मगर, वो फरार हो गया है। इस पर पूर्व मत्री से बात की गई। परिजन को नोटिस भी दिया गया है। उनसे बोला गया कि दिव्यांश को पुलिस के समक्ष पेश करें। अगर, ऐसा नहीं करते हैं तो कोर्ट से वारंट लिए जाएंगे। आरोपी ने अपने मोबाइल भी बंद कर लिए हैं।

### पलटते हुए नीम के पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, हादसे में तीन लोगों की मौत

**लखनऊ , एजेंसी।** बलरामपुर जिले से लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट जा रही तेज रफ्तार कार बृहस्पतिवार को करीब 11:00 बजे लखनऊ अयोध्या हाईवे पर बाराबंकी के निकट पलटते हुए पेट से टकरा गई । इस भीषण हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक आंशिक रूप से घायल है। सीओ सिटी जगत कनौजिया के अनुसार बलरामपुर जिले के दो युवक सऊदी अरब जा रहे थे। जबकि कार एक तीसरा युवक कार चल रहा था। इन तीनों से रास्ते में एक चौथे युवक ने लिफ्ट ली। लखनऊ अयोध्या हाईवे पर शहर कोतवाली क्षेत्र में हैदरगढ़ ओवरब्रिज के 100 मीटर पहले अचानक कार लहराई और हाईवे किनारे पलटते हुए नीम के पेड़ से जा टकराई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार के अंदर से तीन शव निकाले हैं। लिफ्ट लेने वाला युवक जमसेद हल्का घायल हुआ है। उसी ने इन तीनों युवकों के लखनऊ जाने और दो के सऊदी अरब जाने की बात बताई। कार के नंबर के अनुसार मृतकों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# मुगलों के दौर में जहां ढाले जाते थे सोने-चांदी के सिक्के, वहां दिखेगा इतिहास का खजाना



**आगरा , एजेंसी।** आगरा के फतेहपुर सीकरी की मुगलिया टकसाल, जहां शहंशाह अकबर के शासन में सोने और चांदी के सिक्के ढाले जाते थे, अब वहां पर्यटकों को इतिहास का खजाना मिलेगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने टकसाल की खाली पड़ी इमारत में इंटरप्रिटेशन सेंटर बनाया है, जिसमें पर्यटक कई दुर्लभ पेंटिंग देखने के साथ सीकरी के निर्माण, वैभव और वास्तुकला की जानकारी ले पाएंगे। शहंशाह अकबर ने जब वर्ष 1569 में फतेहपुर सीकरी को अपनी राजधानी बनाया, तब यहां दीवान-ए-आम के पास सबसे बड़ी टकसाल का निर्माण कराया, जहां सोने-चांदी के शाही मुहर वाले सिक्के ढाले जाते थे। इसी परिसर में एएसआई ने इंटरप्रिटेशन की शुरूआत की है। पर्यटकों को यहां सीकरी के इतिहास की जानकारी न केवल डिस्पले बोर्ड से होगी, बल्कि वीडियो और ऑडियो प्रजेंटेशन के जरिए भी वह मुगलिया राजधानी के बारे में सब कुछ जान पाएंगे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ. राजकुमार पटेल ने बताया कि फतेहपुर सीकरी में म्यूजियम को नया रंगरूप दिया गया है। वहीं, इंटरप्रिटेशन सेंटर के जरिए पर्यटक सीकरी के भ्रमण से पहले उसके बारे में जानकारी ले सकेंगे। पतसाल आदि क्षेत्रों में रॉक पेंटिंग, उत्खनन के साथ ऐतिहासिक तथ्यों को जान सकेंगे।

### सेंटर में यह दिखेगा खास

फतेहपुर सीकरी में प्रागैतिहासिक काल की रॉक पेंटिंग, मुगल काल में भवनों का निर्माण, शहंशाह अकबर से जुड़ी पेंटिंग, 1986 में हुए उत्खनन, शाही हमाम, बीरबल महल, अनूप तालाब का उत्खनन, वीर छबीली टीले, टकसाल क्षेत्र का उत्खनन और इमारतों की तस्वीरें प्रदर्शित की गई हैं। इबादतखाना की खोज को इंटरप्रिटेशन सेंटर में प्रमुखता दी गई है।

# भाजपा प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल पर फर्जी एससी प्रमाणपत्र बनवाने का आरोप

**आगरा, एजेंसी।** अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित आगरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल के जाति प्रमाणपत्र पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं। डॉ. अंबेडकर समाज सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष अनिल सोनी ने बुधवार को मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी से शिकायत दर्ज कराई है। प्रमाण पत्र की जांच के लिए जिला स्क्रूटनी कमेटी गठित करने की मांग की गई है।

प्रताप नगर स्थित अलका पुरी निवासी अनिल सोनी का आरोप है कि पिछड़ा वर्ग के व्यक्ति एसपी सिंह बघेल ने राजनीतिक प्रभाव का दुरुपयोग कर आरक्षण का लाभ लेने के लिए गलत तथ्यों से अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र जारी कराया है। वह जन्म से पिछड़ा वर्ग की उपजाति पाल, बघेल गडेरिया है। राजनीतिक प्रभाव और तहसील के कर्मचारी व अधिकारियों की सांठगांठ से उन्होंने 4 फरवरी 2016 को धनगर लिखवाकर अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र जारी कराया है। जारी प्रमाण पत्र पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के जिस निर्णय का जिक्र है उसे स्वयं आयोग ने ही बाद में रिव्यू कर लिया था।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि एसपी सिंह बघेल



ने 4 अगस्त 1975 को 11 वीं कक्षा में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विजावर, जिला छतरपुर मध्य प्रदेश से शिक्षा ग्रहण की। जिसके छात्र रजिस्टर उनकी जन्मतिथि 21 जून 1960 और जाति के ठाकुर दर्ज है। 10वीं कक्षा की पढ़ाई अशोक एचएसएस विद्यालय से की, उसके छात्र रजिस्टर में भी यही उल्लेख है। जबकि वर्ष 2015-16 में एसपी सिंह बघेल ने आगरा कॉलेज के सैन्य विभाग में प्रोफेसर की नौकरी पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित पद पर प्राप्त की। उन्होंने कहा एसपी सिंह पिछड़ा वर्ग के व्यक्ति हैं। कूटरचित तरीके से उन्होंने राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल करते हुए 2016 में अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र बनवाया है।

**38 प्रमाणपत्र करा चुके हैं निरस्त:** शिकायतकर्ता अनिल सोनी ने बताया कि वह धनगर के नाम से बने 38 अनुसूचित जाति के प्रमाणपत्र निरस्त करा चुके हैं। अनुसूचित जाति धनगड़ है। जबकि एसपी सिंह के प्रमाणपत्र पर धनगर दर्ज है। दोनों की अंग्रेजी स्पेलिंग एक जैसी है लेकिन हिंदी में नाम अलग हैं। इस संबंध में उन्होंने निर्वाचन आयोग ने भी शिकायत पर जांच के आदेश जिलाधिकारी आगरा को दिए हैं।

**दो चुनाव लड़ चुका... झूठी पाई गई शिकायत:** भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि 10 साल से ऐसे ही हो रहा है। दो चुनाव लड़ चुका हूं। एक बार टूंडला से, एक बार आगरा से। पहले भी शिकायतें की गई थीं। झूठी पाई गईं। तहसीलदार ने प्रमाणपत्र बनाया था। जिसके खिलाफ डीएम की कमेटी में शिकायत की गई। वहां प्रमाणपत्र सही पाया गया। फिर कमिश्नर से शिकायत की गई। वहां भी सही पाया गया।

# मुठभेड़ में प्रतिबंधित पशु तस्कर के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार, अस्पताल में भर्ती

**अलीगढ़ , एजेंसी।** टप्पल पुलिस मुठभेड़ में 20 हजार रुपये के इनामी प्रतिबंधित पशु तस्कर को दबोचा है। उसके पैर में पुलिस की गोली लगी है। घायल बदमाश को इलाज के लिए पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

सीओ खैर राजीव द्विवेदी ने बताया कि जट्टारी-पिसावा मार्ग पर चेकिंग के दौरान पुलिस कर्मियों ने बाइक से आ रहे एक व्यक्ति को रुकने का इशारा किया। इस पर वह तेजी से बाइक मोड़कर पिसावा की ओर भागा। इस पर पिसावा थाने को सूचना देने के साथ चेकिंग टीम ने पीछा करना शुरू कर दिया। रास्ते में दोनों ओर से पुलिस से स्वयं को घिरा देखकर आरोपी जट्टारी-पिसावा रोड ईंट भट्ठे के सामने कच्चे रास्ते पर खेतों की ओर बाइक मोड़कर भागा तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इस पर आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम ने भी गोली चलाई जिससे आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर कराहने लगा। सीओ के अनुसार मुठभेड़ में पकड़ा गया अकबर पुत्र बक्शी खां बुलंदशहर जनपद के थाना खुर्जा के गांव मीरपुर का निवासी है। वह जनपद के गोंडा थाने से वांछित था। उस पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेस्ले एशिया-अफ्रीका के बेबी फूड में मिलाती है चीनी

**बेल्जियम।** FMCG कंपनी नेस्ले डेवलपिंग देशों में बिकने वाले बच्चों के दूध और सेरेलेक जैसे फूड प्रोडक्ट्स में शक्कर और शहद मिलाती हैं। ज्यूरिख स्थित पब्लिक आई एंड इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क ने अपनी रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, एशिया, लैटिन अमेरिका और अफ्रीका में बिकने वाले छह महीने तक के बच्चों के लिए गेहूं से बने लगभग सभी बेबी फूड्स में प्रति कटोरी (1 सर्विंग) में एवरेज 4 ग्राम शुगर की मात्रा पाई गई। पब्लिक आई ने इन देशों में कंपनी के 150 प्रोडक्ट्स की जांच बेल्जियम स्थित लैब में की। पब्लिक आई का यह दावा अगर सही पाया जाता है, तो यह वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (WHO) के निर्देशों का उल्लंघन है। WHO के गाइडलाइन के मुताबिक 3 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए भोजन में कोई शुगर या मीठे पदार्थ का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। इसमें सबसे ज्यादा फिलीपींस में 1 सर्विंग में 7.3 ग्राम शुगर मिली। वहीं, नाइजीरिया में 6.8 ग्राम और सेनेगल में 5.9 ग्राम शुगर बेबी फूड्स में देखने को मिला। इसके अलावा, 15 में से सात देशों ने प्रोडक्ट के लेवल पर शुगर होने की जानकारी ही नहीं दी।

### EVM-VVPAT वेरिफिकेशन पर 5 घंटे सुनवाई, फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) के वोटों और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (VVPAT) पर्चियों की 100% क्रॉस-चेकिंग की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू हो गई है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ADR समेत अन्य की याचिका पर सुनवाई कर रही है। याचिकाकर्ताओं की तरफ से एडवोकेट प्रशांत भूषण, गोपाल शंकरनारायण और संजय हेगड़े पैरवी कर रहे हैं। प्रशांत भूषण एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) की तरफ से पेश हुए। वहीं चुनाव आयोग की ओर से एडवोकेट मनिंदर सिंह मौजूद हैं। एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कोर्ट के सामने एक रिपोर्ट पेश की। इसमें आरोप था कि केरल में मॉक पोलिंग के दौरान भाजपा को ज्यादा वोट जा रहे थे। इस पर कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील मनिंदर सिंह से पूछा कि ये कितना सही है। सिंह ने कहा कि ये खबरें पूरी तरह झूठी और बेबुनियाद हैं।

### इमरान बोले- पाकिस्तान में जंगल राज है, बुशरा की गिरफ्तारी के लिए आर्मी चीफ जिम्मेदार

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान के पूर्व PM इमरान खान ने कहा है कि देश में जंगल राज चल रहा है। इस जंगल के राजा आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर हैं। यहां जो भी होता है उनके हिसाब से होता है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए खान ने पत्नी बुशरा बीबी की गिरफ्तारी के लिए भी जनरल मुनीर को जिम्मेदार ठहराया। आर्मी चीफ को धमकी देते हुए इमरान ने कहा, "बुशरा की गिरफ्तारी के पीछे सीधे तौर पर जनरल मुनीर का हाथ है। अगर मेरी पत्नी को कुछ भी हुआ तो मैं उन्हें नहीं छोड़ूंगा। जब तक मैं जिंदा रहूंगा, उसके सारे गैरकानून और असंवैधानिक कार्मों का पर्दाफाश करता रहूंगा।" खान ने आगे कहा, "जंगल के राजा ने चाहा तो नवाज शरीफ को सभी केस में माफी मिल गई। राजा के कहने पर ही 5 दिन के अंदर हमें 3 मुकदमों में सजा सुना दी गई।" देश की तंगहाल आर्थिक व्यवस्था पर बात करते हुए इमरान ने कहा, "देश की अर्थव्यवस्था में IMF से लोन नहीं, बल्कि निवेश के जरिए स्थिरता आएगी; लेकिन जंगल राज होने की वजह से यहां कोई निवेश नहीं कर रह है। यह अच्छी बात है कि सऊदी अरब से लोग यहां आ रहे हैं, लेकिन इन्वेस्टमेंट तभी होगा जब देश में कानून का शासन आएगा।"

### ब्राजील में शव को व्हीलचेयर पर लेकर बैंक पहुंची महिला, 2.71 लाख का लोन साइन करवाना चाहती थी

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील में एक महिला 68 साल के एक व्यक्ति का शव लेकर बैंक पहुंच गई। वो इस शव के जरिए 2.71 लाख का लोन लेना चाहती थी। एरिका डिसूजा न्यून्स नाम की महिला उस शव को अंकल कह रही थी। पुलिस ने एरिका को गिरफ्तार कर लिया है। घटना ब्राजील की राजधानी रियो डी जनेरियो की है। दरअसल, मंगलवार (16 अप्रैल) को एरिका व्हीलचेयर पर एक बुजुर्ग को लेकर बैंक पहुंची। बुजुर्ग की हालत ठीक नहीं दिख रही थी, और उनका सिर लगातार कुर्सी पर पीछे की तरफ झुक जा रहा था। महिला बार-बार हाथ से सिर सीधा करने की कोशिश कर रही थी। इसके बाद एरिका ने बुजुर्ग के हाथ में पेन पकड़ाने की कोशिश की। वो बार-बार उनसे पेपर पर साइन करने के लिए कह रही थी। सिक्योरिटी कैमरा में रिकॉर्ड हुए वीडियो के मुताबिक, एरिका कहती है, "अंकल आप सुन रहे हैं। आपको पेपर पर साइन करने की जरूरत है। नहीं तो हमें लोन नहीं मिल पाएगा। मैं आपकी जगह साइन नहीं कर सकती।" इस पर एरिका उन्हें बताती है कि उसके अंकल ऐसे ही रहते हैं। वो कुछ बोलते नहीं हैं। एरिका बुजुर्ग की तरफ देखकर कहती है, "अगर आपकी तबियत ठीक नहीं है, तो आपको वापस अस्पताल जाना होगा।" महिला की तमाम कोशिशों के बावजूद बैंक कर्मियों का शक दूर नहीं होता है। इसके बाद वे पुलिस को सूचना देते हैं। मामले की जांच के बाद बुधवार को पुलिस ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर एरिका को गिरफ्तार कर लिया। शव को मुर्दाघर भेजा गया है। पुलिस चीफ फैबियो लुइज-सूजा ने ब्रिटिश अखबार द गार्जियन को बताया कि फोरेंसिक की रिपोर्ट के मुताबिक, बुजुर्ग की कई घंटों पहले ही मौत हो चुकी थी। एरिका यह बात पहले से जानती थी।



### अमेरिका ने UNSC में बदलाव का समर्थन किया

**वॉशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में भारत की परमानेंट सीट को लेकर एलन मस्क के बयान पर अमेरिका की प्रतिक्रिया सामने आई है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वेदांत पटेल ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा, "अमेरिका UNSC समेत संयुक्त राष्ट्र के दूसरे संस्थानों में सुधार का समर्थन करता है। इन संस्थानों में कुछ बदलावों की जरूरत हैं।" वेदांत पटेल ने आगे कहा, "राष्ट्रपति ने UN की बैठक में भी इस बारे में बात की है। हम UNSC में सुधारों का समर्थन करते हैं, ताकि यह 21वीं सदी के लायक हो सके। हम किसी एक सुधार का फिलहाल जिक्र नहीं कर रहे हैं। लेकिन यह तय है कि UNSC में बदलाव की जरूरत है।" टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने जनवरी में भारत को UNSC में स्थायी सदस्यता न देने को बेतुका बताया था। मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था , "कुछ चीजों पर UN में संशोधन की जरूरत है। लेकिन कुछ देश अपनी शक्ति को नहीं छोड़ना चाहते हैं। दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाले देश भारत के पास UNSC में परमानेंट सीट न होना बेतुका है। अफ्रीका को भी सामूहिक रूप से एक स्थायी सीट मिलनी चाहिए।" मस्क ने यह टिप्पणी संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस द्वारा UNSC के स्थायी देशों में किसी भी अफ्रीकी देश की मौजूदगी न होने पर चिंता जताने के बाद आई थी। भारत लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता की मांग कर रहा है। भारत स्थायी सीट के जरिए विकासशील देशों का प्रतिनिधित्व करना चाहता है। अब अमेरिका के समर्थन के बाद देश की मांग को और गति मिली है। भारत लगातार देशों से UNSC में स्थायी सदस्यता के लिए समर्थन जुटा रहा है। इससे पहले जनवरी में, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए बढ़ते वैश्विक समर्थन पर जोर दिया था। मार्च में UN में भारत की परमानेंट प्रतिनिधि रुचिरा कम्बोज ने कहा था कि सुरक्षा परिषद में सुधारों पर चर्चा 1990 के दशक में शुरू हुई थी। दुनिया और हमारी आने वाली पीढ़ियों को अब और कितना इंतजार करना होगा? हम और इंतजार नहीं कर सकते। रुचिरा कम्बोज ने सुझाव दिया था कि अगले साल UN की 80वीं सालगिरह है और सितंबर में एक अहम शिखर सम्मेलन होने वाला है। ऐसे मौकों पर इन जरूरी सुधारों को पेश किया जाना चाहिए।




# इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटा, 24 घंटे में 5 विस्फोट

## सुनामी का अलर्ट, 11 हजार लोगों को रेस्क्यू किया गया, एयरपोर्ट बंद

**एजेंसी, जकार्ता।**

इंडोनेशिया के माउंट रुआंग पर बुधवार से लगातार ज्वालामुखी विस्फोट हो रहे हैं। यहां 24 घंटे में 5 बार वोल्कैनो फटा है। खतरे को देखते हुए रुआंग के आसपास के क्षेत्र में रह रहे 11 हजार लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजा जा चुका है। डिजास्टर मैनेजमेंट के अधिकारियों ने अगले 24 घंटे तक एयरपोर्ट बंद रखने का आदेश दिया है। ज्वालामुखी से बह रहे लावा और राख की वजह से सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। अलजजीरा के मुताबिक, माउंट रुआंग पर पहला विस्फोट मंगलवार (16 अप्रैल) रात 9:45 मिनट पर हुआ। इसकी वजह से हजारों फीट ऊंचा लावा उठा और राख फैल गई है। इससे पहले 1871 में इंडोनेशिया में अब तक का सबसे बड़ा ज्वालामुखी विस्फोट हुआ था।

**2 भूकंप की वजह से ज्वालामुखी फटा:** इंडोनेशिया में आपदा केंद्र अलर्ट मोड पर है। डिजास्टर मैनेजमेंट के अधिकारियों का कहना है कि माउंट रुआंग के पास हाल ही में 2 भूकंप आए थे। इसकी वजह से टेक्टोनिक प्लेट्स अस्थिर हो गईं, जो ज्वालामुखी फटने का कारण बनीं। अधिकारियों ने बताया कि लोगों को रेस्क्यू करने के लिए 20 बचावकर्मियों को तैनात किया गया है। अलजजीरा के मुताबिक, इंडोनेशिया की वोल्कैनो



एजेंसी ने खतरे को देखते हुए लेवल 4 की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा ज्वालामुखी के पास के 6 किमी क्षेत्र को एक्सक्लूजिव जोन घोषित किया गया है।

**इंडोनेशिया में 120 एक्टिव वोल्कैनो:** इंडोनेशिया के जियोलॉजिकल एजेंसी के अध्यक्ष ने बताया, "रुआंग ज्वाल्मुखी फटने के बाद आसमान में 2 किमी की ऊंचाई तक राख का गुबार उठा। दूसरे विस्फोट के बाद यह ऊंचाई 2.5 किमी हो गई।" अलजजीरा के मुताबिक, इंडोनेशिया 'रिंग ऑफ फायर' के क्षेत्र में आता है। यहां पैसेफिक महासागर के करीब हॉर्स-शू के शेप की टेक्टॉनिक फॉल्ट लाइन्स हैं। देश में 120 एक्टिव वोल्कैनो मौजूद हैं। इसके अलावा एयरपोर्ट अथॉरिटी ने रतुलंगी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सारी उड़ाने रद्द कर दी है। इस हवाई अड्डे से चीन, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया को जाने वाली फ्लाइट प्रभावित हुई हैं। ज्वालामुखी का असर पड़ोसी देश मलेशिया में भी दिख रहा है। मलेशिया के किनाबालु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई उड़ाने लेट हो रही है।

**2018 में ज्वालामुखी से आई थी सुनामी:** इससे पहले पिछले साल दिसंबर में इंडोनेशिया के मारापी ज्वालामुखी में विस्फोट हुआ था। इस दौरान 11 पर्वतारोहियों की मौत हो गई थी। 2,891 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित ज्वालामुखी ने लगभग 3 किलोमीटर की ऊंचाई तक राख फेंकी थी। साल 2018 में, इंडोनेशिया के क्राकाटाऊ ज्वालामुखी के विस्फोट के कारण पहाड़ के कुछ हिस्से समुद्र में गिरने के बाद सुमात्रा और जावा के तटों पर सुनामी आई थी, जिसमें 430 लोग मारे गए थे।

**ज्वालामुखी क्या होता है?:** ज्वालामुखी धरती की सतह पर मौजूद प्राकृतिक दरारें होती हैं। इनसे होकर धरती के आंतरिक भाग से पिघला हुआ पदार्थ जैसे मैग्मा, लावा, राख आदि विस्फोट के साथ बाहर निकलते हैं। ज्वालामुखी पृथ्वी पर मौजूद 7 टेक्टोनिक प्लेट्स और 28 सब टेक्टोनिक प्लेट्स के आपस में टकराने के कारण बनते हैं। दुनिया का सबसे एक्टिव ज्वालामुखी माउंट एटना इटली में है।

# दुबई में बारिश, 75 साल का रिकॉर्ड टूटा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

पाकिस्तान, अफगानिस्तान और कई खाड़ी देशों में पिछले 4 दिनों से हो रही बारिश के कारण हालात खराब हो गए हैं। UAE में बारिश ने 75 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। दुबई में बाढ़ जैसे हालात देखते हुए वहां मौजूद भारत के वाणिज्य दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। वहीं पाकिस्तान और अफगानिस्तान में बारिश की वजह आई बाढ़ में अब तक 135 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 70 लोग अफगानिस्तान में तो वहीं 65 ने पाकिस्तान में दम तोड़ दिया। ओमान में भी बाढ़ के चलते 20 लोगों की मौत हुई है। इससे पहले बुधवार को दुबई में खराब मौसम के कारण भारत आने वाली 28 उड़ाने को रद्द कर दिया गया था। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में इमरजेंसी लगानी पड़ी थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में दुबई में करीब 15.2 सेमी बारिश हुई है। वहीं मंगलवार को यहां 10 इंच से ज्यादा बारिश हुई थी। BBC न्यूज के मुताबिक, बुधवार को दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आने-जाने वाली 300 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने लोगों को वहां न आने की सलाह दी है। दूसरी तरफ, ओमान में बारिश की वजह से 1400 लोगों को शेल्टर में भेजा गया है। स्कूल और सरकारी ऑफिस को बंद कर दिया गया है।



**भारतीय दूतावास का हेल्पलाइन नंबर जारी, PAK और अफगानिस्तान में 135 लोगों की मौत**

**22 अप्रैल तक तेज बारिश का अलर्ट:** पाकिस्तान डिजास्टर मैनेजमेंट अथोरिटी (PDMA) ने बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा के चित्राल, दार, स्वात, अबोटाबाद लोगों को घर से न निकलने की एडवाइजरी जारी की है। पाकिस्तान के मौसम विभाग ने 22 अप्रैल तक पूरे देश में भारी बारिश, ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने भारी बारिश का कारण क्लाइमेंट चेंज बताया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों को राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। आवाजाही के लिए सड़कों को सुधारा जा रहा है।

# 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग कल

**♦ 2019 में भाजपा 40, DMK 24, कांग्रेस 15 और अन्य ने 23 सीटें जीती थीं**



**एजेंसी, नई दिल्ली।**


2024 लोकसभा चुनाव के फर्स्ट फेज में शुक्रवार यानी 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग होगी। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा ने 40, DMK ने 24, कांग्रेस ने 15 सीटें जीती थीं। अन्य को 23 सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के पहले फेज में कुल 1,625 कैंडिडेट्स मैदान में हैं, जिनमें 1,491 पुरुष और 134 महिला उम्मीदवार हैं। इनमें महिलाएं केवल 8% हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (ADR) ने 1,618 उम्मीदवारों के हलफनामे में दी गई जानकारी पर एक रिपोर्ट तैयार की। इनमें से 16% यानी 252 उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। वहीं, 450 यानी 28% उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। 10 ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है, जबकि तीन के पास 300 से 500 रुपए की संपत्ति है। ADR की रिपोर्ट के मुताबिक, 10% यानी 161 कैंडिडेट ऐसे हैं जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। 7 उम्मीदवारों पर हत्या और 19 पर हत्या की कोशिश के मामले हैं। 18 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। इनमें से एक पर रेप का मामला भी दर्ज है। वहीं, 35 कैंडिडेट्स पर हेट स्पीच से जुड़े मामले दर्ज हैं। ADR ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि इलेक्शन के पहले फेज में 1618 उम्मीदवारों में से 450 यानी 28 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है।

# यूक्रेन बोला- जंग हारे तो तीसरा विश्व युद्ध होगा

**♦ दुनिया का सिक्योरिटी सिस्टम तबाह हो जाएगा, रूस के मिसाइल हमले में 17 की मौत**

**एजेंसी, यूक्रेन।**

यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस शमिहाल ने कहा है कि अगर यूक्रेन रूस से जंग हारता है, तो दुनिया में विश्व युद्ध हो जाएगा। BBC से बात करते हुए यूक्रेनी प्रधानमंत्री ने अमेरिकी कांग्रेस से आर्थिक मदद से जुड़ा बिल पास करने का आग्रह किया है। PM शमिहाल ने कहा, "हमें युद्ध लड़ने के लिए आज आर्थिक मदद की जरूरत है, कल या परसो नहीं। अगर हम मिलकर यूक्रेन की सुरक्षा नहीं करेंगे तो यूक्रेन हार जाएगा। इससे दुनिया की सुरक्षा से जुड़ा ढांचा तबाह हो जाएगा। कई जगहों पर युद्ध छिड़ जाएंगे और तीसरे विश्व युद्ध होने की नौबत आ जाएगी।" दरअसल, अमेरिका में शनिवार (20 अप्रैल) को यूक्रेन के लिए आर्थिक मदद से जुड़े बिल पर वोटिंग होने वाली है। इसमें यूक्रेन को 5.09 लाख करोड़ रुपए की आर्थिक मदद देने की बात है। बिल के प्रपोजल में यूक्रेन के अलावा इजराइल और इंडो-पैसेफिक देशों का भी नाम है। हालांकि कुछ अमेरिकी सांसद यूक्रेन



को भेजी जाने वाली आर्थिक मदद का विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि इस पैसे का इस्तेमाल अमेरिका-मेक्सिको बॉर्डर मजबूत करने के लिए किया जाना चाहिए। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि वे कांग्रेस से बिल पास होने के तुरंत बाद इसे साइन कर देंगे, जिससे दुनिया में यह मैसेज जाए कि अमेरिका अपने दोस्तों के साथ हमेशा खड़ा रहता है।

**रूस ने हमले में 61 लोग घायल:** वहीं बुधवार (17 अप्रैल) को रूस ने यूक्रेनी शहर चर्निहीव पर तीन मिसाइलों से हमला किया। इसमें 17 लोगों की मौत हुई है, वहीं 61 लोग घायल हुए हैं। बचाव टीम इमारतों के मलबों में लोगों की तलाश कर रही है। चर्निहीव शहर राजधानी कीव से लगभग 150 किलोमीटर (90 मील) उत्तर में, रूस और बेलारूस की सीमा के पास स्थित है। इसकी आबादी लगभग 2.50 लाख है।

**पहले भी चेतावनी जारी कर चुका है यूक्रेन:** यह पहली बार नहीं है, जब यूक्रेन ने दुनिया को तीसरे वर्ल्ड वॉर की चेतावनी दी है। पिछले साल यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी तीसरे विश्व युद्ध को लेकर धमकी दे चुके हैं। जेलेंस्की ने कहा था कि अगर रूस जीतता है, तो वो पोलैंड पर हमला करेगा, जिससे तीसरे विश्व युद्ध होने के आशंका है। हालांकि रूस ने इस बयान को सिरे से खारिज कर दिया था। रूसी राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन के बाद ईस्टर्न यूरोप पर हमला करने के दावे को बकवास बता चुके हैं।

**तीसरे साल में रूस-यूक्रेन युद्ध:** रूस और यूक्रेन का युद्ध अपने तीसरे साल में पहुंच गया है। यूक्रेन के हथियार और सैनिक दिन पर दिन कम होते जा रहे हैं। US कांग्रेस के स्पीकर माइक जॉनसन ने कहा है कि वे यूक्रेन के इस आर्थिक पैकेज वाले बिल को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। यूक्रेन मुख्य तौर पर हथियारों के लिए अमेरिका पर निर्भर करता है। धीरे धीरे उसके हथियार खत्म हो रहे हैं। ऐसे में अगर अमेरिका यूक्रेन को आर्थिक मदद नहीं देगा तो यूक्रेन युद्ध हार जाएगा। यूक्रेन-रूस जंग में अब तक 50 हजार से ज्यादा रूसी सैनिकों की मौत हुई है। वहीं यूक्रेन ने जंग के दूसरे साल में 27 हजार 300 रूसी सैनिकों को गंवाया है।

# UAE समेत 4 खाड़ी देशों में बाढ़ और बारिश

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

15 अप्रैल की रात को UAE, सऊदी अरब, बहरीन और ओमान में भारी बारिश की शुरुआत हुई। ये देखते ही देखते तूफान में बदलने लगी। हालात ये हो गए कि मंगलवार आते-आते इसकी वजह से इन देशों के दर्जनों शहरों में बाढ़ आ गई है। रेगिस्तान के बीच बसे शहर दुबई के इंटनेशनल एयरपोर्ट पर तो बीते 24 घंटे में 6.26 इंच से ज्यादा बारिश हुई है। मौसम संबंधी जानकारी देने वाली वेबसाइट 'द वेदरमैन डॉट कॉम' के मुताबिक यहां इतनी बारिश दो सालों में होती है। खाड़ी देशों में आई इस बाढ़ की वजह कुछ एक्सपर्ट्स क्लाउड सीडिंग यानी



**रेगिस्तानी इलाकों में 2 साल की बारिश एक दिन में**

आर्टिफिशियल बारिश को बता रहे हैं। एसोसिएट प्रेस ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि दुबई प्रशासन ने सोमवार को क्लाउड सीडिंग के जरिए बारिश कराने के लिए एक विमान उड़ाया था। इसके कुछ देर बाद ही खाड़ी देशों को भारी बारिश और बाढ़ का सामना करना पड़ा है।

# आलिया भट्ट और साक्षी मलिक टाइम के टॉप 100 में

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।**

टाइम मैगजीन ने बुधवार को 2024 के लिए दुनिया के 100 प्रभावशाली हस्तियों की लिस्ट जारी की है। इसमें एक्टर आलिया भट्ट, रेसलर साक्षी मलिक, वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा, माइक्रोसॉफ्ट के CEO सत्य नडेला और एक्टर-डायरेक्टर देव पटेल का नाम शामिल है। लिस्ट में अमेरिका के एनर्जी लोन प्रोग्राम ऑफिस डायरेक्टर जिगर शाह, खगोल विज्ञान और येल विश्वविद्यालय में फिजिक्स की प्रोफेसर प्रियंवदा नटराजन भी शामिल हैं। इनके अलावा भारतीय मूल की रेस्तरां मालकिन अस्मा खान और दिवंगत रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की पत्नी यूलिया नवलनाया को भी जगह दी गई है। भारतीय मूल के अजय बंगा ने पिछले साल 2 जून को वर्ल्ड बैंक अध्यक्ष का पदभार संभाला था। इसके साथ ही वे दो ग्लोबल फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस वर्ल्ड बैंक और इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (IMF) की अध्यक्षता करने वाले पहले अश्वेत व्यक्ति बन गए थे। 3 मई को 63 साल के अजय बंगा को वर्ल्ड बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर्स ने अपने 14वें अध्यक्ष के रूप में चुना था। उनका कार्यकाल 5 साल का रहेगा। बंगा वर्ल्ड बैंक की अध्यक्षता करने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी हैं। वे डेविड मालपास की जगह पर आए हैं, जिन्होंने फरवरी में इस्तीफा देने का फैसला किया था। अजय बंगा का जन्म पुणे में 10 नवंबर 1959 को हुआ था।

# बच्चों को भगवा कपड़े पहनकर आने से रोका



**तेलंगाना के मिशनरी स्कूल के प्रिंसिपल पर केस दर्ज, भीड़ ने स्कूल में तोड़फोड़ की**

**एजेंसी, हैदराबाद।**

तेलंगाना के एक मिशनरी स्कूल के प्रिंसिपल और अन्य अधिकारियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोप है कि इन्होंने भगवा पहनकर स्कूल आए कुछ बच्चों को रोका था। घटना हैदराबाद से 250 किमी दूर मंचेरियल जिले के कन्नेपल्ली गांव का है। स्कूल का नाम ब्लेस्ड मदर टेरेसा स्कूल है। डंडेपल्ली पुलिस के मुताबिक, छात्रों के पेरेंट्स की शिकायत के आधार पर IPC के सेक्शन 153 (A) (धर्म और जाति के आधार पर दो समुदायों के बीच दुश्मनी बढ़ाना) और 295 (A) (धार्मिक भावनाओं को आहत करना) के मामले में केस दर्ज किया गया है।

**पूरा मामलाः** स्कूल प्रबंधन के मुताबिक, मंगलवार को कुछ बच्चे यूनिफॉर्म की जगह भगवा वस्त्र पहनकर आए थे। प्रिंसिपल ने इन बच्चों से भगवा कपड़े पहनकर आने का कारण पूछा। बच्चों ने जवाब दिया कि उन्होंने हनुमान दीक्षा ली है, जिसका उन्हें 21 दिन तक पालन करना है। तब प्रिंसिपल ने उन्हें अपने पेरेंट्स को लाने को कहा। इस वाकये का वीडियो किसी ने सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया, जिसमें दावा किया गया कि प्रिंसिपल बच्चों को स्कूल में भगवा कपड़े पहनकर आने से रोका है। इसके बाद भीड़ ने स्कूल पर हमला किर दिया। भगवा कपड़े पहने कुछ लोगों ने स्कूल की खिड़कियों पर पत्थर फेंके। इसके बाद बच्चों के पेरेंट्स ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रिंसिपल जैमॉन जोसेफ समेत स्कूल के दो स्टाफ मेंबर्स के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति पर काबू पाने की कोशिश की। भीड़ ने स्कूल मैनेजमेंट से माफी मांगने को कहा। इसका फुटेज भी स्कूल प्रबंधन ने मुहैया करवाया है। कुछ रिपोर्ट्स में ये दावा भी किया गया है कि भीड़ ने प्रिंसिपल के साथ मारपीट की और उनके माथे पर जबरदस्ती तिलक भी लगाया।

# ED का आरोप- केजरीवाल जानबूझकर आम, मिठाई खा रहे, ताकि ब्लड शुगर बढ़े और जमानत मिल जाए

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने गुरुवार 18 अप्रैल को बड़ा आरोप लगाया। ED ने राउज एवेन्यू कोर्ट में कहा कि वह तिहाड़ जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं, ताकि इससे उनका शुगर लेवल बढ़ जाए और उन्हें मेडिकल के आधार पर जमानत मिल जाए। ईडी ने कहा कि केजरीवाल को टाइप-2 डायबिटीज है, लेकिन वह जेल में आलू पूड़ी, आम और मीठा खा रहे हैं। केजरीवाल शराब घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में 18 दिन से बंद हैं। कोर्ट ने उन्हें घर का खाना खाने की अनुमति दी है।

**अब समझें ये बात कैसे सामने आई:** दरअसल, केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने ट्रायल कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर केजरीवाल के डॉक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मेडिकल कंसल्टेशन लेने की मांग की थी।



उन्होंने तर्क दिया था कि केजरीवाल टाइप-2 डायबिटीज के मरीज हैं और उनका ब्लड शुगर लेवल ऊपर-नीचे (Fluctuate) होता रहता है। इसके जवाब में ED ने राउज एवेन्यू कोर्ट को बताया कि केजरीवाल तिहाड़ जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं, ताकि इससे उनका शुगर लेवल बढ़ जाए और उन्हें मेडिकल के आधार पर जमानत मिल जाए। केजरीवाल के घर से ऐसा

**दिल्ली सीएम 1 अप्रैल से तिहाड़ में हैं**

ही खाना आ रहा है, जिसमें शुगर और कॉर्ब्स की मात्रा ज्यादा रहती है। ED के वकील जोहेब हुसैन ने स्पेशल जज कावेरी बावेजा के सामने कहा कि केजरीवाल के खानपान से जुड़ी ये जानकारी तब पता चली, जब एजेंसी ने तिहाड़ जेल को लिखकर केजरीवाल के खाने और दवाओं के बारे में जानकारी मांगी। हुसैन ने कहा, 'हमने डाइट चार्ट अदालत के सामने रख दिया गया है। इस चार्ट में आम और मिठाई थीं। केजरीवाल ने खासकर मिठाइयों का सेवन किया था, जिन्हें खाने की किसी भी डायबिटिक को अनुमति नहीं होती। केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने कहा कि ईडी के दावों पर हमें आपत्ति है। जांच एजेंसी सिर्फ मीडिया के लिए ये आरोप लगा रही है। ED के जवाब के बाद केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने कहा कि हम अपनी मौजूदा एप्लीकेशन वापस ले रहे हैं। इसे नए सिरे से दायर करेंगे।

हिन्दी दैनिक राष्ट्रीय मुख्यधारा — अख़बार भी, आन्दोलन भी



### ब्रेंडन मैक्कुलम बने थे शतकवीर, बेंगलुरु टीम को बनाया फिसड्डी

# 16 साल का हुआ आईपीएल...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट जगत के लिए 18 अप्रैल का दिन बेहद खास है. इसी दिन फैन्स को इंडियन प्रीमियर लीग जैसा एक शानदार टूर्नामेंट मिला. आईपीएल का आगाज 2008 में हुआ था. यह पहला सीजन शेन वॉर्न की कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स ने जीता था. (18 अप्रैल) 16 साल का हो गया है. लीग के इतिहास का पहला मैच 2008 में आज ही के दिन बेंगलुरु के एम.

चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया था. यह मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच हुआ था.

### कोलकाता ने आरसीबी को 140 रनों से हराया

उस सीजन में कोलकाता टीम की कप्तानी सौरव गांगुली के हाथों में थी. जबकि आरसीबी की कमान राहुल द्रविड़ संभाल रहे थे. इस पहले ही मुकाबले में आरसीबी टीम फिसड्डी सी नजर आई थी. केकेआर ने इस मैच में 3 विकेट पर 222 रन बनाए थे. जबकि आरसीबी को 15.1 ओवर में 82 रनों पर ही ढेर कर दिया था. इस तरह केकेआर ने यह मैच 140 रनों से जीता था.

पहले ही मैच में केकेआर के ओपनर ब्रेंडन मैक्कुलम ने महज 73 गेंदों में नाबाद 158 रनों की धुआंधार पारी खेली थी. न्यूजीलैंड के धुरंधर मैक्कुलम के बल्ले से 13 छक्के और 10 चौके निकले थे और वह आईपीएल के पहले प्लेयर ऑफ द मैच रहे.

### पहले सीजन में राजस्थान टीम बनी थी चैम्पियन

आईपीएल का पहला सीजन राजस्थान रॉयल्स ने जीता था. ऑस्ट्रेलिया के दिवंगत स्पिनर शेन वॉर्न ने अपनी कप्तानी में राजस्थान टीम को यह खिताब जिताया था. राजस्थान रॉयल्स ने फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स को 3 विकेट से करारी शिकस्त दी थी.



तब भी चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी महेंद्र सिंह धोनी के हाथों में थी. टूर्नामेंट की धमाकेदार शुरुआत ने क्रिकेट फैन्स को इस फॉर्मेट का दीवाना बना दिया. लोगों का रुझान क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट की ओर इस कदर बढ़ा कि यह लोकप्रियता के शीर्ष पर जा पहुंचा. आईपीएल ललित मोदी की सोच थी. ग्लैमर और चकाचौंध के तड़के के बीच इस लीग में इतना पैसा बरसा कि दुनिया देखती ही रह गई.

### आईपीएल जीतने वाली टीमों की लिस्ट

- 1. 2008- राजस्थान रॉयल्स
- 2. 2009- डेक्कन चार्जर्स
- 3. 2010- चेन्नई सुपर किंग्स
- 4. 2011- चेन्नई सुपर किंग्स
- 5. 2012- कोलकाता नाइट राइडर्स
- 6. 2013- मुंबई इंडियंस
- 7. 2014- कोलकाता नाइट राइडर्स
- 8. 2015- मुंबई इंडियंस
- 9. 2016- सनराइजर्स हैदराबाद
- 10. 2017- मुंबई इंडियंस
- 11. 2018- चेन्नई सुपर किंग्स
- 12. 2019- मुंबई इंडियंस
- 13. 2020- मुंबई इंडियंस
- 14. 2021- चेन्नई सुपर किंग्स
- 15. 2022- गुजरात टाइटन्स
- 16. 2023- चेन्नई सुपर किंग्स

### आईपीएल में सफलता के साथ-साथ विवाद भी...

हर खेल इस आईपीएल के मॉडल को अपनाने की कोशिश में लग गया. 2008 से 2010 तक पहले तीन सीजन तक ललित मोदी आईपीएल के चेयरमैन और कमिश्नर रहे. आईपीएल 2010 फाइनल के बाद उन्हें बीसीसीआई से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया. ललित मोदी पर पैसे की हेराफेरी सहित कई आरोप लगे थे.

आईपीएल के मुकाबले तो हिट होते चले गए, लेकिन दूसरी तरफ कई विवादों में भी यह लीग घिरी रही. सबसे बड़ा विवाद 2013 में सामने आया, जब राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ियों पर स्पॉट फिक्सिंग का आरोप लगाया गया था. और उस समय बीसीसीआई के अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के दामाद को अवैध सट्टेबाजी में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था.




### चामरी अट्टापट्टू ने बनाया महिला क्रिकेट का तीसरा सर्वश्रेष्ठ निजी स्कोर

महिला वनडे मैच में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज

| बल्लेबाज | रन | देश |
|---|---|---|
| अमेलिया केर | 232* | न्यूजीलैंड |
| बेलिंडा क्लार्क | 229* | ऑस्ट्रेलिया |
| चामरी अट्टापट्टू | 195* | श्रीलंका |
| दीप्ति शर्मा | 188 | भारत |
| लौरा वोलवार्ट | 184* | दक्षिण अफ्रीका |

**विमेन क्रिकेट**

# चामरी अट्टापट्टू ने बेहतरीन पारी, श्रीलंका को दिलाई ऐतिहासिक जीत

**पोचेफस्ट्रूम, एजेंसी।** श्रीलंका की महिला टीम की कप्तान चामरी अट्टापट्टू ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए तीसरे वनडे मुकाबले में 195 रनों की रिकॉर्ड पारी खेल टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी। चामरी की इस रिकॉर्ड पारी की मदद से श्रीलंका ने महिला वनडे इतिहास का सबसे सफल रन रेज किया। चामरी की पारी के दम पर श्रीलंका ने दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज 1-1 से बराबर की।

### महिला वनडे में 300 से ज्यादा का लक्ष्य चेज करने वाली पहली टीम बनी श्रीलंका

श्रीलंका की टीम महिला वनडे क्रिकेट के इतिहास में 300 से अधिक रन का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल करने वाली पहली टीम बन गई है। उसने इस दौरान ऑस्ट्रेलिया का 12 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा जिसने 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 289 रनों का लक्ष्य प्राप्त किया था।

इससे पहले महिला वनडे क्रिकेट में सबसे सफल लक्ष्य प्राप्त का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम ही था। इसके अलावा चेज करते हुए श्रीलंका का चार विकेट पर 305 रनों का स्कोर संयुक्त रूप में महिला क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले 2017 विश्व कप के दौरान इंग्लैंड द्वारा दिए गए 374 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने नौ विकेट पर 305 रन बनाए थे।

### वोलवार्ट की पारी से दक्षिण अफ्रीका ने दिया था मजबूत लक्ष्य

इससे पहले, श्रीलंका की कप्तान चामरी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया, लेकिन दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोलवार्ट ने 147 गेंदों पर 23 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 184 रनों की पारी खेली। महिला वनडे क्रिकेट इतिहास में यह किसी खिलाड़ी का पांचवां निजी सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। दक्षिण अफ्रीका ने वोलवार्ट की पारी के दम पर 50 ओवर में पांच विकेट पर 301 रन बनाए। हालांकि, चामरी की पारी वोलवार्ट पर भारी पड़ गई। चामरी ने 139 गेंदों की अपनी पारी में 26 चौके और पांच छक्के जड़े और उनकी कप्तानी पारी के दम पर ही श्रीलंका ने 44.3 ओवर में ही चार विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

### चेज करते हुए दूसरा सर्वश्रेष्ठ निजी स्कोर

श्रीलंका कप्तान चामरी के नाम एक और रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। वह पुरुष और महिला वनडे क्रिकेट इतिहास में चेज करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2011 में 185* रनों की पारी खेली थी।

उनसे आगे सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल हैं जिन्होंने पिछले साल वनडे विश्व कप के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ चेज करते हुए नाबाद 201 रन बनाए थे। चामरी महिला क्रिकेट में लक्ष्य का पीछा करते हुए सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं, उन्होंने इस मामले में मेग लैनिंग को पीछा छोड़ा जिन्होंने नाबाद 152 रन बनाए थे।

### पहली बार दोनों कप्तानों के बल्ले से निकले 175+ रन

यह पहला मौका है जब वनडे क्रिकेट में एक ही मैच में दोनों टीमों के कप्तानों के बल्ले से 175 से ज्यादा रन निकले हैं। इस मैच में वोलवार्ट ने नाबाद 184 रन और अट्टापट्टू ने नाबाद 195 रनों की पारी खेली। दोनों खिलाड़ियों ने मिलाकर कुल 379 रन बनाए जो वनडे क्रिकेट में कप्तानों द्वारा सर्वाधिक कुल स्कोर है। इस मामले में चामरी और वोलवार्ट ने विराट कोहली और एंजेलो मैथ्यूज को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2014 में मिलकर 278 रन बनाए थे। उस मैच में विराट कोहली ने नाबाद 139 रन बनाए थे, जबकि मैथ्यूज के बल्ले से भी इतने ही रन निकले थे।

### एबी डिविलियर्स ने बताई दिक्कत

# शिवम दुबे वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने के हकदार, लेकिन...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स भी शिवम दुबे को टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में मौका देने की वकालत कर रहे हैं. यह युवा बल्लेबाज इस सीजन आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अहम रोल अदा कर रहा है. यह लेफ्टहैंड बल्लेबाज इस टीम के लिए अब तक खेले 6 मैचों में ही कई अहम पारियां खेल चुका है और वह खुलकर अपना खेल खेल रहे हैं. उन्हें इस बार मिडल ऑर्डर पॉजिशन पर बैटिंग का




मौका मिल रहा है और वह पारी को संभालने से लेकर मैच फिनिशर तक का रोल निभा रहे हैं. इस युवा बल्लेबाज ने इस सीजन अब तक 6 मैचों में 242 रन बनाए हैं और वह 163.51 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे हैं. उनके इस खेल की तारीफ साउथ अफ्रीका और ऋष्क्रके पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी की है. उन्होंने कहा कि यह युवा खिलाड़ी टी20 वर्ल्ड कप टीम में अपनी जगह बनाने के लिए मजबूती से अपना दावा पेश कर रहा है.

# गुजरात के खिलाफ मैच के दौरान कुलदीप ने खोया आपा, साथी खिलाड़ी पर चिल्लाए



**अहमदाबाद , एजेंसी।** इस मैच में दिल्ली के गेंदबाजों ने घातक प्रदर्शन किया और 89 रन के स्कोर पर गुजरात को ऑलआउट कर दिया। इसके जवाब में दिल्ली ने 67 गेंदों के शेष रहते हुए छह विकेट से लक्ष्य हासिल कर लिया। गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए लो स्कोरिंग मैच में दिल्ली ने जीत दर्ज की। दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को छह विकेट से करारी शिकस्त देकर अंक तालिका में छठा स्थान हासिल कर लिया।

वहीं, गुजरात की टीम सातवें स्थान पर पहुंच गई है। मैच के दौरान हालांकि दिल्ली के चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव अपना आपा खो बैठे और साथी खिलाड़ी मुकेश कुमार पर चिल्लाते नजर आए। हालांकि टीम के कप्तान ऋषभ पंत इस दौरान कुलदीप को शांत कराते नजर आए। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### दिल्ली के गेंदबाजों ने किया शानदार प्रदर्शन

इस मैच में दिल्ली के गेंदबाजों ने घातक प्रदर्शन किया और 89 रन के स्कोर पर गुजरात को ऑलआउट कर दिया। इसके जवाब में दिल्ली ने 67 गेंदों के शेष रहते हुए छह विकेट से लक्ष्य हासिल कर लिया। गुजरात के बल्लेबाज दिल्ली के खिलाफ संघर्ष करते नजर आए और नंबर आठ पर उतरे राशिद खान के अलावा कोई भी बल्लेबाज 15 रन का आंकड़ा भी नहीं छूपाया।

## व्यापार

# गूगल ने फिर चलाई छंटनी की तलवार

### कॉस्ट कटिंग के बीच कुछ कर्मचारी भारत समेत इन देशों में भेजे जाएंगे

**कैलिफोर्निया एजेंसी।** बड़ी-बड़ी आईटी कंपनियां इन दिनों संभावित मंदी से जूझ रही हैं। लागत में कमी करने के लिए ये कंपनियां कर्मचारियों पर छंटनी की तलवार चला रही हैं। इस बीच गूगल से भी ऐसी ही खबर सामने आई है। एक बार फिर अल्फाबेट के स्वामित्व वाली गूगल अपने कर्मचारियों को कंपनी से बाहर का रास्ता दिखा रही है। गूगल ने बड़े स्तर पर कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है।

### इसलिए हो रही छंटनी

कंपनी के एक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि कॉस्ट कटिंग यानी लागत में कमी लाने के लिए कर्मचारियों की संख्या में कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा कि छंटनी पूरी कंपनी में नहीं की जा रही है। इसलिए इससे प्रभावित कर्मचारी अन्य किसी भूमिका के लिए आवेदन कर सकेंगे। हालांकि, प्रवक्ता ने छंटनी से प्रभावित होने वाले कर्मचारियों की संख्या और इसमें शामिल टीमों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

### इन देशों में भेजे जाएंगे कर्मचारी

छंटनी से प्रभावित कुछ लोगों को कंपनी भारत, शिकागो, अटलांटा और डबलिन समेत उन जगहों पर भेजेगी, जहां वह निवेश कर रही है। गौरतलब है, इस साल टेक और मीडिया जगत में कई नौकरियों में कटौती के बाद गूगल में भी यह छंटनी हो रही है, जिससे यह आशंका बढ़ गई है कि छंटनी जारी रह सकती है। साफ है कि कंपनियां आर्थिक अनिश्चितता से जूझ रही हैं।

# गजब का म्यूचुल फंड: 10,000 के एसआईपी को बना दिया 78.32 लाख, निवेशक गदगद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार हो या म्यूचुअल फंड में निवेश लंबी अवधि में हमेशा मुनाफा देता है। ज्यादातर समय देखा गया है कि म्यूचुअल फंड में लंबी अवधि के लिए निवेश फायदेमंद रहा है। आज हम आपको एक ऐसे ही फंड के बारे में बता रहे हैं जिसने अपने निवेशकों को मोटा रिटर्न दिया है। यह आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फंड है। बता दें कि अगर किसी निवेशक ने आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल के ब्लू चिप फंड में इसके शुरुआत यानी मई 2008 में एक लाख रुपये का निवेश किया होता तो मार्च 2024 तक यह बढ़कर 9.6 लाख रुपये हो गया होता। इस हिसाब से उसने निवेशकों को 9 गुना से अधिक का रिटर्न दिया है। इस फंड ने 2009 से अब तक सालाना 15.33 प्रतिशत चक्रवृद्धि दर से रिटर्न दिया है। बता दें कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फंड का एसआईपी रिटर्न भी शानदार रहा है। अगर किसी निवेशक ने इस फंड में 16 साल में 10,000 रुपये मंथली का एसआईपी किया होता। यानी करीबन 19 लाख रुपये का एसआईपी निवेश आज की तारीख में 78.32 लाख रुपये हो गया होता। इस दौरान इसका 16.15 प्रतिशत का रिटर्न रहा है। वहीं, बेंचमार्क में इसी निवेश पर केवल 14.30 प्रतिशत का रिटर्न मिला है। बता दें कि सालभर में इस फंड ने 42.23 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

# अबुजा सीमेंट में अदाणी परिवार का निवेश बढ़कर 20 हजार करोड़ हुआ

### हिस्सेदारी 70.3 प्रतिशत पर पहुंची




**नईदिल्ली, एजेंसी।** अदाणी समूह की सीमेंट बनाने वाली कंपनी अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड ने अपने भविष्य से संबंधित बड़ा एलान किया है। कंपनी ने बताया है कि अदाणी परिवार ने कंपनी में अतिरिक्त 8,339 करोड़ रुपये के निवेश के साथ वारंट प्रोग्राम को पूरी तरह सब्सक्राइब कर लिया है। इससे कंपनी में अदाणी परिवार का कुल निवेश बढ़ककर 20,000 करोड़ हो गया है।

ताजा निवेश से अदाणी परिवार की अंबूजा सीमेंट्स में हिस्सेदारी बढ़कर 70.3 प्रतिशत हो गई। इससे पहले अदाणी परिवार ने शेयरों की हिस्सेदारी के बदले अंबुजा सीमेंट्स में 18 अक्तूबर 2022 को 5,000 करोड़ रुपये और 28 मार्च 2024 को 6,661 करोड़ रुपये का निवेश किया था।

कंपनी ने बताया है कि अंबूजा सीमेंट्स में अदाणी परिवार की ओर से किया गया यह हालिया निवेश 2028 तक कंपनी की सालाना उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 140 मिलियन डॉलर करने में अहम साबित होगा। अंबुजा सीमेंट्स के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अजय ने कहा कि अदाणी परिवार की ओर से किए गए निवेश पर कहा कि इसकी घोषणा करते हुए हम रोमांचित महसूस कर रहे हैं।

# फ्लिपकार्ट, बिगबास्केट ने ऐसा क्या कर दिया कि चुनाव आयुक्त के पास पहुंची शिकायत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट और टाटा समूह की इकाई बिगबास्केट के खिलाफ तमिलनाडु राज्य चुनाव आयुक्त बी कोठी निर्मलसामी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई है। इन कंपनियों ने मतदान के दिन यानी 19 अप्रैल को भी राज्य में डिलीवरी करने वाले कर्मचारियों के जरिये सामान की डिलीवरी करने की बात कही है। जबकि उस दिन मतदान होने की वजह से सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।बुधवार को तमिलनाडु राज्य चुनाव आयुक्त बी कोठी निर्मलसामी के समक्ष दायर शिकायत में चेन्नई हाईकोर्ट के वकील के नरसिम्हन ने कहा है कि राज्य सरकार की ओर से चुनाव के दिन 19 अप्रैल को छुट्टी होने की घोषणा के बावजूद फ्लिपकार्ट और बिगबास्केट ऑर्डर की गारंटीकृत डिलीवरी का वादा कर रही हैं। नरसिम्हन ने कहा कि सरकारी आदेश के अनुसार चुनावी प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए 19 अप्रैल को 'नेगोशिएबल इंस्ट्रयूमेन्ट एक्ट 1881' की धारा 25 के तहत आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।




उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के श्रम कल्याण और कौशल विकास विभाग ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए दुकानों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और आईटी कंपनियों में काम करने वाले सभी कर्मचारियों के लिए 19 अप्रैल को सवैतनिक अवकाश अनिवार्य कर दिया है। शिकायत में कहा गया है, 'निर्देश के बावजूद यह हमारे संज्ञान में आया है कि फ्लिपकार्ट और बिग बास्केट जैसे ऑनलाइन डिलीवरी मंच 19 अप्रैल को डिलीवरी सेवाओं की गारंटी दे रही हैं। यह डिलीवरी कर्मियों के अधिकारों के उल्लंघन के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा करता है, खासकर उन लोगों के अधिकारों के उल्लंघन के बारे में जो इन मंचों के परिचालन के अभिन्न अंग हैं।' शिकायतकर्ता ने मतदान के दिन गारंटीकृत डिलीवरी के ई-कॉमर्स के दावों की जांच करने और सभी श्रमिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बनाए रखने के लिए उचित कदम उठाने की अपील की है, चाहे उनका मूल राज्य कुछ भी हो।



बढ़ती उम्र के साथ आकर्षक दिखने के लिए स्त्रियां कास्मेटोलाजिस्टों की मदद ले सकती हैं। यदि शरीर पर अनचाहे बाल हैं तो लेजर थेरेपी से उनसे छुटकारा पाया जा सकता है। त्वचा की झुर्रियों को दूर किया जा सकता है। ब्यूटी पार्लरों में ब्यूटी ट्रीटमेंट अब आसान हो गया है।

# ब्यूटी ट्रीटमेंट से बनें आकर्षक

**शरीर** को कास्मेटिक या प्लास्टिक सर्जरी से छरहरा और आकर्षक बनाया जा सकता है। माथे की झुर्रियों व चेहरे की लकीरें 20-30 हजार रुपए में ठीक हो सकती हैं। 20 से 25 हजार रुपए में कानों की रीशेपिंग हो सकती है। 30 से 40 हजार रुपए में नितंबों व जांघों का कसाव पाया जा सकता है। 80 हजार से सवा लाख रुपए में स्तनों का ट्रांसप्लांट हो सकता है। टेढ़े-मेढ़े दांतों को 2 से 7 हजार रुपए खर्च करके परफेक्ट स्माइल में बदला जा सकता है।

फेस लिफ्ट में चेहरे की मांसपेशियों और स्नायुओं को कस कर उनमें रक्त प्रवाह को नियमित करके झुर्रियों को मिटाया जा सकता है। फेस लिफ्ट दो प्रकार के होते हैं। सर्जिकल और नानसर्जिकल। महिलाओं को अकसर यह शिकायत रहती है कि उनके नितंबों पर चरबी इकट्ठी हो गई है। जब व्यायाम करने पर भी कोई फर्क नहीं पड़े तो लाइपोसक्शन के द्वारा शरीर की अतिरिक्त वसा या चरबी को शरीर से अलग कर दिया जाता है। चरबी त्वचा के बिल्कुल नीचे होती है। यह त्वचा और मांसपेशियों के बीच अपनी जगह बना लेती है।

किशोरावस्था में चरबी की कोशिकाएं अपनी अधिकतम संख्या तक पहुंच चुकी होती हैं। एक उम्र के बाद शरीर का मोटा या पतला होने पर ये कोशिकाएं सिकुड़ती व फैलती हैं। कुछ भागों में कोशिकाओं की इलास्टीसिटी इतनी ज्यादा होती है कि पतले होने पर भी कोशिकाएं सिकुड़ती नहीं हैं और यही कारण है कि अत्यधिक व्यायाम या फिर डाइटिंग के बाद भी पेट, स्तनों, जांघों या नितंबों पर जमी चरबी कम नहीं होती। इस चरबी को लाइपोसक्शन द्वारा शरीर से अलग किया जाता है।

जिस भी भाग की चरबी हटानी हो वहां चीरा लगा कर उसमें पतली खोखली नली डाली जाती है। नली का दूसरा सिरा वैक्यूम से जुड़ा होता है जिसके जरिए अतिरिक्त वसा को चूसने की क्रिया की जाती है। इस क्रिया से पूर्व शरीर में एंजाइम चरबी को पिघला कर ढीला करने में मदद करते हैं और वैक्यूम के दबाव में चरबी फट कर नली द्वारा बाहर आ जाती है। एक बार में 2 लीटर चरबी पिघला कर निकाली जा सकती है। इस क्रिया में किसी प्रकार का रक्तस्राव नहीं होता। डॉक्टरों के मुताबिक त्वचा के खिंचाव व संकुचन पर ही लाइपोसक्शन की सफलता निर्भर करती है।



## कुछ घरेलू सौंदर्य प्रसाधन

- बादाम, गुलाब के फूल, चिरौंजी और पिसा जायफल रात को दूध में भिगो दें। सुबह इसे पीसकर इसका उबटन लगाएँ। इससे चेहरे के दाग-धब्बे मिटते हैं और त्वचा कांतिमय बनती है।
- चंदन, गुलाब जल, पोदीने का रस एवं अंगूर का रस मिलाकर पेस्ट पेस्ट बनाएँ और उसे चेहरे पर लगाएँ। कुछ देर बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें। इस फेस पैक से चेहरे की झुर्रियाँ मिटती हैं।
- धूप में अक्सर हमारी त्वचा झुलस जाती है और काली पड़ जाती है। त्वचा के रंग को पूर्ववत करने के लिए आम के पत्ते, जामुन, दारूहल्दी, गुड़ और हल्दी की बराबर मात्रा मिलाकर उसका पेस्ट बनाकर पूरे शरीर पर लगाएँ। कुछ समय रखने के बाद स्नान कर लें। इस लेप से त्वचा की रंगत निखरती है।
- दो चम्मच सोयाबीन का आटा, एक बड़ा चम्मच दही व शहद मिलाकर पेस्ट बनाएँ तथा इस मिश्रण को कुछ देर चेहरे पर लगाकर चेहरा धो लें। इससे त्वचा में कसावट आती है।
- नीम की पत्तियाँ, गुलाब की पत्तियाँ, गेंदे का फूल सभी को एक कटोरी पानी में उबालें तथा इस रस को चेहरे पर लगाएँ। इससे मुहासे निकलना बंद हो जाते हैं।

## दाम्पत्य जीवन से क्यों गुम हो रहा रोमांस!

**शादी से पहले का प्यार जिन्दगी भर यादगार बना रहता है। खासकर यदि आपकी उसी से शादी हो जाए जिसे आप चाहते हैं तो सचमुच जीवन भर एक सुखद अहसास बना रहता है। लेकिन जो लोग प्रेम विवाह की अपेक्षा घरवालों की मर्जी से विवाह करते हैं यदि वह भी शादी से पहले प्यार करके देखें तो वह भी इस सुखद अहसास की अनुभूति प्राप्त कर सकते हैं।**

**नीतू** की शादी एक चार्टर्ड एकाउंटेंट राहुल से तय हो गई। शादी में अभी पूरे दो महीने बाकी थे। नीतू और राहुल ने जब एक दूसरे को पहली बार जब सगाई के वक्त देखा तभी दोनों ने एक दूसरे को पसंद कर लिया था। बस अब क्या था उन दोनों को ही शादी के लिए बाकी पड़ा दो महीने का वक्त बहुत लंबा नजर आने लगा। इधर राहुल परेशान तो उधर नीतू की नींदें गायब। आखिरकार दोनों ने अपने-अपने मित्रों की राय ली और शादी के लिए बाकी दो महीनों का वक्त एक दूसरे को जानने-समझने और प्यार भरी बातों में कैसे गुजर गया, इसका आभास दोनों को ही नहीं हुआ। जब आपकी शादी तय हो जाए तो आप भी नीचे दिए हुए नुस्खे अपनाइये, फिर देखिये किस प्रकार आपके दिन हसीन हो जाते हैं। इन दिनों की यादें आपको जीवन भर तो रहेंगी ही साथ ही आप इन दिनों के बारे में दूसरों को बताने से भी नहीं चूकेंगे-

- चूंकि आपकी शादी तय हो चुकी है इसलिए आप दोनों के वार्तालाप में अब कोई बाधा नहीं। एक दूसरे का फोन नंबर लीजिए और सुबह-शाम नियमित रूप से एक दूसरे का हाल जानें और कहें कि तुम्हारे बिना कुछ भी अच्छा नहीं लग रहा है। संभव हो तो फोन करने का समय भी निर्धारित कर लें। इससे आपके साथी को दिन भर आपके फोन के आने के समय का इंतजार रहेगा।
- यदि आप दोनों कहीं कार्यरत हैं तो आफिस से छुट्टी के बाद या छुट्टी लेकर कहीं बाहर मिलें या फिर यदि आपकी होने वाली बीवी घरेलू स्त्री है तो उन्हें छुट्टी के दिन कहीं बाहर किसी अच्छे रेस्तरां में डिनर के लिए निमंत्रण दें।
- शादी से पहले के समय में किसी भी उत्सव में लड़कों को तो खासतौर से लड़की के घर जाना ही चाहिए।
- आप दोनों अपने मनपसंद गानों की सीडी एक दूसरे को भेज सकते हैं। चाहें तो इस सीडी में अपने साथी के लिए संदेश भी रिकार्ड कर सकते हैं।
- प्रेम पत्रों का भी आदान-प्रदान यदि इस समय होता रहे तो इससे भी प्यार बढ़ता है। शादी के बाद जब आप इन पत्रों को देखेंगे तो एक सुखद अहसास होगा।
- यदि प्रेम पत्रों को लिखने में बोरियत होती है तो ई-मेल करिये या चैटिंग करिये और एक दूसरे के संदेशों को सेव करके रखिये। शादी के बाद इसे अपने पति को दिखाएंगी तो उन्हें भी लगेगा कि आप उन्हें बहुत प्यार करती हैं।
- आप दोनों एक दूसरे को शापिंग के लिए भी ले जाइये और संभव हो तो अपनी पसंद के कपड़े उन्हें खरीदवाइये।
- कोशिश करें कि आप दोनों की मुलाकात हर सप्ताह तो ही जाया करे जिससे आप दोनों एक दूसरे को निकट से जान सकें और एक दूसरे की जरूरतों को समझ सकने के साथ ही अपने भविष्य की रूपरेखा भी तैयार कर सकें।

आप उक्त बातों को अपनाइये, फिर देखिये किस कदर आपकी जिंदगी में खुशियों की बहार आ जाती है। जब आप प्यार में पड़ जाएंगे तो आपको सारी दुनिया हसीन लगने लगेगी, किसी की खातिर जीने को मन करेगा, आपके व्यवहार में भी नरमी आएगी और आपमें हर पल को खुशगवार बना देने की कूवत भी अ I जाएगी।





## सुंदरता निखारने के लिए जरूरी नहीं महंगे प्रोडक्ट

**अपनी सुंदरता को निखारने के लिए जरूरी नहीं है कि महंगे या ब्रांडेड सौंदर्य प्रसाधनों का ही उपयोग किया जाए। इसके लिए आप घर में ही कुछ चीजों का उपयोग कर अपने सौंदर्य को बढ़ा सकती हैं। आइए जानते हैं इसी बारे में कुछ बातें**

### ब्यूटी फॉरएवर

- नींबू के रस में आंवले का चूर्ण मिलाकर बालों की जड़ों में लगाने से बाल जल्दी बढ़ते हैं।
- रात को आंवले का चूर्ण भिगो दें और सुबह उन्हें मसलकर पानी निकाल लें। इस पानी में एक-दो कागजी नींबू निचोड़ दें। उसी पानी से बाल धो लें।
- पके व सूखे आंवले के चूर्ण को नारियल के तेल में मिलाएं। आप चाहें तो उसमें चमेली का तेल भी डाल सकती हैं। फिर उस तेल से सिर पर मालिश करें।

### प्रोटीन ट्रीटमेंट

- कच्चे दूध में हल्दी की गांठ घिसकर पेस्ट बना लें। गुलाब जल में भीगी चने की दाल को पीसकर इस पेस्ट में मिला लें। इसे एकसार कर चेहरे पर मलें। 8-10 मिनट बाद गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। त्वचा निखर उठेगी।
- आंखों के आसपास काले घेरे हो गए हैं तो दूध में रुई का फाहा डुबोकर आंखों पर रखें।
- फेसवॉश बनाने के लिए बादाम पीसकर उसमें मलाई या ठंडा दूध मिलाकर चेहरे पर लगाएं। पांच मिनट बाद चेहरा धो लें। यह फेसवॉश लगाने के बाद आपकी त्वचा तरोताजा और नर्म-मुलायम बन जाएगी।

### लेमन ग्लो

- 15 दिन में एक बार चेहरे को भाप अवश्य दें। इसके लिए उबलते पानी में धुला साफ पुदीना, तुलसी की पत्ती और एक चम्मच नींबू का रस डालकर उबालें और इस पानी की भाप लें।
- नहाने के पानी में एक नींबू का रस मिलाएं। इससे न सिर्फ ताजगी मिलेगी बल्कि त्वचा भी निखरेगी।
- थोड़े से गर्म पानी में नींबू का रस मिला लें और इस पानी से बालों को फाइनल रिंस करें, बालों में नई चमक आ जाएगी।
- नींबू के रस और शहद को पानी में मिलाकर बालों में



लगाने से रुखापन कम होता है।
- 3 नींबू, 1 ककड़ी, 1 संतरा और 1 चाय का चम्मच गुलाबजल, मिलाकर रख लें और चेहरे पर नियमित लगाएं। इससे ब्लैकहेड्स की समस्या से छुटकारा मिलता है।
- बेसन, नींबू का रस और दही इन सबको समान मात्रा में लेकर बालों में मसाज करें, फिर बालों को धो लें। आखिर में बालों को नींबू के पानी से फाइनल रिंस करें।
- एक अंडे में आधा चाय का चम्मच नींबू का रस मिलाकर चेहरे पर लगाएं। इससे चेहरा खिल उठेगा।
- अगर आपके बाल बहुत ज्यादा ऑयली हैं तो बालों में दही फेंटकर लगाएं। 20 मिनट बाद बाल धो लें। यह बालों की गहराई तक सफाई करता है और बालों में नई जान लाता है।

### हिना ब्यूटी

- एक कप मेंहदी में आंवला, शिकाकाई, रीठा -प्रत्येक एक चाय का चम्मच-, मेथी, नीम, तुलसी (सब पाउडर में लें)। सभी वस्तुएं दही में मिलाएं व आधा नींबू का रस भी मिला लें, पूरे बालों में अच्छी तरह से लगाकर एक घंटे तक रहने दें।
- मेंहदी को रात में दही में भिगोकर सुबह इसमें नींबू का रस मिलाकर फेंट लें। इस मिश्रण को बालों में लेप कर एक घंटे बाद बाल धो लें।
- बेजान व सफेद बालों के लिए मेंहदी में मंडूर पाउडर मिलाकर रात भर भिगोकर दूसरे दिन लगाएं।




# लोकसभा चुनाव के चलते टल गई 'कल्कि' की रिलीज

**प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी इन दिनों लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन जैसे सितारे नजर आएंगे। इन सुपरस्टार्स को एक साथ बड़े पर्दे पर देखने के लिए दर्शक काफी उत्सुक हैं।**

पैन इंडिया सुपरस्टार प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन स्टारर फिल्म कल्कि 2898 एडी को अब 9 मई को रिलीज नहीं किया जाएगा। इसकी रिलीज डेट फिर से टल गई है। 9 मई से बदलकर इस फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। कल्कि इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म का फैंस काफी लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं।

## फिल्म की रिलीज डेट

निर्देशक नाग अश्विन की फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा ऑफिशियल तमिल मूवी के सोशल मीडिया अकाउंट पर की गई है। इसमें फिल्म के पोस्टर के साथ ही इस फिल्म की रिलीज डेट बताई गई है। फिल्म में दीपिका से लेकर प्रभास और अमिताभ बच्चन का लुक पहले से ही सामने आ चुका है। फिल्म की रिलीज डेट को पहले कई कारणों से टाला जा चुका है। पहले इसकी रिलीज डेट को कोरोना जैसी महामारी के दौरान टाल दिया गया था। फिर इसकी रिलीज डेट को लोकसभा चुनावों के कारण टाला गया। लेकिन अब जाकर फिल्म की रिलीज डेट 12 जुलाई 2024 बताई जा रही है। लगता है कि अब जाकर फैंस का इंतजार खत्म हुआ।

## फिल्म कल्कि 2989 एडी

प्रभास की फिल्म को लेकर लोगों के बीच काफी ज्यादा बज बना हुआ है। कुछ समय पहले फिल्म के ओटीटी राइट्स को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म के हिंदी संस्करण के डिजिटल राइट्स 175 करोड़ में बेचे गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म को तमिल, तेलुगु और हिंदी में रिलीज किया जाएगा।



# ये अभिनेत्रियां फिल्मों में निभा चुकी हैं कड़क पुलिस ऑफिसर का रोल

**बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में इन दिनों पुलिस ऑफिस से जुड़ी कई तरह की फिल्में और वेब सीरीज बन रही हैं, जिन्हें दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। लोगों को इन अभिनेत्रियों का राउडी अंदाज बेहद आ रहा है। अभिनेताओं के अलावा कई अभिनेत्रियों ने भी पुलिस ऑफिसर का दमदार रोल निभाया है। चलिए जानते हैं किन-किन अभिनेत्रियों ने स्क्रीन पर पुलिस ऑफिस की भूमिका को बखूबी निभाया है।**

## दीपिका पादुकोण



रोहित शेट्टी निर्देशित फिल्म सिंघम अगेन से जुड़े स्टार्स की झलक इंस्टाग्राम पर कई बार साझा की जा चुकी है। इन सभी को अलग-अलग स्टाइल में दिखाया गया है। फिल्म में रणवीर सिंह एक पुलिस ऑफिसर के रोल में नजर आएंगे। तो वहीं फिल्म में दीपिका, करीना कपूर और अजय देवगन अहम किरदार निभाएंए। हाल ही में फिल्म से जुड़ी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर आई थी, जिनमें फिल्म के कलाकारों की झलकियां साफ देखने को मिली। फिल्म सिंघम अगेन से दीपिका पादुकोण के लुक ने इंटरनेट पर जमकर धूम मचाई। फिल्म में वह पुलिस अधिकारी शक्ति शेट्टी के किरदार में दिखेंगी।

## सोनाक्षी सिन्हा

बॉलीवुड दबंग गर्ल सोनाक्षी सिन्हा फिल्म दहाड़ में एक कड़क पुलिस ऑफिसर का रोल निभा चुकी हैं। इस फिल्म में उनका राउडी लुक दर्शकों को बेहद पसंद आया।

## रानी मुखर्जी

फिल्म मर्दानी में रानी मुखर्जी ने पुलिस ऑफिस के किरदार से सभी का दिल जीत लिया। यह फिल्म लोगों को बहुत पसंद आई। प्रदीप सरकार के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म में एक महिला किरदार को एक्शन से भरपूर सीन करते देख दर्शक भी हैरान रह गए थे। फिल्म में रानी मुखर्जी ने एक सशक्त पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय की भूमिका निभाई थी।


## तब्बू

एक्ट्रेस तब्बू ने 2015 में आई फिल्म दृश्यम में महिला पुलिस ऑफिसर के दमदार रोल को बहुत ही शानदार तारीके से निभाया है। इस फिल्म में उन्होंने एक तरफ मां और दूसरी तरफ एक कड़क पुलिस ऑफिसर का रोल बहुत अच्छे से बैलेंस किया है। फिल्म दृश्यम में तब्बू ने आईजी मीरा देशमुख का रोल निभाकर फैंस का दिल जीत लिया है।

## प्रियंका चोपड़ा



बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक चर्चा में रहने वाली प्रियंका चोपड़ा हर किरदार से लोगों का दिल जीत चुकी हैं। प्रियंका ने भी फिल्मों में राउडी पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाई है। फिल्म डॉन और जय गंगाजल में पुलिस की वर्दी पहनकर दमखम दिखा चुकी हैं प्रियंका चोपड़ा। पुलिस ऑफिस के रोल में प्रियंका को खूब पसंद किया गया है।



# सलमान संग काम करने पर बोले अरबाज

हम साथ रहते हैं, लेकिन एक-दूसरे के बारे में सब नहीं जानते हैं

बॉलीवुड के दबंग अभिनेता सलमान खान अक्सर चर्चा में रहते हैं। सलमान खान के व्यक्तिगत रिश्ते चाहे जैसे भी रहे हो पर वह अपने परिवार को लेकर काफी संवेदनशील नजर आते हैं। अरबाज खान ने अपने भाई सलमान खान के साथ काम करने के बारे में बात की और कहा कि भले ही वे साथ रहते हैं, लेकिन एक-दूसरे की सीमाओं का सम्मान करते हैं। एक नए इंटरव्यू में अरबाज ने कहा कि सलमान उनकी जिंदगी के बारे में सब कुछ नहीं जानते और न ही वह सलमान की जिंदगी के हर पहलू पर नजर रखते हैं। अरबाज ने कहा कि लोगों की धारणा है कि खान परिवार में हर कोई अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में कुछ भी करते समय पूरी तरह से जागरूक होते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। उन्होंने आगे साझा किया, मुझे लगता है कि हममें से ज्यादातर लोग बहुत निजी जीवन जीते हैं। हम सब साथ रहते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है कि सलमान मेरे बारे में सब कुछ जानते हैं या मैं सलमान के बारे में सब कुछ जानता हूं और ये जरूरी नहीं कि हम एक दूसरे के बारे में सब कुछ जानते हों क्योंकि जब आपका अपना भाई हो तब भी उसकी निजी जिंदगी निजी होती है।



# इंडस्ट्री में हुए बदलाव पर बोलीं प्राची देसाई

पिछले 18 साल से प्राची देसाई फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में काम कर रही हैं। वे महज 17 साल की थीं, जब उन्होंने अपना पहला टीवी सीरियल 'कसम से' में काम किया था। अब प्राची अपनी नई फिल्म साइलेंस 2 को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में प्राची ने इंस्पेक्टर संजना भाटिया का किरदार निभाया है। ये फिल्म हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हुई है। वे कहती हैं, 'जब साइलेंस-1 की कहानी सुनी तब पूरा देश लॉकडाउन में बंद था, डायरेक्टर ने भी मुझसे ऑनलाइन बात की थी। मैंने जैसे ही इस फिल्म की कहानी सुनी, मुझमें यह दिलचस्पी बढ़ गई कि फिल्म का क्लाइमेक्स क्या होगा? मैं फिल्म करने के लिए उत्साहित थी। पुलिस ऑफिसर का किरदार मुझे हमेशा से करना था। इसके इतर पहली बार मनोज सर के साथ स्क्रीन शेयर कर रही थी, यह अपने में एक उपलब्धि थी। उनके साथ फिल्म सेट पर बहुत मजा आया।

## फिल्म में एक्शन करते दिखूंगी

साइलेंस-2 में मैं संजना भाटिया का किरदार निभा रही हूं। पहली कहानी चीफ जस्टिस के बारे में है जिनकी बेटी का मर्डर हो जाता है। वह कहते हैं कि मुझे इस गुत्थी को सुलझाने के लिए सिर्फ एसीपी अविनाश चाहिए। और इस तरह से मनोज सर फिल्म में आते हैं। एसीपी अविनाश जैसे ही आते हैं, वह कहते हैं कि मैं काम करने के लिए अपनी टीम को खुद चुनूंगा और इस तरह से वह हमें फिल्म में लेकर आते हैं। हम स्पेशल यूनिट का हिस्सा हैं तो आप मुझे पुलिस यूनिफॉर्म में नहीं देखेंगे। हालांकि, इस बार हम अंडरकवर हैं तो आप हमें ज्यादातर स्पेशल यूनिट के ऑफिस में देखेंगे और ज्यादातर ग्राउंड वर्क करते हुए दिखेंगे। फिल्म में आप मुझे इंटेरोगेशन करते हुए नहीं देखेंगे, लेकिन काम करते हुए देखेंगे और कुछ एक्शन करते हुए भी।

## ओटीटी के आने के बाद बहुत सारे लोगों को मौके मिल रहे हैं

कंटेंट की क्वालिटी के मामले में हमें एक लंबा रास्ता तय करना है। लेकिन मैं बेहद खुश हूं कि सिल्वर स्क्रीन के साथ हमारे पास ओटीटी जैसा प्लेटफॉर्म है। तो यह उन सभी लोगों के लिए अच्छी बात है, जो अपनी कहानियां बताने का इंतजार कर रहे थे। ओटीटी का नेचर इतना अच्छा है कि आप इसे अपने घर पर अपने कंफर्ट में रहकर देखते हैं और इसी वजह से आप जो भी देखते हैं वह काफी एंगेजिंग लगता है। इस वजह से मुझे लगता है कि इस तरह के थ्रिलर और इन्वेस्टिगेटिव ड्रामा अब बहुत सारे बन पा रहे हैं। तो इस तरह से हम ग्रो भी कर रहे हैं। जहां पर बहुत सारे लोगों को मौके मिल रहे हैं। दूसरी तरफ दर्शकों को भी कंटेंट के मामले में बहुत सारी चीजों को देखने का मौका मिल रहा है। मीडियम के रूप में हम बहुत अच्छा कर रहे हैं, लेकिन क्वालिटी के मामले में हमें अभी एक लंबा रास्ता तय करना है।



# रजनीकांत की वेट्टियान में खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे राणा दग्गुबाती

दक्षिण भारत के सुपर सितारे रजनीकांत का 72 साल की उम्र में भी जलवा कम नहीं हुआ है। तमिल फिल्मों की दुनिया में आज भी रजनीकांत से बड़ा दूसरा कोई सितारा नहीं हैं। गत वर्ष प्रदर्शित हुई उनकी फिल्म जेलर ने जिस तरह से कामयाबी पायी वह अन्य सितारों को आश्चर्यचकित कर गई। इस फिल्म ने दुनियाभर से 700 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की। बताया जा रहा है कि रजनीकांत इन दिनों दो फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। इनमें से एक फिल्म जय भीम देने वाले निर्देशक टीजे ज्ञानवेल की वेट्टियान है। इस फिल्म को लेकर तमिल सिनेमा में लगातार बज बना हुआ है। जिसमें सुपरस्टार रजनीकांत धमाकेदार अवतार में नजर आएंगे। इस फिल्म को लेकर चर्चा है कि निर्माताओं ने रजनीकांत की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म के लिए खलनायक की खोज पूरी कर ली है। यह विलेन कोई और नहीं बल्किबाहुबली का भल्लालदेव यानी राणा दग्गुबाती है। हालांकि अभी तक निर्माताओं की ओर से आधिकारिक तौर पर ऐलान नहीं किया गया है। मगर तमिल सिनेमा के गलियारों में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि रजनीकांत की इस फिल्म में राणा दग्गुबाती की एंट्री होने वाली है। फिल्म की कहानी क्रिमिनल एक्टिविटीज की थीम पर बुनी हुई है। जो एजुकेशन सिस्टम को कैसे बर्बाद करता है। इसमें राणा दग्गुबाती का किरदार एक ऐसे विलेन का होगा जो गैजेट्स लवर है और मॉर्डन टेक्नोलॉजी का मिसयूज करता है। फिल्म में रजनीकांत एक बार फिर पुलिस अधिकारी के किरदार में दिखाई देंगे। यह फिल्म इसी साल अक्टूबर 2024 तक सिल्वर स्क्रीन पहुंचने की तैयारी में हैं। इसमें रजनीकांत के साथ अमिताभ बच्चन भी नजर आने वाले हैं। इससे पहले इन दोनों ने अपने समय में आखिरी बार गिरफ्तार में स्क्रीन्स शेयर किया था। गिरफ्तार में कमल हासन ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी। वो फिल्म में अमिताभ के छोटे भाई बने थे। अमूमन एक वक्त पर एक ही फिल्म पर काम करने वाले रजनीकांत नेवेट्टियान के साथ ही निर्देशक लोकेश कनगराज की अगली फिल्म को लेकर भी हाथ मिला लिया है। उनकी अगली फिल्म थलाइवा 171 के टाइटल का खुलासा जल्दी ही होने वाला है। इस फिल्म का मेकर्स एक जबरदस्त फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर चुके हैं।

# सिंघम अगेन में डांस नंबर कर सकती है करीना

भारतीय सिनेमा की चर्चित फ्रेंचाइजी सिंघम की अगली फिल्म सिंघम अगेन आने वाली है। इस फिल्म की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। लंबे ब्रेक के बाद रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की इस अगली फिल्म के साथ आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। साथ ही अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी होंगें। इनके अलावा दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं। इस फिल्म में एक डांस नंबर भी जोड़ा गया है। फिल्म सिंघम अगेन का डांस नंबर करीना कपूर कर रही हैं। खबर है कि अभिनेत्री ने मुंबई में आज इस हॉट डांस नंबर की शूटिंग की है। इस स्पेशल नंबर में वह टाइगर श्रॉफ और अजय देवगन के साथ नजर आएंगी। करीना कपूर इन दिनों फिल्म क्रू के चलते छाई हुई हैं।

